e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 290

**सुविचार**

जिंदगी एक बार मिलती है, बिलकुल गलत है, सिर्फ मौत एक बार मिलती है जिंदगी हर रोज मिलती है!

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
25.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दाखिल किया नामांकन

## विपक्ष के नेता कुछ दिनों के लिए झारखंड आए है, इसके बाद वे ढूंढ़ने से भी नहीं मिलेंगे : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को बरहेट विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया है। हेमंत सोरेन ने समाहरणालय स्थित अपर समाहर्ता कार्यालय में अपर समाहर्ता सह सह निर्वाची पदाधिकारी गौतम कुमार भगत के कक्ष में अपने प्रस्तावक रूप चांद मुर्मू व मंडल मुर्मू के साथ 2 सेट में नामांकन किया। इसके पूर्व हेमंत सोरेन दोपहर एक बजकर 16 मिनट पर बजे सर्किट हाउज पहुंचे। फिर वहां से दोपहर एक बजकर 52 मिनट पर समाहरणालय पहुंचकर आरओ कक्ष में नामांकन किया। दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद हेमंत सोरेन दोपहर दो बजकर 47 मिनट पर बाहर निकले।

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद समाहरणालय के बाहर हेमंत सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पूरे विपक्ष बल्कि पूरे देश के जितने भी इनके तथाकथित पार्टियों के लोग यहां आए हुए हैं। ये कुछ दिनों के लिए यहां आये हैं। उसके बाद फिर इनको ढूढ़ने से भी नहीं मिलेंगे। सभी अपने काम में लगे हैं और हम अपने काम में लगे हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि इनके हजारों नेता यहां आ कर गिरे पड़े हैं। क्या मैं उनके सवालों का जवाब देने का ठेका ले रखा है। इसके बाद हेमंत सोरेन सड़क मार्ग से बोरियो व बरहेट में आयोजित जनसभा के लिए रवाना हो गए।

**2 सेट** में नामांकन किया हेमंत सोरेन ने

**1.52** में आरओ कक्ष पहुंच नामांकन पर्चा भरा सीएम हेमंत ने

**2.47** में नामांकन भर बाहर निकले सीएम



### पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी और रामचंद्र चंद्रवंशी ने भरा नामांकन

झारखंड प्रदेश के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने बुधवार को यहां नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने कहा कि यहां की जनता ने उन्हें जीतने का मन बना लिया है। श्री त्रिपाठी ने सभा में यह भी कहा कि हमने शिवाजी मैदान में जो पांच प्रण लिया हूं, उसे पुरा करके ही रहूंगा। उन्होंने खासमखास, बेरोजगारी,कृषी,महिला स्वावलंबन, सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल आदि विषयों पर बात कही। उन्होंने कहा कि नवयुवकों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि आपको रोजगार उपलब्ध कराउंगा। श्री त्रिपाठी ने कहा कि कोयला, औरंगा व अन्य दर्जनों नदियों नालों जैसे मलय आदि को बांधकर पेयजल की समस्या के किल्लत से निजात दिलाउंगा। ताकि खेतों में हरियाली और घरों में खुशहाली ला सकूं।श्री त्रिपाठी ने यह भी कहा कि एक मल्टी सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल नो रेफर हास्पिटल का निर्माण कराउंगा ताकि रेफर टू रांची की समस्या को दूर कर सकूं। उन्होंने कहा कि आज से 10 बरस पूर्व मैंने डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य करके जो छोड़ा हूं, उसके बाद यहां विकास की गाड़ी आगे बढ़ा ही नहीं है। हर क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। अधिकारी बेललगाम हो गए हैं।इधर विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने दाखिल किया। इस मौके पर उनके साथ कई प्रमुख नेता और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। नामांकन के बाद रामचंद्र चंद्रवंशी जनता से मिलकर अपनी योजनाओं और वादों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि उनका ध्यान क्षेत्र के विकास और युवाओं के रोजगार पर होगा। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा में विकास की जो भी स्वरूप देखने को मिल रहा है वह जनता के सहयोग को गति देकर उन्होंने ही धरातल पर उतारा है। जब भी मौका मिला क्षेत्र हित के लिए आगे बढ़कर उन्होंने कार्य किया है। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता अपार मतो से जीताकर हर बार विधानसभा भेजते रही है। इसबार भी लोगों का अपार समर्थन मिलेगा ऐसा पूरा विश्वास है। एक बार फिर विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका पार्टी ने दी है। जनता के आशीर्वाद से वे क्षेत्र के अधूरे काम भी पूरा करेंगे।

### गांडेय विधानसभा से कल्पना सोरेन ने किया नामांकन

**गिरिडीह:** गांडेय विधानसभा सीट के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया. गुरुवार को कल्पना मुर्मू सोरेन गांडेय के निर्वाची पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया. इस दौरान राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद भी मौजूद थे.गुरुवार को नामांकन के बाद कल्पना मुर्मू सोरेन ने पत्रकारों से बात की. कहा कि गुरुवार को उनके अलावा उनकी पार्टी की टिकट पर गिरिडीह से सुदिव्य कुमार और जमुआ से केदार हाजरा ने नामांकन किया है. कहा कि चंद माह के कार्यकाल में उनके द्वारा गांडेय का समुचित विकास करने का प्रयास किया गया. सड़कों का जाल बिछाया गया. बच्चियों के लिए स्कूल दिया गया. कहा कि उन्होंने चंद माह में ही विकास की गंगा बहायी है.इधर गिरिडीह विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी सुदिव्य कुमार ने भी नामांकन पर्चा दाखिल किया. सुदिव्य ने गिरिडीह के अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विश्वपुते के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया. इससे पहले मंदिर में पूजा करने के बाद सुदिव्य अपने घर से निकले. सुदिव्य अपने समर्थकों के साथ गिरिडीह शहर पहुंचे.

## पलामू में हुआ पुलिस-टीएसपीसी नक्सलियों के बीच मुठभेड़



**पलामू:** जिले में प्रतिबंधित नक्सली बसंगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी एवं पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़ हुई. इस मुठभेड़ में पुलिस को भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद हुआ है. यह मुठभेड़ छतरपुर, मनातू एवं नावाजयपुर थाना के सीमावर्ती इलाके तरवाडीह जंगल में हुई है. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि मुठभेड़ हुई है. इस मुठभेड़ में नक्सलियों के सामग्री बरामद हुए हैं. इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है. पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि छतरपुर, नावाजयपुर एवं मनातू के सीमावर्ती इलाके में टीएसपीसी का दस्ता किसी घटना को अंजाम देने के लिए रुका हुआ है. इसी सूचना के आलोक पलामू पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया था. सर्च अभियान के क्रम में पुलिस जैसे ही तरवाडीह जंगल में पहुंची पहुंची नक्सलियों की तरफ से फायरिंग शुरू हो गई. जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई. जिसके बाद नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग गए. जिस इलाके में यह मुठभेड़ हुई है वह 10 लाख के इनामी नक्सली कमांडर शशिकांत का इलाका है. शशिकांत एवं नगीना इस इलाके में सक्रिय रहते हैं एवं हिंसक घटनाओं को अंजाम देते हैं. बता दें कि विधानसभा चुनाव से पहले सभी इलाके में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है. टीएसपीसी के खिलाफ पुलिस ने एक योजना बनाई है और कुछ इलाकों में कार्रवाई शुरू की है.

## क्विक न्यूज

### सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने को सब्सिडी 10 लाख से बढ़ाकर की 15.60 लाख रुपये

**जयपुर :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने के लिए दी जाने वाली सब्सिडी 10 लाख से बढ़ाकर 15.60 लाख रुपये कर दी है। सीआरएस की अगुवाई अगर महिलाओं द्वारा की जाती है अथवा कोई सीआरएस अपने संचालन कार्य में हरित ऊर्जा का उपयोग करता है तो सब्सिडी राशि 18 लाख रुपये तक कर दी गयी है। जो सीआरएस हरित ऊर्जा का उपयोग करते हैं और साथ ही उनका संचालन महिलाओं द्वारा किया जाता है, उनके लिए सबसे ज्यादा सब्सिडी 21 लाख रुपये निर्धारित की गयी है। इसके अलावा मंत्रालय सामुदायिक रेडियो स्टेशनों पर छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए तीन महीने का इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करने की प्रक्रिया में भी है।

### सुनील यादव के घर पर ईडी ने मारा छापा

**साहिबगंज :** साहिबगंज जिले के राजमहल विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव के घर पर ईडी ने छापेमारी की है।आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी की टीम गुरुवार को सुनील यादव के घर पर उनके भाई दाहू यादव की तलाश में छापेमारी की है। हालांकि ईडी को सुनील यादव के घर पर दाहू यादव नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव गुरुवार राजमहल में एसडीओ के समक्ष बतौर निर्दलीय प्रत्याशी अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे।साहिबगंज के शोभनपुर भट्ठा गांव का रहने वाला दाहू यादव करीब एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले का आरोपित है। इस मामले में ईडी ने दाहू यादव और अन्य के खिलाफ पहली बार 8 जुलाई 2022 को छापेमारी की थी। इस दौरान एजेंसी ने साहिबगंज, राजमहल, बड़हरवा, मिर्जाचौकी और बरहेट में 18 ठिकानों पर दबिश दी थी।

### राष्ट्रीय खेल घोटाला मामले में शिकायतकर्ता को सीबीआई ने बुलाया, दोबारा जांच शुरू

**रांची :** 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले की जांच एक बार फिर शुरू हो गयी है। इस मामले के याचिकर्ता पंकज यादव को सीबीआई कार्यालय से पूछताछ और तथ्यों की जानकारी देने के लिए गुरुवार को फोन से संपर्क कर बुलाया है। सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के बाद याचिकाकर्ता पंकज यादव और सूर्य सिंह बेसरा ने क्लोजर रिपोर्ट का विरोध करते हुए दोबारा जांच की मांग करते हुए सीबीआई कोर्ट में प्रोटेस्ट याचिका दाखिल की थी।

### जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष एक कैबिनेट प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसमें जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की अपील की गई है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 20° |

## चक्रवाती तूफान को लेकर अलर्ट जारी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** चक्रवाती तूफान दाना को लेकर कई राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिम बंगाल में कोलकाता और ओडिशा में भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर उड़ानें रद्द की गई हैं। सैकड़ों ट्रेनें भी रद्द हुई हैं। कुछ गाड़ियों का रूट बदला गया है। तूफान से प्रभावित राज्यों के कई जिलों में गुरुवार सुबह से ही तेज बरसात हो रही है। शुक्रवार को चक्रवाती तूफान की तबाही देखने को मिल सकती है। इस दौरान हवा की रफ्तार 120 किलोमीटर प्रति घंटे से भी ज्यादा होने की संभावना है। देश में हर साल कोई न कोई चक्रवात आ रहा है। चक्रवाती तूफान के रौद्र रूप से लोगों के जान-माल को भारी नुकसान पहुंचता है। जीवन को फिर से पटरी पर लाने में अरबों रुपए खर्च हो रहे हैं। दाना से पहले रेमल, तितली, गाजा, बुलबुल व बिपरजॉय जैसे चक्रवाती तूफान भारी तबाही मचा चुके हैं।इस साल मई में पश्चिम बंगाल में आए चक्रवाती तूफान रेमल ने बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में भारी नुकसान पहुंचाया था। रेमल का असर, पूर्वोत्तर राज्यों में भी देखा गया। पश्चिम बंगाल में रेमल के चलते 24 प्रखंड और 79 नगरपालिका वार्डों में भारी क्षति पहुंची थी। लगभग 30,000 घरों को नुकसान हुआ। हजारों पेड़ गिर गए थे। तूफान की तीव्रता से करीब 1500 बिजली के खंभे गिर पड़े। उस वक्त भी कोलकाता एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन निलंबित किया गया था। रेमल से पहले तौकते, यास, फनी, तितली, गाजा, बुलबुल व बिपरजॉय भारी तबाही मचा चुके हैं। चक्रवाती तूफानों ने सरकार के खजाने में अरबों रुपये की चपत लगाई है। वजह, तूफान से हुई बर्बादी के बाद जीवन को सामान्य करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों को अरबों रुपये खर्च करने पड़ते हैं।

## मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता अवश्य करें मतदान : के. रवि कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता अवश्य मतदान करें। मतदान को लोकतंत्र के त्योहार के रूप में मनाया जाना है। खुद तो मतदान करना ही है, अपने पूरे परिवार, आस पड़ोस, दोस्तों, परिजनों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना है। वह गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में चुनाव क्विज 2024 के फाइनल प्रतियोगिता के उपरांत विजेताओं के लिए आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि प्रायः देखा



गया है कि ग्रामीण वोटर शहरी वोटर से अधिक सजग होकर मतदान में भाग लेते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए इस बार के मतदान में सभी पोलिंग पर्सनल को मतदान कराने के लिए कम से कम मतदाताओं को कतार में रहना पड़े, इस हेतु क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की भी ट्रेनिंग दी गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव क्विज 2024 से युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन का प्रयास किया गया है। विदित हो कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय झारखंड द्वारा स्टैट्स इंडिया के सहयोग से चुनाव क्विज 2024 का आयोजन 2 अक्टूबर को कराया गया था, जिसमें राज्य के सभी जिलों से एक-एक प्रतिभागी को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित परीक्षा से चयनित किया गया था। इन चयनित प्रतिभागियों के बीच गुरुवार को आर्यभट्ट सभागार में अलग-अलग राउंड की प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें निर्णायक के रूप में सूरज कुमार, निबंधक सहयोग समितियां झारखंड,शशि रंजन ,राज्य परियोजना निदेशक सर्व शिक्षा अभियान एवं गोपिका आनंद राज्य स्टेट आइकॉन पीडब्ल्यूडी शामिल थीं।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा की अलीशा निषाद रहीं।


## रेलवे चलाएगा 7 हजार छठ और दिवाली स्पेशल ट्रेन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** रेलवे त्योहार पर यात्रियों को सुरक्षित सफर कराने के लिए सात हजार दिवाली और छठ स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। गुरुवार को कैबिनेट बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई। केंद्रीय रेल और सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस फैसले से रोज दो लाख यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा बैठक में दो बड़ी रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहली रेल परियोजना के तहत अमरावती के लिए एक रेलवे लाइन को मंजूरी दी गई है। इसके लिए कृष्णा नदी पर 3.2 किमी लंबा नया रेलवे पुल बनाया जाएगा। यह अमरावती को हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता और नागपुर से जोड़ेगा। इसके साथ ही उत्तर बिहार को उत्तर पूर्वी राज्यों से जोड़ने के लिए नरकटियागंज - रक्सौल - सीतामढ़ी- दरभंगा और सीतामढी - मुजफ्फरपुर रेलवे लाइन का



दोहरीकरण किया जाएगा। 4553 करोड़ रुपये की लागत से 256 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन का दोहरीकरण होने से उत्तर प्रदेश और उत्तर बिहार को फायदा होगा।उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार के आठ जिलों को कवर करने वाली 6,798 करोड़ की इन रेल परियोजनाओं से रेलवे नेटवर्क 313 किमी तक बढ़ेगा। साथ ही नौ नए स्टेशनों के साथ लगभग 168 गांवों और लगभग 12 लाख आबादी को लाभ मिलेगा। कैबिनेट बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 1,000 करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड की स्थापना को भी मंजूरी दी।






# पुलिस ने शुभम अग्रवाल हत्याकांड का किया खुलासा, 4 गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी के निर्देश पर डीएसपी मणि भूषण प्रसाद और सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय के नेतृत्व में शुभम अग्रवाल हत्याकांड का उद्वेदन किया गया।शुभम अग्रवाल की हत्या में शामिल प्रेमिका सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि मृतक सुभम अग्रवाल के पिता सुगंध अग्रवाल के द्वारा सदर थाना में सदर थाना क्षेत्र के डीटीएस टोला निवासी गुड़िया कुमारी उर्फ गुड्डी एवं उनके माँ, चाचा एवं अन्य के विरूद्ध हत्या कर सुभम अग्रवाल का हत्या कर शव को रेलवे लाईन पर फेकने का मामला दर्ज कराया गया था। मामला दर्ज होने के बाद



पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी में जुट गई थी। उन्होंने बताया की शुभम अग्रवाल से अभियुक्त गुड़िया कुमारी का प्रेम प्रसंग लगभग एक साल से चल रहा था। घटना के रात्री (मृतक) शुभम अग्रवाल अपनी प्रेमिका (अभियुक्त) गुड्डी कुमारी से मिलने सुआ स्थित गुड्डी कुमारी के घर गया था। जहाँ पर उसकी कुल्हाड़ी से काट कर हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेक दिया गया था। कांड के अनुसंधान के क्रम में अभियुक्त 1. विजेता कुमारी उर्फ गुड्डी उम्र 23 वर्ष पे0 स्व0 सुरेन्द्र राम 2. अनिता कुँवर उम्र 45 वर्ष पति स्व0 सुरेन्द्र राम 3. नितेश कुमार उम्र 19 वर्ष पे0 स्व0 सुरेन्द्र राम 4. अजित कुमार सिंह उम्र 26 वर्ष पे0 जयनाथ सिंह सभी सा0 सुआ डीटीएस टोला थाना सदर जिला पलामू को गिरफ्तार किया गया। कांड में प्रयुक्त कुल्हाड़ी तथा अभियुक्त के घर से तकिया के खोल में लगा खुन को बरामद किया गया है। वही गिरफ्तार सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने कांड में प्रयुक्त एक कुल्हाड़ी, एक मोबाईल बरामद किया है। छापामारी दल में सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, एसआई रंजीत कुमार, एएसआई भरत भुषण सामड़,नबी अंसारी, तेरेसा मिंज हवलदार राजमोहन राम, पुलिस जवान निरंजन कुमार, धर्मेन्द्र ठाकुर, मुन्ना कुमार, गोरख मेहता, चालक अर्जुन राम शामिल थे।

## तालाब में डूबने से 18 वर्षीय युवक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन थाना क्षेत्र के चेतमा गांव निवासी मोहर उपाध्याय के पुत्र राजू रंजन उपाध्याय उम्र 18 वर्ष की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि बुधवार की शाम राजू रंजन उपाध्याय अपने गांव के कुछ लोगों के साथ घर से कुछ दूरी पर मवेशी चराने गया था। इसी क्रम में वह तालाब में अपना पैर धोने गया और तालाब में डूब गया। जिसके कारण तालाब में डूबने से उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसके साथ मवेशी चराने गए अन्य लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर इसकी जानकारी पाटन थाना की पुलिस को दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पाटन थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।वही घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।इसी क्रम में आज 74 लातेहार विधानसभा एवं 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड, पंचायत, गांव स्तर पर स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाता शपथ के माध्यम से मतदाताओं को वोट के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में 13 नवंबर को अपने घरों से निकलकर वोट करने की अपील की गई।

## महुआ शराब की अवैध भट्ठी को प्रतापपुर पुलिस ने किया ध्वस्त, शराब माफियाओ में हड़कंप




**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रतापपुर पुलिस ने शराब माफियाओं के विरुद्ध छापामारी अभियान थाना प्रभारी कासिम अंसारी के नेतृत्व में चलाया गया। इस अभियान में थाना क्षेत्र के एघारा फलेंदा सलैया टांड़ कौरा चरका में अवैध रूप से चल रहे शराब भट्ठी से करीब 265 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया तथा करीब 25 00 किलोग्राम जावा महुआ और शराब बनाने के उपस्करों को मौके पर ही कर विनिस्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी की इस तरह की की जाएगी कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा है थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए नशे की विरुद्ध छापामारी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। शराब माफिया हो या नशो के सौदागर, उन्हें किसी भी हालत में बख्शा नही जाएगा। उन्होंने आम लोगो से अपील किया है कि अवैध रूप से शराब अफीम खेती नाश के कारोवार मि लिप्त व्यक्ति की सूचना प्रतापपुर पुलिस को मोबाइल के माध्यम से गुप्त सूचना दे।सूचना देने वाले ब्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। बुधवार को की की गई छापामारी के बाद शराब जप्ती महुआ के नष्ट किए जाने के बाद शराब माफियाओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की करवाई की जा रही थी।इस अभियान में थाना प्रभारी कासिम अंसारी सब इंस्पेक्टर रणजीत कुमार, ए एस आई मनम सिंह चम्पिया तथा पुलिस के जवान शामिल थे।

## हजारों समर्थकों के साथ कर्नल संजय सिंह ने भरा नामांकन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से कर्नल संजय कुमार सिंह ने आज झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए हजारों समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। इन्होंने कहा कि किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं के भारी समर्थन से यह स्पष्ट हो गया कि क्षेत्र की जनता बदलाव चाहती है। कर्नल सिंह ने आगे कहा कि मैं हुसैनाबाद को भ्रष्टाचार मुक्त कर समग्र विकास के लिए संकल्पित हूं। जनता के आशीर्वाद से हुसैनाबाद के स्वाभिमान की रक्षा करूंगा। उन्होंने विशेष रूप से हुसैनाबाद के समग्र विकास के लिए ५ फैक्टर (स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़कों, सिंचाई और सुरक्षा) पर जोर दिया और इन क्षेत्रों में सुधार के लिए काम करने का संकल्प लिया। भ्रष्टाचार मुक्त हुसैनाबाद~ कर्नल सिंह ने जनता के पैसे का सही उपयोग सुनिश्चित करने और हर जरूरतमंद को उसका



हक दिलाने का संकल्प लिया। किसानों के लिए~ निःशुल्क बिजली, सिंचाई और फसल के उचित मूल्य की व्यवस्था की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही, सरकारी योजनाओं में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की। युवाओं और मजदूरों के लिए~ रोजगार के अवसर सृजित करने, सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता लाने और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं बीमा का वादा किया। महिलाओं का सशक्तीकरण~ कर्नल सिंह ने महिलाओं के रोजगार, शिक्षा, और स्वास्थ्य में प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। किसान ब्रिगेड महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा अराधना सिंह ने कहा, ÷हुसैनाबाद के स्वाभिमान की रक्षा के लिए आप सभी का आशीर्वाद चाहिए। बद्रीनारायण सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद को बांटने की साजिश हो रही है। आपलोग एकजुट होकर कर्नल भाई के हांथों को मजबूत कीजिये। कर्नल संजय गरीब-अमीर नहीं बल्कि देश का बेटा है। इस मौके पर बसपा छोड़कर गरीबन दास सहित कई अन्य दलों के नेताओं ने कर्नल सिंह की किसान ब्रिगेड का समर्थन किया।

## भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी सहित दो ने किया नामांकन दाखिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर पाटन विधानसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा सहित दो निर्दलीय ने अपने-अपने समर्थकों के साथ नामांकन पर्चा भरा. छतरपुर विधानसभा के लिए भाजपा से पुष्पा देवी निर्दलीय से कामेश्वर पासवान एवं लक्ष्मी रवि ने अपना अपना नामांकन दाखिल किया. भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी ने अपने हजारों समर्थकों एवं ढोल बाजे के साथ छतरपुर नाग बाबा से चलकर अनुमंडल कार्यालय तक लोगो का आशीर्वाद लेते हुए अपना नामांकन दाखिल किया नामांकन पर्चा भरने के बाद छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में जनसभा को संबोधित किया जनसभा मे हजारों की संख्या में महिला पुरुषों ने पुष्पा देवी जिंदाबाद के नारे लगाए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के मंत्री कृपा दयाल ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में डबल इंजन




की सरकार की जरूरी है लोगों को भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी को अपना कीमती एवं बहुमूल्य वोट देकर भारी मतो से बिजय बनाये। जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा की कमल फूल छाप पर अपना वोट देकर पुष्पा देवी को दूसरी बार विधायक बनाने का अपील किया । भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी ने आने वाले 13 नवंबर को लोगों से अपील किया और कहा कि कमल फूल छाप पर अपना वोट देकर मुझे दोबारा छतरपुर पाटन क्षेत्र का विकास करने का मौका दे। मंच संचालन प्रखंड अध्यक्ष नरेश यादव ने किया वही मौके पर भाजपा के छतरपुर पाटन के मंडल अध्यक्ष सहित महिला पुरुष कार्यकर्ता हजारों की सख्या मे उपस्थित थे.

## जवाहर नवोदय विद्यालय में छात्र का नहीं हुआ नामांकन, पिता ने शिक्षा विभाग के बिइइओ पर कराया प्राथमिकी दर्ज

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय की एक छात्रा आलिस का नामांकन जवाहर नवोदय विद्यालय चतरा में नहीं होने से छात्रा के पिता दिवाकर कुमार ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह समन्वयक प्रखंड संसाधन केंद्र बलबल कानन पात्रा के विरोध में प्रताड़ित करने को लेकर थाना में आवेदन दे न्याय की गुहार लगाई है।आवेदन में कहा गया है कि मेरी पुत्री कन्या मध्य विद्यालय गिद्धौर में कक्षा 6 में अध्यनरत थी।पुत्री आलिस को जवाहर नवोदय विद्यालय चतरा में प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुई। मेरी पुत्री आलीस के नामांकन के लेकर विद्यालय का अभिलेख सत्यापन के लिए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह प्रखंड संसाधन केंद्र बलबल गिद्धौर के कानन पात्रा के द्वारा 45 दिन के बाद भी नहीं किया गया और अभिलेख वापस विद्यालय को नही लौटाया गया है।जिसके कारण मेरी पुत्री आलिस का नामांकन जवाहर नवोदय विद्यालय चतरा में नहीं हो पाया है। दिवाकर ने बताया कि बीईओ कानन पात्रा द्वारा अभिलेख सत्यापन करने को लेकर एक लाख रुपए की मांग किया था। पर गरीबी के कारण पैसा नहीं दे पाया। जिसे मेरी पुत्री आलिस का नामांकन नहीं हो पा रहा है। बीईओ के द्वारा पैसा मांगने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है,और प्रताड़ित भी किया जा रहा है। नामांकन नहीं होने से मेरी पुत्री आलिस की तबीयत बिगड़ गई है। जिसका इलाज स्वास्थ्य केंद्र की गिद्धौर में कराया गया है। मुझे शक है कि मेरी पुत्री का नामांकन नहीं होने पर पुत्री के द्वारा कोई अप्रिय घटना घट सकती है जिसका सारा जिम्मेवारी बीईओ कानन पात्रा को होगा।जिसे ले दिवाकर ने थाना में आवेदन दे न्याय की गुहार लगाया है।

## पांकी में ढोल बाजे के साथ निकली मतदाता जागरूकता रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय से गुरुवार की दोपहर अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह के नेतृत्व में ढोल बाजे के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, रैली में पांकी थाना के पुलिसकर्मी, प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी कर्मियों समेत बीएलओ के पद पर कार्यरत आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं कस्तूरबा विद्यालय सहित अन्य सरकारी विद्यालयों की सैकड़ो छात्राओं ने भी भाग लिया। रैली की शुरुआत प्रखंड सह अंचल कार्यालय से की गई जो जरही चौक एवं थाना रोड होते हुए कर्पूरी ठाकुर चौक पहुंची इसके बाद वापस प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर रैली का समापन किया गया, मतदाता जागरूकता रैली में लोगों ने मतदाताओं को जागरूक करने हेतु हाथों में तख्ती लिए पहले मतदान फिर जलपान, मतदान है जरूरी, छोड़ो सारे काम पहले करो मतदान, के जोरदार नारे लगाए। इस दौरान मौके पर मौजूद अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु रैली का आयोजन किया गया है उन्होंने प्रखंड वासियों से लोकतंत्र के सबसे बड़े त्यौहार में शामिल होने एवं हर हाल में मतदान करने की अपील की है।

## भानु प्रताप शाही के नामांकन सभा में उमड़ी भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय गोसाई बाग के मैदान में नामांकन सभा का आयोजन किया गया।इससे पहले विधायक भानु प्रताप शाही ने तीसरे सेट का नामांकन किया।इसके बाद रोड शो का आयोजन किया गया। जिसमें भारी भीड़ उमड़ी।बाद में वह भीड़ गोसाई बाग पहुच कर सभा मे परावर्तित हो गई।नामांकन सभा में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से आपके चाहते विधायक भानु प्रताप शाही भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। भारी उमड़ती भीड़ को देखते हुए उन्होंने कहा की भाजपा झारखंड में हेमंत की सरकार को उखाड़ फेंकेगी, ऐसा मुझे विश्वास है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि भानु प्रताप शाही को कमल के फूल पर ईवीएम का बटन दबाकर भानु प्रताप शाही को जिताये। अगर अगर भाजपा को मजबूत करना है तो विधायक भानु प्रताप शाही को मजबूत करना होगा और जब तक आप विधायक भानु



प्रसाद शाही को मजबूत नहीं करेगें तब तक झारखंड की स्थिति बदल नहीं सकती। उन्होंने कहा कि आपके हाथ में है हेमंत की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए। क्योंकि भाजपा की सरकार झारखंड में बनाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने अभी पूरे देश में 3 करोड़ प्रधानमंत्री आवास बनाने की घोषणा किया है। जिसमें 22 लाख आवास झारखंड के लोगों का भी शामिल है। भाजपा की सरकार बनने के बाद गो-गो योजना के अंतर्गत सभी बहनों, माताओ के खाते 2100-2100 रुपये दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि भाजपा ने क्या किया?भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर बनवाया, जम्मू कश्मीर में की अनुच्छेद 370 को हटवा दिया। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि 23 तारीख झारखंड की तकदीर बदलने की तारीख है। आप लोग 13 तारीख को ईवीएम पर कमल के फूल निशान पर वोट डाल कर भानु प्रताप शाही को भारी मत से विजय बनाईये। जैसे ही भाजपा की सरकार बनेगी झारखंड की तकदीर बदल जाएगी।वहीं स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मुझ पर विश्वास करते हुए दोबारा भाजपा का प्रत्याशी बनाया है। इसलिए मैं उनके प्रति अपना आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि वह उमड़ी जन सैलाब हेमंत सरकार का परिवर्तन करके रहेगी।उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार सपना बेचती है। उनके विदाई का समय नजदीक आ गया है। 5 लाख नौकरी, बेरोजगारी भत्ता, सभी कर्मियों को स्थाई करने का झूठा वादा करके हेमंत सरकार सत्ता में आई थी। लेकिन उसने अपना किया हुआ एक भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि बालू को सोना बनाकर हेमंत की सरकार में बेचा गया। इतना ही नहीं बुजुर्गों का पेंशन को रोककर दूसरे कार्यो में लगाया जा रहा है। उनके सभी कुकर्मों का जवाब भवनाथपुर की जनता आने वाले 13 तारीख को देगी। उन्होंने कहा हेमंत सोरेन की पत्नी सभा में मइयां योजना का बहुत बखान कर रही थी। उन्होंने कहा कि भाजपा का पंच प्राण है कि भाजपा का सरकार झारखंड में बनने के बाद सबसे पहले सभी माताओ बहनों के खाते में 2100-2100 रुपया भेजा जाएगा।पंच प्रण का दूसरा प्रण है की उजाला योजना के तहत 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जायेगा।तीसरा प्रण है की 60 से 100 साल तक के बुजुर्गों को उनका पेंशन 1000 से 2000 रुपये कर दिया जायेगा।

## पांकी में जेवर व्यवसायी के घर हुआ भीषण डकैती

## बंदूक की नोक पर मुंह बांधे हथियारबंद 6 अपराधियों ने ढाई लाख नगद समेत 250 ग्राम सोने के जेवर लुटे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड के कर्पूरी ठाकुर चौक से महज आधे किलोमीटर की दूरी पर गजबोर स्थित जेवर व्यावसायी कृष्णा सोनी की घर मुंह बांधे हथियारबंद 6 अपराधियों ने बुधवार की देर रात बंदूक के नोक पर परिवार वालों को बंधक बनाकर करीब 1 घंटे तक लुटपाट की। घटना के संबंध में भुक्तभोगी कृष्णा सोनी ने बताया कि रात करीब 1:00 बजे छत के रास्ते घर में दाखिल हुए हथियारबंद 6 अपराधियों ने बंदूक की नोक पर पूरे परिवार को अपने कब्जे में लेते हुए उनके मोबाइल फोन को भी छीन लिया एवं उनके साथ मारपीट भी की एवं घर में रखे सोने के लगभग 250 ग्राम जेवर समेत ढाई लाख रुपए नगद की डकैती की, घटना के बाद सभी



हथियारबंद डकैत मेन गेट खुलवाकर खेत की ओर भाग निकले, लगभग 1 घंटे तक बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया हालांकि बदमाशों के भागने के बाद भुक्तभोगी ने आस पड़ोस के लोगों को मामले की जानकारी देते हुए मामले की जानकारी पांकी थाना पुलिस को भी दी, मामले की जानकारी मिलने के तत्काल बाद पांकी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी प्राप्त करते हुए मामले की छानबीन में जुट गई। भुक्तभोगी ने बताया कि वह अपनी पुत्री की शादी के लिए नगदी एवं जेवर रखे हुए थे इस घटना से पूरे परिवार में दहशत का माहौल है एवं परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल हैद्य वही इस घटना से आस-पड़ोस के लोग भी सहमे हुए हैं स्थानीय लोगों ने पुलिस से घटना के तत्काल उद्भेदन की मांग की है। आपको बता दे कि लंबे अरसे के बाद हथियारबंद अपराधियों ने पांकी प्रखंड क्षेत्र में इस तरह की घटना को अंजाम दिया है जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

# न्याय के साथ होगा विकास : रामचंद्र चंद्रवंशी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** पूर्व मंत्री सह निवर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने गुरुवार को बतौर भाजपा प्रत्यासी अपना नामांकन दो सीटों में दाखिल किया. इससे पहले उन्होंने विश्रामपुर अष्टभुजी और ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में पूजा अर्चना किया.उसके बाद वे समर्थकों के साथ बी मोड़ चौक पहुंचे,जहां भाजपा कार्यकर्ता और आम लोगों का हुजूम उनका इंतजार कर रहा था.भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री चंद्रवंशी का जोरदार स्वागत किया.इसके बाद जुलूस के शक्ल में वे मेदिनीनगर गए और निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया.उनके बाद सुदाना में आयोजित सभा में पहुंचकर कार्यकर्ताओं व आमलोगों को संबोधित किया.रामचंद चंद्रवंशी ने कहा कि पिछले दस वर्षो से



बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास कार्य हुआ है.आगे भी तेज गति के साथ विकास कार्य जारी रहेगा.हमारा हमेशा से प्रयास रहा है कि विकास न्याय के साथ हो और उसमें सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो.उन्होंने कहा कि अगला कार्यकाल किसानों को समर्पित होगा.क्षेत्र के सभी सिंचाई परियोजनों का निर्माण कराया जायेगा.इसके अलाव बिश्रामपुर और मझिआंव को अनुमंडल का दर्जा भी दिलवाया जायेगा.श्री चंद्रवंशी ने कहा कि प्रदेश की जनता हेमंत सरकार के कुशासन से ऊब चुकी है.इस बार झारखंड में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी.जब राज्य में डबल इंजन की सरकार होगी तो विकास की रुकी हुई गति स्वतः तेज हो जायेगी.मौके पर वरीय भाजपा नेता शुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, भोला चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, सुरेंद्र नाथ पाठक, डॉ वी पी शुक्ला, पार्षद दिनेश शुक्ला, विजय कुमार रवि, कृष्णा गुप्ता, शिवबंश मिश्रा, धिरन तिवारी, संजय ठाकुर, बबन राम, संतोष राम, मनीष कुमार, रूपा सिंह, किरण देवी, अर्चना देवी, अमरेश तिवारी, विकाश चौबे, मणिभूषण पांडेय, भूषण शुक्ला, चंद्रदेव चौधरी, शुशील ठाकुर, मनोरंजन गुप्ता, दिलीप चंद्रवंशी, विजय सोनी, सहित हजारों लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### छह आरोपितों की जमानत याचिका खारिज

**रांची :** रांची के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन की अदालत ने गुरुवार को अवैध शराब के साथ जुआ खेलते गिरफ्तार छह आरोपितों को जमानत देने से इनकार किया है। आरोपितों की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई पश्चात अदालत ने तबारक खान, इरशाद अंसारी, संदीप कुमार, खुर्शीद अंसारी, नीरज कुमार और अनीश मुंडा को जमानत देने से इनकार किया। नगड़ी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 18 अक्तूबर को गिरफ्तार किया था। तब से ही पांचों जेल में है। आरोपितों के पास से एक लाख 9 हजार रुपए भी बरामद किया गया है। सभी आरोपित नगड़ी थाना क्षेत्र के मनोकामना इलाके के मेहता बैंकेट हॉल में जुआ खेल रहा था। आरोप है कि बैंकेट हॉल के संचालक के जरिये बेरोजगार युवकों को पैसे का लालच देकर जुआ खेलने का प्रलोभन देकर ठगी करता है। मामले में सात लोगों के खिलाफ नगड़ी थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### यूसुफ इब्राहिम कि घातक गेंदबाजी, झटके 4 विकेट

**रांची।** यूनाइट क्रिकेट क्लब ग्राउंड सुकुरहुट्‌ कांके के तत्वाधान में आयोजित अजय बैठा अंडर-16 टी-20 क्रिकेट में बुधवार को जैप क्रिकेट अकेडमी ने रांची स्पोर्ट्स अकेडमी को हराया । जैप सीए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 140/10 रन बनाये अरमान 41, हर्ष 25, सागर 19, निशान 15, के बाद युसूफ ने 12, रन जोड़े एकांश व अली हसन ने तीन-तीन, जबकि राघीब ने दो विकेट लिये. जवाब में रांची स्पोर्ट्स अकेडमी 20 ओवर में 121/9 रन ही बना सकी ।ऑलराउंडर लेग स्पिन गेंदबाज यूसुफ इब्राहिम ने 4 ओवर में 25 रन देकर 4 विकेट लिए ,आदित्य व सागर को दो-दो विकेट मिले. यूसुफ को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# महुआ, सीपी, अजयनाथ, नवीन, राजेश, जीतू नेहा, सन्नी और संदीप ने किया नामांकन दाखिल

## 28 सालों से रांची राजधानी की तरह विकासित नहीं हुआ है : महुआ माजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा को लेकर गुरुवार का दिन नामांकन का दिन रहा। खासकर और रांची जिला अंतर्गत लगभग सभी बड़ी पार्टियों की उम्मीदवारों ने नामकरण कर दिया है। रांची से डॉक्टर महुआ माजी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार है। तो उन्होंने पहले अपने आवास के बाहर जनता को संबोधित किया और फिर ढोल बाजे के साथ समाहरणालय पहुंची और यहां पहुंचकर उन्होंने नामांकन किया। मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए डॉक्टर महुआ माजी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का विजन है कि रांची के साथ-साथ पूरा झारखंड डेवलप करें। रांची की बात करें तो 28 सालों से एक ही चेहरा एक ही पार्टी का विधायक रहते हुए उन्होंने रांची को विकास नहीं कर सका। रांची को सुंदर नहीं बन सके। आज भी गली, मोहल्ले में जाइए तो जल जमाव की समस्या है, रोड ,नाली नहीं है लोग परेशान हैं। इसलिए जनता परिवर्तन चाहती है, इसलिए झामुमो पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया है , अब जनता भी भरोसा जाता रही है। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के नेता,कार्यकर्ता गण मौजूद थे। मुख्यरुप पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदीप तुलस्यान, अमित महतो, सन्नी, जितेंद्र गुप्ता,अजित नायक सहित कई बड़े चेहरे शामिल थे।

## हटिया की जनता हटिया का विकास चाहती है, इसलिए अब परिवर्तन के मूड में हैं : अजयनाथ शाहदेव



हटिया विधानसभा से कांग्रेस के उम्मीदवार अजय नाथ शाहदेव ने नामांकन करने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से तीन बार से पार्टी बदल बदल कर एक ही चेहरा हटिया की जनता को कब तक धोखा देते रहेगी। जनता एक चेहरे को देखकर और उसके वादाखिलाफी से उब चुकी है। कभी आजसू,कभी जेवीएम तो कभी भाजपा का उम्मीदवार बनकर चुनाव जीतने वाले को हटिया की जनता पहचान चुकी है, अब दुबारा धोखा नहीं खाने वाले हैं। हटिया की जनता को उम्मीदें थीं कि हटिया का विकास होगा , गांव-गांव में सड़के बनेगी , नालियां बनेगी , अच्छे अस्पताल बनाए जायेंगे, अच्छे स्कूल कॉलेज स्थापित किये जायेंगे , खेलकूद के साथ-साथ कला संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हटिया में संग्रहालय बनाया जाएगा, साथ ही एच ई सी के मजदूरों की जो समस्याएं हैं मजदूरों को वेतन नहीं मिलना, घर नहीं होना, विस्थापितों को पुनर्वास करना ऐसी बहुत सारी समस्याएं हैं जो बहुत पहले हो खत्म हो जाना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए जनता चाहती हैं कि अजय नाथ शाहदेव चुनाव जीत कर आये और इन समस्याओं का हल कराया और मैं भी अश्वत करता हूं कि मैं विधायक बनूंगा तो नया और विकसित और सुंदर हटिया बना कर दूंगा।

## राजेश,जीतू,नेहा और सन्नी ने किया नामांकन





वही मांडर से कांग्रेस प्रत्याशी नेहा शिल्पी तिर्की ने नामांकन करने के बाद कहा कि मांडर की जनता के लिए , महिलाओं ,युवाओं के लिए सभी वर्ग धर्म के लिए काम किया जा रहा है। महागठबंधन की सरकार का लाभ मांडर की जनता पूरा उठा रहे हैं और आगे भी उठायेंगे। वहीं भाजपा से उम्मीदवार सन्नी टोप्पो ने कहा कि महागठबंधन की सरकार में जनता को ठगा गया है। युवाओं को बेरोजगार बनाया गया है, जो उम्मीद से झारखंड मुक्ति मोर्चा को मौका दिया गया था, उसमें वह पूरी तरह से असफल है ,इसलिए जनता अब झारखंड में परिवर्तन चाहती है । वहीं कांके विधानसभा से डॉक्टर जीतू चारण राम ने कहा की कांके विधानसभा क्षेत्र भाजपा का गढ़ रहा है । यहां पर सिर्फ कमल खिलता है। तीर, धनुष चलती है और ना ही कोई पंजा नजर आता है , इसलिए मैं पूरी तरह से आश्वस्त हूं कि फिर इस बार भी कमल खिलेगा। कांग्रेस से खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि कांग्रेस , झारखंड मुक्ति मोर्चा , राजद, महागठबंधन ने जो काम किया है, वह किसी से छिपा नहीं है, बीजेपी वाले बोलने के लायक नहीं है, वे बताएं कि 16 , 17 सालों में झारखंड में क्या कार्य किए हैं। लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार में जो काम हुआ है वह आपके सामने है। हर वर्ग, हर समुदाय ,हर धर्म के लोग हेमंत सोरेन के कार्य से खुश हैं। और खिजरी की जनता भी मेरे काम से खुश हैं, इसलिए मेरे साथ जो भीड़ देख रहे हैं यही हमारी ताकत है।इसके अलावा विभिन्न पार्टियों और कई निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन किया है।

## हटिया वासियों के अधूरे सपनों को पूरा करूंगा : नवीन जयसवाल



भाजपा से हटिया के उम्मीदवार नवीन जायसवाल ने कहा कि पार्टी ने फिर हम पर भरोसा जताया है । उम्मीद करते हैं की जनता भी हम पर इसी तरह से भरोसा जाये। जो सपने आपके थे, जो काम आपका था जो पूरा नहीं हो सका है उसे हम पूरा करके दिखाएंगे। एक मौका दीजिए, अधूरे कामों को पूरा करने के लिए , आपकी जो समस्याएं रह गई है , उन समस्याओं का हल करने के लिए मैं आपके हर सुख दुख में आपके साथ था हूं और रहूंगा। भाजपा पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं और अपने क्षेत्र के लोगों के लिए काम करती है।

## भाजपा ने फिल मौका दिया है : सीपी सिंह



रांची। भारतीय जनता पार्टी के रांची विधानसभा से उम्मीदवार सीपी सिंह ने कहा कि छह बार रांची विधानसभा का विधायक रहा हूं और मंत्री भी बना हूं , नगर विकास जैसे विभाग हमारे पास थे । पार्टी ने जिस तरह से मुझे सातवीं बार टिकट देकर उम्मीदवार बनाया है , उम्मीद है कि जनता भी हमें जिताकर विधानसभा भेजेगी, जो काम में बच गई है, वह काम जल्द पूरा किया जाएगा , रांची को बहुत सुंदर बनाने के लिए मैं प्रयासरत हूं।

## भाजपा पार्टी को परिवर्तन पर पुनर्विचार करना चाहिएः संदीप वर्मा



रांची। विधानसभा क्षेत्र को आप देख लीजिए और पिछले बार से जो विधायक हैं, उनके कार्यों को देख लीजिए । 28 सालों में कुछ परिवर्तन नहीं हुआ है, इसलिए जनता चाहती है कि चेहरा का परिवर्तन हो और भाजपा को भी चाहिए कि इसमें परिवर्तन करना चाहिए । हम लोग भी कार्यकर्ता हैं , लंबे समय से जुड़े हुए हैं और इसी उम्मीद के साथ की पार्टी हम लोगों को मौका देगी। क्योंकि जनता नए चेहरे को और उसके काम को देखना चाहती है , मैं निर्दलीय पर्चा भर दिया हूं, अब जनता इसका निर्णय लेगी और जवाब भी अपने वोटो से देगी।

# भाजपा के 32 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** भाजपा के 32 उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री से लेकर कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद थे। कोडरमा से डॉ. नीरा यादव, बरकट्ठा से अमित कुमार यादव और बरही से मनोज कुमार यादव ने पर्चा दाखिल किया। चंदनक्यारी से अमर कुमार बाउरी, हजारीबाग से प्रदीप साहू, सिमरिया से उज्ज्वल दास, भवनाथपुर से भानु प्रताप शाही, बहरागोड़ा से डॉ. दिनेशानंद



गोस्वामी, घाटशिला से बाबूलाल सोरेन, पोटका से मीरा मुंडा, जमशेदपुर पूर्वी से पूर्णिमा साहू, चाईबासा गीता बालमुचू, मझगांव से बड़कुंवर गगराई, चक्रधरपुर से शशि भूषण शामड, जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा, तोरपा से कोचे मुंडा, खूंटी से नीलकंठ सिंह मुंडा, रांची से सीपी सिंह, हटिया से नवीन जायसवाल, कांके से डॉक्टर जीतू चरण राम, मांडर से सन्नी टोप्पो, सिसई से डॉक्टर अरुण उरांव और गुमला से सुदर्शन भगत ने नामांकन किया। इसके अलावा सिमडेगा से श्रद्धानंद बेसरा, कोलेबिरा से सुजान जोजो, लातेहार से प्रकाश राम, डाल्टेनगंज से आलोक कुमार चौरसिया, विश्रामपुर से रामचंद्र चंद्रवंशी, छतरपुर से पुष्पा देवी भुईयां, बड़कागांव से राशन लाल चौधरी, सरायकेला से चंपाई सोरेन और खरसावां से सोनाराम बोदरा ने पर्चा भरा।

# राज्यस्तरीय खेलो झारखंड कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** खेलगांव में आयोजित राज्यस्तरीय खेलो झारखंड कबड्डी प्रतियोगिता अंडर 14,17 और 19 बालक-बालिका वर्ग का गुरुवार को समापन हो गया। अंडर 14 बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में हजारीबाग की टीम विजयी बनी। इस प्रतियोगिता में गोड्डा रनरअप और दुमका सेकंड रनरअप बना। बेस्ट राइडर का खिताब हजारीबाग के बिकास कुमार को मिला। गोड्डा के मो. आमिर को बेस्ट कैचर का पुरस्कार मिला। अंडर 14 बालिका वर्ग कबड्डी मुकाबले में गढ़वा की टीम विजेता रही। चतरा रनरअप और पांकुड सेकंड रनरअप बना। गढ़वा की चांदनी कुमारी को बेस्ट राइडर और चतरा की रिया कुमारी को बेस्ट कैचर का पुरस्कार मिला। अंडर 17 बालक वर्ग कबड्डी मुकाबले में चतरा की टीम विजेता रही। बोकारो रनरअप और गोड्डा सेकंड रनरअप बना। चतरा के रोहित कुमार शर्मा को बेस्ट राइडर और बोकारो के सुमन यादव को बेस्ट कैचर का पुरस्कार मिला। अंडर 17 बालिका वर्ग मुकाबले में रांची की टीम विजेता बनी। गढ़वा रनरअप और चतरा सेकंड रनरअप बना। रांची की अपूर्वा गुरुंग को बेस्ट राइडर और गढ़वा की जूही कुमारी को बेस्ट कैचर का पुरस्कार मिला।अंडर 19 बालक वर्ग कबड्डी मुकाबले में गिरिडीह की टीम विजेता रही। गोड्डा रनरअप और दुमका सेकंड रनरअप बना। गिरिडीह के कनिष्क ओझा को बेस्ट राइडर और गोड्डा के प्रिंस कुमार को बेस्ट कैचर का पुरस्कार मिला। अंडर 19 बालिका वर्ग मुकाबले में कोडरमा की टीम विजेता बनी। रामगढ़ रनरअप और गिरिडीह सेकंड रनरअप बना। कोडरमा की मनीषा कुमारी को बेस्ट राइडर और रामगढ़ की सीता कुमारी को बेस्ट कैचर का पुरस्कार मिला। राज्यस्तरीय खेलो झारखंड कबड्डी प्रतियोगिता 2024-25 के समापन समारोह में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग, कब्बडी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर, कब्बडी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के को ऑर्डिनेटर बिपिन सिंह, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग की निशा पन्ना, सहित अन्य सभी जिलों से आए शारीरिक शिक्षक एवं कबड्डी संघ के सभी तकनीकी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार के कार्यकाल में बेटियां पूरे तरीके से असुरक्षित : प्रतुल शाह देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने नामकुम में एक युवती के साथ हुए रेप और हत्या की घटना की कड़ी निंदा की है। प्रतुल ने प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस सरकार में बेटियां पूरे तरीके से असुरक्षित हैं। तभी राजधानी रांची के नामकुम क्षेत्र में दिनदहाड़े एक बेटी को किडनैप करके हत्या कर दी जाती है। इस सरकार के कुल पांच वर्षों के कार्यकाल में अब तक 7200 रेप की घटनाएं हो चुकी हैं। 7000 से ज्यादा हत्याएं हो चुकी हैं ,ढाई लाख से ज्यादा संज्ञेय अपराध हुए हैं। यानी राज्य में पूरे तरीके से अपराधियों का बोलबाला है । उन्होंने कहा कि सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के कार्यकाल और हेमंत सरकार के कार्यकाल की तुलना करें तो 29 प्रतिशत रेप केस की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। (वर्ष 2017 और 2022 के आंकड़े)।इसके अतिरिक्त बलात्कार और पोक्सो के भी मामलों में 25 प्रतिशत से भी कम आरोपितों को सजा हुई है। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार का फास्ट्रैक कोर्ट के जरिए भी दोषियों को सजा दिलाने का रिकॉर्ड भी बहुत बुरा है।

# जामा सीट से उम्मीदवार बनाने के लिए जयश्री सोरेन पर हो रहा है विचार

**परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची ।** भाजपा और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने सभी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवारों की लगभग जारी का चुके हैं और कई उम्मीदवारों ने गुरुवार को अपना नामांकन भी कर दिया है। लेकिन सबसे दिलचस्प बात यह है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सरायकेला और जामा से अभी तक किसी को उम्मीदवार नहीं बनाया है , जबकि भाजपा ने अपने 66 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है ।



सरायकेला से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को और जामा से सुरेश मुर्मू को उम्मीदवार बनाया है । जबकि जामा सीट दिशुम गुरु शिबू सोरेन के दिवंगत बेटे दुर्गा सोरेन यहां से विधायक होते थे । उनके निधन के बाद उनकी पत्नी और हेमंत सोरेन की बड़ी भाभी सीता सोरेन जामा से विधायक थी, लेकिन अब भाजपा में चली गई है। उम्मीद थी की जामा सीट सीता सोरेन को दी जाएगी , लेकिन भाजपा ने ऐसा नहीं किया । भाजपा ने सीता को जामताड़ा से उम्मीदवार बनाया है। सीता सोरेन को लगा कि जामताड़ा से अगर हम उम्मीदवार बनते हैं, तो बेटी जय श्री सोरेन को जामा से सीट दिया जाएगा, ठीक उसी तरह से जिस तरह से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को सरायकेला से और उसके बेटे बाबूलाल सोरेन को घाटशिला से दिया गया, लेकिन सीता के साथ ऐसा हुआ नहीं । अब सुनने में यह आ रहा है की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जामा से जय श्री को उम्मीदवार बना सकते हैं। क्योंकि हेमंत सोरेन नहीं चाहते हैं की जामा सीट जो है शिबू सोरेन परिवार की सीट है और वह किसी के पास चला जाए, इसलिए वे अपनी भतीजी और दुर्गा सोरेन, सीता सोरेन की बेटी जय श्री सोरेन को जामा विधानसभा से उम्मीदवार बनाना चाहते हैं । इसके लिए जय श्री सोरेन ने अपने दादा दिशुम गुरु शिबू सोरेन और दादी रूपी सोरेन से मुलाकात की और घंटों बातचीत भी हुई है। अब क्योंकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बरहेट से अपना नामांकन कर दिए हैं , वहीं पत्नी कल्पना सोरेन भी गांडेय से नामांकन कर दी है , अब रातभर मंथन होगी तो संभवता जल्द ही जामा सीट पर जयश्री सोरेन का नाम पर मुहर लग जाएगी। इसके बाद सरायकेला पर विचार किया जायेगा,क्योंकि भाजपा से गणेश महली जो सरायकेला से चौपाई सोरेन से मात खाते थे वे झामुमो का दामन थाम लिया है।

# उपायुक्त ने मूसलाधार बारिश होने की संभावना को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के उपायुक्त वरुण रंजन ने गुरुवार को मूसलाधार बारिश की संभावना को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और निकटवर्ती उत्तरी अंडमान सागर पर बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण बरती जाने वाली सावधानियों एवं तैयारियों के संबंध में सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।उन्होंने बताया है कि पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी एवं निकटवर्ती उत्तरी अंडमान सागर पर बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण मूसलाधार बारिश होने की संभावना है, जिसको लेकर सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा है कि निम्न दबाव क्षेत्र के कारण नदी-नाले, खेत-खलिहान, डैम के उफान पर होने के कारण निचले इलाकों में जलजमाव एवं कच्चे मकानों के गिरने के कारण रोजमर्रा की मूलभूत सुविधाओं के प्रभावित होने के वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि रांची जिला अन्तर्गत कई स्थानों पर बिजली के तारों पर पेड़ों के गिरने के वजह से बिजली के तार टूटने के कारण विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध हो सकती है। साथ ही बिजली के तार गिरने के कारण विद्युत धारा प्रवाहित होने के वजह से कोई अप्रिय घटना घटित होने की संभावना उत्पन्न हो सकती है।




सम्पूर्ण जिला में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। इसको लेकर उपायुक्त वरुण रंजन की ओर से सम्बंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निम्न दबाव क्षेत्र के कारण होने के वजह से अत्यधिक लोगों के वायरल फीवर, मौसमी बीमारियों से ग्रसित होने अथवा किसी भी तरह की आपादा जनक परिस्थिति की संभावना को देखते हुये सभी अस्पतालों में एम्बुलेंस आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयां एवं चिकित्सक स्टॉफ, नर्स को 24 घंटे तत्पर रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने रांची जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले काफी नागरिकों के जरिये पेयजल के लिए कुआं, तालाब अन्य स्त्रोतों से पेयजल का इस्तेमाल किया जाता है। लगातार हो रही भारी बारिश के कारण उक्त पेयजल स्त्रोत के गन्दा एवं पेयजल विषाक्त हो जाने की संभावना उत्पन्न हो सकती है। इस परिस्थिति में शुद्ध पेयजल सभी स्थानों पर उपलब्ध कराने के लिए सभी सम्बंधित विभाग आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। रांची जिला अन्तर्गत निम्न दबाव क्षेत्र के कारण होने के मद्देनजर अपने-अपने क्षेत्र में अवस्थित पुल पुलिया,पथ एवं पथ के दोनों किनारे लगे पेड़ो पर विशेष निगरानी रखेंगे।

# श्रीराम भरत मिलाप समिति डोरंडा का पोस्टर विमोचन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री राम भरत मिलाप समिति डोरंडा के तत्वावधान से 26 अक्टूबर 2024, संध्या 4 बजे से आयोजित होने वाले वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के निमित्त आज दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को समिति के डोरंडा के गांधी मैदान स्थित कार्यालय में समिति का पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन के पश्चात श्रीराम भरत मिलाप समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा ने कहा की श्रीराम भरत मिलाप समिति हर वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करती है जिसमें मुख्यतः श्री राम भरत मिलाप सह श्री राम जी के राज्याभिषेक का मंचन होता है और और प्रतिभागियों के माध्यम से कला, कौशल का विकास करती है, उन्होंने कहा की शहर के विभिन्न स्थानों के प्रतिभागी समिति के कार्यक्रम में भाग लेती है। उन्होंने कहा की, वार्षिक उत्सव में अनेकों क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालो को सम्मानित किया जाएगा, उन्होंने कहा एक श्रीराम जी और भरत जी के पदचिन्हों में बनी यह संस्था शहर की सबसे पुरानी संस्था है। अध्यक्ष रोहित शारदा, महामंत्री अमित गुप्ता, नम्रता सोनी, कोषाध्यक्ष कुमुद पांडे ,प्रकाश बर्मन, विनय ठाकुर, प्रिंस पांडे, महेश विजय ,मीनू टांगी, प्रिया सिन्हा, संतोषी गुप्ता, जुगल दरगड, विवेक आर्य, जितेंद्र बरनवाल, अजय गोप, रवि कुमार, संतोष सिन्हा समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## प्रबंधन को लोगों के जान माल के नुकसान की चिंता नही : प्रताप

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनके एरिया अंतर्गत डकरा परियोजना खदान में हो रही हैवी ब्लास्टिंग से खदान से सटे इलाकों मे रह रहे लोग दहशत मे जीने को विवश है। गुरूवार की दोपहर में डकरा खदान में दो बार काफी तेज ब्लास्टिंग किया गया। जिससे खदान से सटे केडी कॉलोनी, चदरा धौड़ा, केडी शिवपुरी कॉलोनी, केडी मुख्य बाजार, पत्रकार कॉलोनी, प्रगति नगर, नया बस्ती, गुलजारबाग सहित अन्य जगहों पर रह रहे लोग भयभीत हो गए।



ब्लास्टिंग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि मानो भुकंप आया हो। वहीं ब्लास्टिंग से रिहायशी इलाकों में बने घर एवं दुकानों को काफी क्षति पहुंच रही है। पुर्व में भी कई बार डकरा खदान में हुई हैवी ब्लास्टिंग से लोगों के घरों एवं दुकानों में पत्थर उड़ कर गिरे है जिससे घरों की षीट क्षतिग्रस्त हो चुकि है वहीं लोग बाल-बाल बचे है। इधर भाजपा युवा नेता प्रताप यादव ने कहा कि डकरा खदान में की जा रही हैवी ब्लास्टिंग के कारण लोगों को अपने घरों के साथ-साथ जान माल के नुकसान होने का भय हमेशा बना रहता है। उन्होने कहा कि प्रबंधन को पुर्व में कई बार खदान में ब्लास्टिंग को कम तीव्रता से करने को कहा गया था लेकिन प्रबंधन लोगों के जान माल के नुकसान की चिंता किए बैगर सिर्फ अपने उत्पादन को पुरा करने में लगा है। वहीं उन्होने डकरा प्रबंधन को चेताया कि अगर हैवी ब्लास्टिंग की तीव्रता को कम करके नही किया गया तो स्थानीय लोग द्वारा खदान में काम को बंद करा दिया जाएगा, जिसकी सारी जिम्मेवारी डकरा प्रबंधन की होगी।

## राजेश कच्छप ने खिजरी विधानसभा के लिए भरा नामांकन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडिया महागठबंधन के खिजरी विधानसभा क्षेत्र के अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी राजेश कच्छप जी दिनांक 24/10/2024 को 1ः00 बजे अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के पूर्व सुबह 8ः00 बजे अपने पैतृक आवास लुपुंगटोली, नामकुम से अपने माता-पिता से आशीर्वाद लिया। जुलूस के रूप में ढोल नगाड़ों के साथ नाचते ,जयकारे के साथ अनगड़ा,नामकुम,ओरमांझी, लोआडीह, सिकिदरी,टाटीसिलवे के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 2024 विधानसभा चुनाव को लेकर सिल्ली डीएसपी के नेतृत्व में किया गया बैठक



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना अंतर्गत रामडेरा स्थित फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में आम झारखंड विधानसभा 2024 के संदर्भ मे डीएसपी के नेतृत्व मे इंटर-स्टेट बैठक किया गया। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगाढ़ , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेस्ट बेंगोल झालदा अंचल निरीक्षक गोला, थाना प्रभारी वेस्ट बेंगोल झालदा थाना प्रभारी वेस्ट बेंगोल तुलीन थाना प्रभारी मुरी ओपी , थाना प्रभारी, सोनाहातू थाना प्रभारी, बारलांगा थाना प्रभारी, सिल्ली थाना भाग लिए। जिसमें अपराधियों/ चेकनाका / अवैध शराब / अवैध हथियार जेसे बिंदुओं पर चर्चाएं की गई।

## चोरया में शहीद वीर अभिषेक कुमार साहू का मनाया गया पूण्यतिथि

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड के चोरया में शहीद वीर अभिषेक कुमार साहू का तीसरा पूण्यतिथि मनाया गया इस दौरान उनके प्रतिमा पर कई गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण किया माल्यार्पण करने वालों में चान्हो पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में पोस्टेड अभिषेक कुमार साहू 3 साल पूर्व शहीद हो गए थे जिनका हर साल यहां पर पूर्ण तिथि मनाया जाता है आपको बता दें कि अभिषेक कुमार साहू अपने क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत रहे हैं उन्होंने अपने क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा और उनको देश की सेवा के लिए हमेशा जागरूक किया करते थे।




## डीसी ने चुनाव कार्यो का लिया जायजा

**साहिबगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी हेमंत सती ने गुरुवार को विधानसभा चुनाव के कार्यों का जायजा लिया। डीसी ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर समाहरणालय परिसर में बने बरहेट (अ0ज0जा0) निर्वाची कार्यालय, समहरणालय परिसर, समहरणालय परिसर से 100 मीटर दूर बने चेकपोस्टर का जायजा लिया एवं संबंधित पदाधिकारी, दंडाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं डीसी ने सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा को भीड़को रोकने, वाहन को समाहरणालय के अंदर प्रवेश नहीं करने देने, भीड़ को एकत्रित नहीं होने देने आदि निर्देश दिए। मौके पर डीडीसी सतीश चंद्रा भी मौजूद थे।

# बीकेएस तिवारी उग्रवादी संगठन के सरगना रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी जी व डमारू हजारीबाग के सक्रिय सदस्य अर्जुन मुण्डा उर्फ डॉन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुढ़मू :** गुप्त सूचना प्राप्त हुई की बी0 के0एस0 तिवारी उग्रवादी संगठन के सरगना रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी जी सा0-डमारू थाना-केरेडारी जिला-हजारीबाग के सक्रिय सदस्य अर्जुन मुण्डा उर्फ डॉन पे0-सोना मुण्डा सा0-फुलझर थाना-केरेडारी जिला-हजारीबाग जो बुढ़मू थाना धारा-302/34 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट तथा 17 सी0एल0ए0 एक्ट में फिरार है ग्राम कोठा में आया हुआ है तथा कही बाहर जाने के फिराक में है। उक्त सूचना के आलोक में वरीय पुलिस



पदाधिकारी के आदेशानुसार पुलिस उपाधीक्षक, खलारी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर थाना प्रभारी, बुढ़मू एवं सशस्त्र बल के साथ छापामारी दल द्वारा ग्राम कोठा में छापामारी किया गया एवं बी0 के0एस0 तिवारी उग्रवादी संगठन के सदस्य अर्जुन मुण्डा उर्फ डॉन को गिरफ्तार किया गया। यह उग्रवादी पूर्व में टी0एस0पी0सी0 उग्रवादी संगठन के सबजोनल कमांडर रामेश्वर महतो उर्फ पहाडी जी के दस्ता का सक्रिय सदस्य था। हाल ही में टी0एस0पी0सी0 उग्रवादी संगठन से अलग होकर विकेस तिवारी नामक उग्रवादी संगठन रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी जी द्वारा बनाया गया है जिसका यह सदस्य था। गिरफ्तार उग्रवादी अर्जुन मुण्डा उर्फ डॉन द्वारा बताया गया कि दिनांक-21.06.20 को बुढ़मू थाना अन्तर्गत कन्डेर मोड़ स्थित गंगा यादव के किराना दुकान के पास संतोष लोहरा की हत्या में उग्रवादी रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी जी के दस्ता सदस्यों के साथ शामिल था। दिनांक-05.11.21 को टी0एस0पी0सी0उग्रवादी दस्ता सदस्य 1. राहुल गंझू उर्फ खलील जी 2. दिनेश जी 3. मनोज मुण्डा 4. अनिस अंसारी एवं अन्य दस्ता सदस्यों के साथ सिरम जंगल में वाहनों से लूट पाट की घटना में शामिल था। इसके अतिरिक्त रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी जी के दस्ता के साथ कई लेवी एवं रंगदारी लेने के कांड में शामिल रहा है।

## एनफोर्समेंट एजेंसी के साथ बैठक कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर एनफोर्समेंट एजेंसी के साथ बैठक किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु जिले में बनाए गए चेक नाका विशेषकर सीमावर्ती चेक नाका पर प्रतिनियुक्त स्टेटिक सर्विलांस टीम, उत्पाद विभाग की टीम, पुलिस विभाग की टीम समेत अन्य सम्बंधित को सक्रिय होकर एवं आपस में समन्वय बनाकर सघन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश



दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में कैश, कीमती आभूषण, मादक पदार्थ, हथियार समेत अन्य सामग्री की अच्छे से जांच करें। चेकिंग के दौरान यदि उक्त सामग्री पकड़ में आने पर इसकी सूचना या रिपोर्ट तत्काल सम्बंधित विभाग को करें। वहीं बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक को बैंकों में आपत्तिजनक लेनदेन या भारी मात्रा में पैसों के ट्रांजैक्शन पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ष्ब्ट्टपहपसष्ठ एप्प के माध्यम से दर्ज होने वाले शिकायतों का तत्परता से निष्पादन करने का निर्देश दिया।इस बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला अग्रणी प्रबंधक, उत्पाद अधीक्षक समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कृत्रिम बुद्धिमता से विषय के प्रति जुनून व जिज्ञासा जागृत : दीपाली पराशर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दिनांक 21.10.2024 से 24.10.2024 तक चलने वाले चार दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन आज सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। अंतिम दिन के आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के सचिव श्री नितिन पराशर, शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या श्रीमति दीपावली पराशर, गोस्नर कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभाग के हेड व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ प्रदीप कुमार गुप्ता तथा राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो विनय जे जॉन उपस्थित थे। सचिव नितिन पराशर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता तकनीक में पारम्परिक शिक्षा मॉडल को बदलने और छात्रों के लिए अधिक व्यक्तिगत व समावेशित शिक्षा को बढ़ावा देने की क्षमता है। वही शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या श्रीमति दीपाली पराशर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता कई तरीको से सीखने के अनुभव को साकारात्मक रूप से प्रभावित करता है जिससे विषय के प्रति जुनून व जिज्ञासा जागृत होती है। प्रो विनय जे जॉन ने शिक्षको को यह जानकारी दी कि किस प्रकार वर्तमान समय में बदली हुई शैक्षणिक परिवेश में हम शिक्षकों का आधुनिक शिक्षण माध्यमो और तकनीकि का प्रयोग किया जाना चाहिए। डॉ प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि एआई किस प्रकार शिक्षक को एक सफल शिक्षक बनने में सहायक सिद्व हो सकता है एआई से मार्गदर्शन लेकर उसके साथ खुद को अनुकूलित करते हुए उसका लाभ छात्रों को दिया जा सकता है। डीन उपाध्याय सर ने कहा कि एआई न केवल एक सफल शिक्षक बनने में मदद कर सकता है बल्कि एक मानव जीवन को सफल बनाने में मदद करता है। आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि यह कक्षा में सक्रिय भागीदारी और बातचीत को बढ़ावा देता है, जो बेहतर शैक्षिक परिणामों की ओर ले जाती है। मौके पर आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर मनोज कुमार गुप्ता, कन्वेनर विवेक राज जायसवाल व्याख्याता डॉ रीभा कुमारी, अमित कुमार, जलीश अहमद, शिव्या सक्सेना, विनित शर्मा, सुबोध शर्मा, इत्यादि मौजुद थे। साथ ही राज्य के विभिन्न महाविद्यालय से व्याख्यातागण एवं रिसर्च स्कॉलर ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। मंच संचालन प्रो मनोज कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया एवं वोट ऑफ थैंक्स प्रो अपर्णा मिश्रा के द्वारा किया गया।

## जेकेएलएम प्रत्याशी फुलेश्वर बैठा ने किया खलारी का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कांके विधानसभा प्रत्याशी फुलेश्वर बैठा ने खलारी क्षेत्र का दौरा किया। दौरे के क्रम में फुलेश्वर बैठा सबसे पहले राय निर्मल महतो चौक पहुचे जहाँ उन्होंने निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके बाद झील



होटल चौक, लपरा, धमधमिया एव केडी अंबेडकर चौक पर लोगो से मुलाकात की और समर्थन मांगा।उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करने के लिए वे चुनावी मैदान में उतरे है।उन्हें क्षेत्र में भारी समर्थन मिल रहा है।इस मौके पर रतिया गंझू, तौहीद अंसारी,संतोष कुमार महतो, मुन्ना सिंह,आशीष शर्मा,राजकुमार महतो, सुरेंदर महतो,पंकज सिंह, राहुल साव, निशा देवी, सीमा देवी,प्रिंस खान,नामराज मुंडा, प्रवेज आलम सहित कई लोग मौजूद थे।

## जीतूचरण के नामांकन में खलारी से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** कांके से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डा जीतूचरण राम के नामांकन में खलारी से सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। खलारी के विभिन्न पंचायतों से कार्यकर्ता सुबह में झील होटल के पास एकत्रित हुए। वहां से एक साथ अपने अपने वाहनों से रांची के मोरहाबादी मैदान पहुंचे। वहां अपने पार्टी और प्रत्याशी के पक्ष में खूब नारेबाजी किए। कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान, केन्द्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ व प्रत्याशी डा जीतूचरण राम का स्वागत किया। पूरे विधानसभा क्षेत्र से आए कार्यकर्ताओं के साथ




समाहरणालय तक गए। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने तक कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों के साथ नारेबाजी करते रहे। नामांकन में जाने वाले कार्यकर्ताओं में खलारी मंडल अध्यक्ष अनिलकुमार गंझू, अरविंद सिंह, श्यामसुंदर सिंह, रामसूरत यादव, शशिप्रसाद साहू, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, किरण देवी, सरोजनी देवी, ममता केसरी, रेणु देवी, संगीता देवी, गीता देवी, मीरा देवी, सरिता देवी, कुलदीप लोहार, बीरबल गंझू, मनोज सिंह, दिलीप पासवान, सुरेश साहू, मनोज जायसवाल, शैलेंद्र शर्मा, जितेंद्र पांडेय, जितेंद्र भारतीय, तलेसर महतो, कमलेश्वर महतो, फुलेश्वर महतो, सौखी महतो, रामेश्वर महतो, गणेश महतो, राजू गुप्ता, कार्तिक पांडेय, विकास दुबे, आनंद सिंह, रतन राम, रविंद्र पासवान, शिव चौधरी, प्रदीप सिंह, गणेश यादव, जलेसर यादव, नेपाल सिंह, श्रीभगवान सिंह, सुबोध रजक, हरि पाहन, राधेश्याम प्रसाद, कुलदीप साहू, रवींद्र मुंडा आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र से कुल 6 लोगों ने परचा किया दाखिल



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी विधानसभा क्षेत्र (60) में आज 03 अभ्यर्थी- नीलकंठ सिंह मुण्डा (भारतीय जनता पार्टी- 2 सेट), सामुएल पूर्ती (ए0पी0आई-2 सेट) एवं दुर्गावती ओडेया (निर्दलीय-1 सेट) के द्वारा अपना नामांकन प्रपत्र भरा गया। आज 07 अभ्यर्थी के द्वारा नाम निर्देशन प्रपत्र खरीदा गया। तोरपा विधानसभा क्षेत्र (59) में आज 03 अभ्यर्थी- कोचे मुण्डा (भारतीय जनता पार्टी-2 सेट), सुदीप गुडिया ( झारखंड मुक्ति मोर्चा-1 सेट) एवं शिवराज बड़ाईक (निर्दलीय-1 सेट) के द्वारा अपना नामांकन प्रपत्र भरा गया। आज 01 अभ्यर्थी के द्वारा नाम निर्देशन प्रपत्र खरीदा गया।

## 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया।,राज्य के विभिन्न प्रखंड से आए 64 महिलाओं ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने यह संदेश दिया कि आप अपना स्वयं का बकरी फार्म लगाए, जिस से आप ज्यादा आय कर अपने परिवार को सहयोग कर सकते है। संस्थान का उद्देश्य है आप सभी को आत्म निर्भर बनाना और हमें पूरा विश्वास है कि आप सभी अपने जीवन को आत्म निर्भर बनाएंगे आत्मविश्वास के साथ कार्य करे। मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार, वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रोहिदास, सुनील मुंडा उपस्थिति रहे।

## सिल्ली पुलिस ने अवैध बालू लदा दो टर्बो व सेफ्टी गिट्टी लदा एक हाइवा को किया जब्त

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सिल्ली पुलिस द्वारा रांची पुरूलिया रोड पर वाहन जांच किया जा रहा था। इस दौरान एक JH01CC 3771 अवैध रूप से लगभग 700 सेफ्टी गिट्टी लोड हाईवा को पुलिस द्वारा पकड़ा गया। पुलिस तो देखते ही चालक भागने में सफल रहा। वाहन को जप्त कर पुलिस द्वारा थाना लाया गया। वहीं दूसरी ओर देर रात सिल्ली पुलिस द्वारा दो बालू लदा टर्बो को भी पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार JH01FH 3538 और एक बिना नंबर टर्बो घाघरा के तरफ से रांची जाने के क्रम में पुलिस द्वारा पकड़ा गया पुलिस को देखते ही चालक भागने में सफल रहे। दोनों टर्बो को पुलिस द्वारा थाना लाया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर से पूछने पर उन्होंने बताया कि जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है ।

## सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में गणित व विज्ञान मेला आज

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में शुक्रवार को गणित व विज्ञान मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसका उद्घाटन पुलिस उपाधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी, रोहिणी परियोजना पदाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद एवं रोहिणी मैनेजर दीपक कुमार करेंगे। उक्त संबंध की जानकारी विद्यालय की प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय के छात्रों ने आचार्य विक्रम कुमार पांडेय, गौरी शंकर कामिला और संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में गणित एवं विज्ञान का प्रदर्शन की पूर्ण तैयारी कर चुके हैं। जहां छात्रों द्वारा लगभग 70 प्रदर्शन लगाए जाएंगे। बताया कि प्रांतीय पाठ्यक्रम के अनुसार सुंदर-सुंदर प्रदर्शन बनाया गया है। कक्षा तृतीय से लेकर दशम तक के छात्रों ने गणित व विज्ञान मेला में भाग लेंगे। साथ ही विद्यालय के छात्रों द्वारा स्टॉल भी लगाया जाएगा।

## अत्याधुनिक डीलरशिप का किया गया उद्घाटन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एफ'24 में कारोबार की मात्रा में 46% से अधिक की मजबूत साल-दर-साल वृद्धि के बाद, महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन ने पश्चिम बंगाल राज्य के लिए कोलकाता में अत्याधुनिक डीलरशिप का उद्घाटन किया है, जिसमें 14 सर्विस बे जोड़े गए हैं जो प्रतिदिन 28 से अधिक वाहनों की सर्विस कर सकते हैं, साथ ही ड्राइवर लॉजिंग, 24 घंटे ब्रेकडाउन सहायता और एडब्लू की उपलब्धता भी प्रदान करते हैं। कोलकाता, पश्चिम बंगाल में अपनी 86वीं डीलरशिप का उद्घाटन किया।श्री विनोद सहाय, अध्यक्ष और मुख्य खरीद अधिकारी - एएफएस, अध्यक्ष - एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र, अध्यक्ष - एमटीबीडी और सीई, समूह कार्यकारी बोर्ड के सदस्य, ने कहा, हमें भारतीय सीवी बाजार में एमटीबीडी की मजबूत उपस्थिति पर गर्व है, जिसने विभिन्न क्षेत्रों में नंबर 3 स्थान हासिल किया है।

## आदित्यपुर में मिनी एक्सपो में अशोक लीलैंड की सेवाओं और समाधानों का किया गया प्रदर्शन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी और देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता अशोक लीलैंड ने जमशेदपुर में अपने 'मिनी एक्सपो' का आयोजन किया। इस एक्सपो में मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों (एमएचसीवी) के नवीनतम मॉडल और तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। जमशेदपुर, भारत के उन 11 विशिष्ट स्थानों में से एक है, जहां यह एक्सपो आयोजित हो रहा है, जो नवाचार और ग्राहकों से जुड़ने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अशोक लीलैंड के एमएचसीवी अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि झारखंड कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और यह एक्सपो ग्राहकों को आधुनिक वाहन तकनीकों और व्यापक आफ्टरमार्केट सेवाओं का अनुभव कराने का शानदार अवसर है।

## न्युवोको विस्टास ने वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के नतीजे घोषित किए

NUVOCO
Shaping a new world

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत की प्रमुख निर्माण सामग्री कंपनी, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने 30 सितंबर, 2024 को समाप्त दूसरी तिमाही के अनऑडिटेड वित्तीय नतीजों की घोषणा की। कंपनी की कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री मात्रा 4.2 एमएमटी रही, और इस दौरान संचालन से कुल राजस्व 2,269 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। साथ ही, कंसोलिडेटेड एबिटिडा 229 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में कमजोर मांग और मानसून के प्रभाव के बावजूद, कंपनी ने ऑपरेशनल एक्सीलेंस पर ध्यान केंद्रित करते हुए 12 तिमाहियों में सबसे कम मिक्स फ्यूल लागत (1.54 रुपये प्रति मैकल) हासिल की। प्रीमियम उत्पादों की हिस्सेदारी 43ः तक पहुंच गई है, जिसमें 'कॉंक्रीटो यूनो' जैसे उच्च गुणवत्ता वाले सीमेंट वैरिएंट्स की मांग तेजी से बढ़ रही है।

## बसपा प्रत्याशी बृंदावन दास ने जमशेदपुर पश्चिम से किया नामांकन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर पश्चिम से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी बृंदावन दास ने समर्थकों के साथ एडीसी के कार्यालय में गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। मौके पर उनके साथ बसपा नेता प्रणव महतो, खादिम अंसारी, पार्वती गोस्वामी, गीता रानी दास समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल व बिजली के मुद्दे पर वह चुनाव लड़ रहे हैं और विधानसभा क्षेत्र की जनता को सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## भाजपा प्रत्याशी शशि भूषण समाड ने पदयात्रा निकाल किया नामांकन



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चक्रधरपुर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शशि भूषण समाड ने गुरूवार को नामांकन किया। नामांकन से पहले हजारों की संख्या में पदयात्रा करके लोग एसडीओ कोर्ट तक पहुंचे। नामांकन के बाद जनसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा के उम्मीदवार शशि भूषण समाड ने कहा कि बारिश में भी इतने लोग हमारे नॉमिनेशन में शामिल हुए। मैं सबों को धन्यवाद देता हूं और इस बार भाजपा की सरकार आएगी। फुल बहुमत से राज्य के साथ-साथ चक्रधरपुर विधानसभा का भी विकास होगा। मौके पर राज अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक सारंगी, आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष रामलाल मुंडा, कामाख्या साहू , भीम सेन होगंगा आदि मौजूद थे।

## 22वां श्याम वार्षिक महोत्सव 21 दिसंबर को सोनारी में



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री श्याम सेवा संघ सोनारी के द्वारा आगामी 21 दिसंबर 2024 शनिवार को 22वां भव्य श्री श्याम वार्षिक महोत्सव मनाया जायेगा। जिसकी तैयारी शुरू करने को लेकर एक बैठक राजस्थानी महिला सत्संग भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष अशोक दीवान ने बताया की यह श्याम महोत्सव जूनियर कार्मेल स्कूल के पीछे ग्राउंड मे होगा। बाबा के दरबार में हाजरी लगाने के लिए बीकानेर से प्रवेश शर्मा, कोलकाता से जयेंत ब्यास एवं टाटानगर से महाबीर अग्रवाल को आमंत्रित किया गया है। साथ ही विशाल शोभा यात्रा निकलेगी जो सोनारी राम मंदिर से दोपहर 12.30 बजे प्रारम्भ होकर आयोजन स्थल तक जाएगी।. बैठक मे मुख्य रूप से जीतेन्द्र साबु, अमित अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, संदीप मित्तल इत्यादि मौजूद थे।

## चक्रवात से ओड़िशा के लोग हैं डरे सहमे, राज्यपाल चुनावी तैयारी में व्यस्त : डॉ. अजय कुमार

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी के प्रत्याशी डा. अजय कुमार ने गुरुवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि मौसम विभाग द्वारा बंगाल की खाड़ी में उठने वाला चक्रवाती तूफान डाना आज रात ओड़िशा के समुद्र तट से टकराएगा. जिससे तटीय इलाकों में तेज हवा के साथ जोरदार बारिश एवं भारी नुकसान होने से संबंधित अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग द्वारा दी गई पूर्व सूचना से ओड़िशा के लोग डरे सहमे हुए हैं. वहीं दूसरी ओर ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास लोगों की चिंता से बेखबर जमशेदपुर में अपनी बहू के लिए चुनावी बैठक में व्यस्त है. रघुवर दास इतने गैर जिम्मेदार है. उनके लिए ओड़िशा की जनता की चिंता करने से ज्यादा जरुरी अपनी बहू के लिए प्रचार करना है. मैं ऐसे गैर जिम्मेदार राज्यपाल की निंदा करता हूं. गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग की कार्यशैली यह बताने के लिए काफी है कि संवैधानिक संस्थाए मोदी सरकार में पिंजड़े का तोता बनकर रह गई है. मैं हमेशा कहता हूं कि भाजपा के लिए जनता से ज्यादा महत्वपूर्ण परिवारवाद है. मैं भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं वो ओड़िशा के लोगों की रक्षा करें.

### जन सैलाब की बीच जमशेदपुर पश्चिम से बन्ना गुप्ता ने किया नामांकन दाखिल, कहा

# जमशेदपुर की जनता के लिए किया विकास कर्य, दोबारा दें आशीर्वाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिम से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार बन्ना गुप्ता ने आज नामांकन किया। इससे पूर्व जुलूस की शक्ल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हुजूम देखने को मिला। वहीं आमबगान मैदान साकची में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित नामांकन सभा में इंडिया गठबंधन के सभी दल के नेताओं ने भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराया।



नामांकन सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने कहा कि मुझे जमशेदपुर पश्चिम के लोगों ने आशिर्वाद देकर विधायक बनाया और कांग्रेस पार्टी ने मंत्री बनाकर सेवा का मौका दिया। जब मैं जमशेदपुर के जनता के लिए विकास का कार्य में फ्लाईओवर निर्माण का कार्य कराने लगा तो एक बुद्धिमान ने हंसी उड़ाकर कहा कि फ्लाईओवर नही बनेगा। लेकिन आप के आशिर्वाद से बहुत तेज गति से फ्लाईओवर निर्माण हो रहा है। यहाँ से भाजपा के मुख्यमंत्री भी थे, लेकिन एमजीएम अस्पताल का बदहाली नही सुधार पाई, लेकिन मैने एमजीएम का पुनर्निर्माण के लिए 400 करोड रुपए से निर्माण कार्य द्रुतगति से प्रारंभ कराया। इस विकास के कार्य को एक नेता लगातार रुकवाने का कार्य कर रहे थे। आप सभी फिर से कांग्रेस पार्टी का साथ दें और मुझे आशिर्वाद दिजिए। जमशेदपुर पश्चिम एवं पूर्वी से दोनो सीट पर कांग्रेस पार्टी को जिताने का आग्रह किया।

मुख्य अतिथि सप्तगिरी शंकर उल्का ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को भारी बहुमत से साथ देकर विजयी बनाए।

सभा में मुख्य अतिथि के रूप में ओडिसा के सांसद सप्तगिरी शंकर उल्का सह प्रभारी झारखण्ड प्रदेश, जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी, जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, वरिष्ठ नेता झामुमो कुणाल षाडंगी, मोहन कर्मकार, राजू गिरी, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, परविंदरसिंह, मानगो अध्यक्ष फतेह चन्द्र टुडू, कदमा अध्यक्ष अभिजीत सोरेन, बबन राय, राजद अध्यक्ष सुभाष यादव, सीपीआई सचिव अम्बुज ठाकुर, माले नेता ओम प्रकाश सिंह, राजद युवा अध्यक्ष चिंटू पाण्डेय, राजद ओबीसी अध्यक्ष रमेश साहू इत्यादि मौजूद थे।

## एनडीए प्रत्याशी रामचंद्र सहिस ने नामांकन के बहाने दिखाई ताकत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने गुरुवार को जुगसलाई सीट से एनडीए प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। इसमें पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा और आजसू के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। इससे पूर्व सहिस ने सुबह अपने घर मुचीडीह से निकले और अपने पूर्वजों के समक्ष माथा टेक आशीर्वाद प्राप्त किए फिर हाथीखेदा मंदिर जाकर पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर नामांकन के लिए निकले जो बोड़ाम से जुलूस के शक्ल में बोधि मंदिर और फिर जिला कार्यालय में नामांकन किया। मौके पर पूर्व मंत्री सहिस ने कहा कि झारखंडी जनमानस की यही पुकार अबकी बार बनेगी एनडीए की सरकार। आजसू पार्टी का संकल्प है जुगसलाई विधानसभा को सिल्ली विधानसभा जैसे मॉडल विधानसभा के रूप में स्थापित करने और सभी प्रखंड के पंचायतों में विकास के लिए काम करना है। नामांकन रैली में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, चंद्रगुप्त सिंह, सागेन हांसदा, वन बिहारी महतो, आदित्य महतो, कमलेश दुबे , संजय मालाकार, धर्मवीर सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, अप्पू तिवारी, ललन झा के आलावे सहयोगी भाजपा और आजसू के सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

### डॉ. अजय ने जमशेदपुर पूर्वी से किया नामांकन, कहा

## एक परिवार के आतंक से शहर को कराएंगे मुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्वी से कांग्रेस के प्रत्याशी डा.अजय कुमार ने गुरुवार को एसडीओ कार्यालय में नामांकन किया. इस दौरान उनके साथ एडवोकेट प्रदीप कुमार सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामाश्रय प्रसाद, प्रस्तावक पी. एन. झा और रविंद्र झा उपस्थित रहे. इससे पहले अपने कार्यकर्ताओं के साथ डा. अजय कुमार ने गोलमुरी चौक पर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना किए, उसके बाद वहां से आमबगान मैदान पहुंचे. वहां डा. अजय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. तत्पश्चात जुलूस के तौर नामांकन करने एसडीओ कार्यालय पहुंचे. नामांकन के पश्चात मीडिया से बातचीत करते हुए डा. अजय कुमार ने कहा कि जमशेदपुर पूर्वी में विगत 25 वर्षों से एक ही परिवार का शासन रहा है. इस परिवार के आतंक और भय से लोगों को मुक्ति दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता है. जो बीजेपी परिवारवाद का विरोध करती रहीं आज वहीं परिवारवाद का नायाब उदाहरण प्रस्तुत कर रही है. केवल कोल्हान में पत्नी, बेटा और बहु को टिकट देकर बीजेपी ने सिद्ध कर दिया कि परिवार का अर्थ सही अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई का बेटा बाबुलाल सोरेन और राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा साहू ही होता है. डा.अजय ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है. मालिकाना हक केवल जमशेदपुर की समस्या नहीं बल्कि यह पूरे प्रदेश की एक बड़ी महत्वपूर्ण समस्या है. यदि लोगों ने समर्थन दिया तो मालिकाना हक के लिए एक आयोग गठित कर इस समस्या के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास किया जाएगा. जमशेदपुर पूर्वी में संगठित और असंगठित मजदूरों की एक बड़ी तादाद रहती है. उनके स्वास्थ्य सुविधा के लिए जमशेदपुर में एक ईएससीआई अस्पताल का निर्माण करना मेरी प्रतिबद्धता है. वहीं सरकारी स्कूलों को अपग्रेड कर मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल बनाना, जहां सीबीएससी की पढ़ाई होगी. डा.अजय ने कहा कि मेरे घर पर आएंगे तो होगी चाय, बिस्कुट और आपका काम, वहीं रघुवर दास के घर जाएंगे तो मिलेगा गाली, गलौज और थकान.

## छापेमारी में अवैध विदेशी शराब एवं बियर बरामद, महिला गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खरसावां :** कुचाई के दलभंगा बाजार में स्थित एक दुकान पर पुलिस के द्वारा छापेमारी कर अवैध विदेशी शराब एवं बियर बरामद किया है। मालूम हो कि विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सरायकेला जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री तथा मादक पदार्थों की बरामदगी हेतु निरंतर छापामारी अभियान जारी है। इसी अभियान के तहत कुचाई के दलभंगा बाजार में गीता महतो के द्वारा अपने दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का बिक्री किया जाता है। एवं वर्तमान में यह अपने भाड़े के घर में अंग्रेजी शराब भंडारण कर रखा गया है। जिसे त्वरित कार्रवाई करने पर रंगे हाथ पकड़ा जा सकता है। इस मामले पर कुचाई के पागल वादी निवासी गीता महतो पति स्वर्ग रतनलाल महतो वर्तमान पता दलभंगा थाना कुचाई को गिरफ्तार किया गया। साथ ही कुचाई थाना कांड सं0-36/2024,धारा - 274/275/292 भारतीय न्याय संहिता-2023,47 (ए) उत्पाद अधि0-1915 के तहत मामला दर्ज किया गया।

## कल्याण गुरुकुल में कवि सम्मलेन में कवि कवयित्रीयों ने दी शानदार प्रस्तुति



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कल्याण गुरुकुल जमशेदपुर में कवि सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कवियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कवियों की मधुर वाणी और मधुर शायरी से गुरुकुल का माहौल काफी खुशनुमा हो गया। साथ ही साथ बैच नंबर 87 का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का भी आयोजन रखा गया, जिसमें मुख्य रूप से हमारे ऑपरेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक हरेलाल महतो, सोर्सिंग के क्षेत्र प्रबंधक नवीन तिवारी और सारी कोल्हान सोर्सिंग टीम के सदस्य गण भी मौजूद थे।

### जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने दाखिल किया नामांकन, कहा

## मेरे लिए यह राजनीति नही बल्कि जनसेवा का पवित्र संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी पुर्णिमा साहू ने गुरुवार को अपने नामांकन पत्र को भव्य रूप से दाखिल किया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, जमशेदपुर पश्चिम से एनडीए प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री सरयू राय, पोटका विधानसभा की प्रत्याशी मीरा मुंडा, जुगसलाई विधानसभा सीट से आजसू प्रत्याशी रामचंद्र सहिस, बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी, श्रवण कुमार एवं मदन सैनी, छत्तीसगढ़ की विधायक एवं जमशेदपुर लोकसभा क्लस्टर प्रमुख भावना बोहरा, पूर्व विधायक मेनका सरदार उपस्थित थी। वहीं, भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने भालूबासा स्थित शीतला मंदिर और सिदगोड़ा के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर साकची स्थित बोधि मंदिर मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने कहा कि आपकी बहन, बेटी और सेविका के रूप में जनता के सामने उनके आशीर्वाद और स्नेह के साथ एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी लेकर आई है। यह मेरे लिए सिर्फ राजनीति नहीं, बल्कि जनसेवा का पवित्र संकल्प है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मेरे ससुर रघुवर दास जी ने 25 वर्षों तक आपके विश्वास और आशीर्वाद से पुर्वी क्षेत्र की सेवा की है। उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाना, उनकी सेवा की विरासत को सहेजना और इस क्षेत्र के सपनों को साकार करना अब मेरी प्राथमिकता है। इससे पहले, एग्रिको स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में पुर्वी विधानसभा क्षेत्र के सातों मंडलों के अध्यक्षों के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का विशाल हुजूम उमड़ा। सुबह से ही बड़ी संख्या में युवा एवं महिला कार्यकर्त्ता ढोल-नगाड़े, गाजे-बाजे और रंग-बिरंगी झांकियों के साथ इस नामांकन समारोह को उत्सव का रूप देने में जुटे थे। सुबह 11 बजे, पूर्णिमा साहू ने जोश और उल्लास से भरे कार्यकर्ताओं और समर्थकों का अभिवादन स्वीकार कर आशीर्वाद लेते हुए नामांकन जुलूस की अगुवाई की।

## झारखंड में बंटी और बबली है सरकार : हिमंता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा के नामांकन में जमशेदपुर पहुंचे असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने साकची स्थित बोधि मंदिर मैदान में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज की सभा में उपस्थित लोगों का जोश और उत्साह देखकर मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने प्रश्नपत्र लीक का मामला उठाते हुए कहा राज्य के युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। वहीं झारखंड में जनता की नहीं, बल्कि बंटी और बबली की सरकार है। उन्होंने आगे कहा, भाजपा सरकार बनते ही हुसैनाबाद नाम को बदलकर ऐसा नाम रखेंगे जिससे भगवान बिरसा मुंडा और झारखंड का जुड़ाव हो। पूरे झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों को तुष्टिकरण के लिए बसाया जा रहा है, और हेमंत सोरेन की सरकार तथा बन्ना गुप्ता की सरकार चुप रहकर इसे समर्थन दे रही है। 23 नवंबर के बाद, जब भाजपा की सरकार आएगी, तो कानून के तहत इन सभी घुसपैठियों को राज्य से बाहर निकालने का काम किया जाएगा उन्होंने जोर देकर कहा कि 2019 के चुनाव में भाजपा, आजसू और सरयू राय अलग-अलग लड़े थे, लेकिन इस बार सभी मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं और जीतेंगे भी। सरकार बनने पर राज्य के बालू माफियाओं को खत्म करेंगे और बालू मुफ्त देंगे।

## डॉ. उमेश कुमार ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किया नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर अभिभावक संघ के अध्यक्ष डॉ उमेश कुमार ने 49- जमशेदपुर पश्चिम से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व उन्होंने अपने समर्थकों संग जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा चुनाव में उनका बेरोजगारी, शिक्षा और महंगाई मुख्य मुद्दा होगा।

## टाटा स्टील 24 नवंबर को जमशेदपुर हाफ मैराथन 2024 के आयोजन के लिए तैयार

### - हाफ मैराथन के विजेता को मिलेगा एक लाख रूपये का इनाम, कुल इनामी राशि 10 लाख रूपये

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने आज जमशेदपुर हाफ मैराथन और अन्य दौड़ श्रेणियों की तारीखों का ऐलान किया, जो 24 नवंबर को आयोजित होंगी। इस 9वें संस्करण की थीम है 'रन फॉर फिटनेस, रन फॉर फन!' आनंद रन एक 2 किमी की परिवार-मैत्रीपूर्ण और गैर-प्रतिस्पर्धी दौड़ होगी, जो हर आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए खुली है। वहीं, 5 किमी की दौड़ (सभी उम्र के धावकों के लिए खुली) नए धावकों की सहनशक्ति और गति को परखने के लिए तैयार की गई है। पुरुष और महिलाएं, जो मध्यवर्ती धावक हैं, 10 किमी की चुनौती का सामना कर सकते हैं, जबकि अनुभवी धावक, पुरुष और महिलाएं, हाफ मैराथन में भाग लेकर अपनी सीमाओं को और आगे ले जाने का प्रयास कर सकते हैं। इस साल के आयोजन में पहली बार चुनौतीपूर्ण हाफ मैराथन दूरी पेश की जा रही है। करीब 10 लाख की कुल पुरस्कार राशि के साथ, जमशेदपुर रन 2024 ने खुद को भारत के शीर्ष धैर्य वाले खेल आयोजनों में शामिल कर लिया है। हाफ मैराथन के विजेता को 1 लाख का इनाम मिलेगा। चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने कहा, हमें खेलों की शक्ति में अटूट विश्वास है, जो समुदायों को एकजुट और प्रेरित करता है। इसलिए, हम खेलों को बढ़ावा देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, चाहे वे पेशेवर एथलीट हों, शौकिया धावक, या हमारे कर्मचारी। हम सभी को किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट मुख्य आयोजन से पहले 22 और 23 नवंबर को एक एक्सपो का आयोजन करेगा। सभी प्रतिभागियों को गुडी बैग, टी-शर्ट और रिफ्रेशमेंट बॉक्स प्रदान किए जाएंगे। फिट फैमिली श्रेणी में प्रतिभागियों को 10 प्रतिशत छूट मिलेगी। इसके अलावा, फिट टुगेदर श्रेणी में, यदि किसी समूह में न्यूनतम 20 व्यक्ति (कॉर्पोरेट, क्लब, और संस्थानों से) शामिल होते हैं, तो उन्हें 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# पर्यटक की दृष्टि में संतुष्टि

**उम्मीद** की जा सकती है कि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी तरुण श्रीधर की अध्यक्षता में गठित समिति, पर्यटन विकास निगम की घाटे की इकाइयों को सफल होने का नुस्खा सुझा दे, लेकिन सार्वजनिक उपक्रमों के बाल की खाल निकालना इतना भी आसान नहीं कि सुझावों की पवित्रता को पूरी तरह अपना लिया जाए। सुधारों की गुंजाइश सार्वजनिक क्षेत्र के हर पहलू में है। ऐसे में परिवहन निगम से मिल्क फेडरेशन तक के कामकाज को आईना दिखाया जा सकता है। इन तमाम निगमों की संपत्तियों का सही इस्तेमाल, संचालन तथा व्यावसायिक प्रबंधन के अलावा जवाबदेही तथा कार्यशैली में बदलाव की जरूरत है। मसलन एक-दो त्योहारों में मिठाई व अन्य उत्पाद बाजार में उतारने के बाद मिल्क फेडरेशन पूरा साल खामोशी से गुजार देती है। मसला मांग का नहीं है, लेकिन बाजार या उद्योग की मांग को संतुष्ट करने का है। हिमाचल का एक छोटा सा ढाबा अगर पर्यटक को संतुष्ट कर सकता है, तो निगम के पूर्ण प्रशिक्षित कर्मचारी यह सम्मान क्यों हासिल नहीं कर पाते। निस्संदेह निगम के होटलों का जायका अपनी विशिष्टता रखता है, लेकिन इस खासियत का पैगाम बिखरा हुआ है। दिल्ली के हिमाचल भवन में हिमाचली थाली में संतुष्टि का एहसास अगर राजधानी में गूंज जाए, तो ब्रांड हिमाचल सामने आएगा। आंध्र भवन में व्यंजनों की थाली क्यों दिल्ली का दिल जीतती है, अगर इसे समझ लें, तो पर्वतीय हिसाब से हम भी खासियत रखते हैं। कभी हिमाचली पर्यटन का ब्रांड, पर्यटन विकास निगम हुआ करता था। सारे टूअर और इससे जुड़े इंतजाम विकास निगम की प्रतिष्ठा के साथ अंगीकार होते थे, लेकिन या तो कार्य संस्कृति या होटल थक गए। होटल इंडस्ट्री हर साल बदल रही है और सैलानियों की अनुभूति में निरंतर ताजगी भरना ही मूल अंतर पैदा करता है। पर्यटन निगम के होटलों की ड्राइंग थक चुकी है। क्रॉकरी पुरानी हो चली है और लिनन अपना पैटर्न खो चुकी है। ऐसे में सबसे पहले पर्यटन विकास निगम को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसका मुकाबला निजी होटल से नहीं, ग्राहक की संतुष्टि से है। यह संतुष्टि आवभगत व खानपान से भी अधिक माहौल से है। टूरिज्म के होटलों का ढांचा कब तक रेस्ट हाउस से मेल खाता रहेगा। पर्वतीय शैली के तहत आधुनिक अंदाज, सुविधा और समर्पण की महक इमारतों के नक्शे बदलने से आएगी। ऐसे में थके हुए होटलों को नए पोशाक, नई ऊर्जा और नए संकल्प पहनाने की जरूरत है। पर्यटन के हिमाचली ब्रांड का सरताज अगर निगम को बनना है, तो यह अध्ययन जरूरी है कि कौनसा होटल किस श्रेणी के सैलानियों को संतुष्ट कर सकता है। आज हिमाचल में युवा पर्यटक बढ़े हैं, लिहाजा उनके स्तर के बजट होटल, कैंपिंग साइट्स तथा छात्रावास जैसे माहौल की व्यवस्था करके टूरिज्म कारपोरेशन अपनी संपत्तियों में आवश्यकतानुसार बदलाव कर सकता है। कुछ होटलों का स्तर उठाना पड़ेगा, जबकि कई बजट टूरिस्ट के मुताबिक तय करने होंगे। हिमाचल टूरिज्म कारपोरेशन को अपने संपर्क और उद्योग की हैंडलिंग का सूत्रधार बनना होगा। मसलन रेलवे के साथ जुडक़र और विभिन्न राज्यों के परिवहन निगमों, रोडवेज व पर्यटन एजेंसियों के साथ मिलकर सर्किट पर काम करना होगा। उदाहरण के लिए दिल्ली-लेह या दिल्ली-काजा यात्रा को ही पर्यटन की दृष्टि से संतुष्ट करना हो, तो कई मंजिलों पर वीरान हुई संपत्तियां आबाद हो सकती हैं। अंब-अंदौरा तक आती वंदे भारत से पर्यटन निगम ताल बैठाए या कांगड़ा, शिमला व कुल्लू की उड़ानों से सीधा जुड़े, तो सरकारी होटलों में बरकत आएगी। पर्यटन निगम को हिमाचली पर्यटन का वास्तविक ब्रांड तथा आने वाले सैलानियों की संतुष्टि का कारक बनने की जद्दोजहद करने का मादा पैदा करना है, तो यह हर तरफ से सुधार होगा।

> पर्यटन विकास निगम की घाटे की इकाइयों को सफल होने का नुस्खा सुझा दे, लेकिन सार्वजनिक उपक्रमों के बाल की खाल निकालना इतना भी आसान नहीं कि सुझावों की पवित्रता को पूरी तरह अपना लिया जाए। सुधारों की गुंजाइश सार्वजनिक क्षेत्र के हर पहलू में है। ऐसे में परिवहन निगम से मिल्क फेडरेशन तक के कामकाज को आईना दिखाया जा सकता है। इन तमाम निगमों की संपत्तियों का सही इस्तेमाल, संचालन तथा व्यावसायिक प्रबंधन के अलावा जवाबदेही तथा कार्यशैली में बदलाव की जरूरत है। मसलन एक-दो त्योहारों में मिठाई व अन्य उत्पाद बाजार में उतारने के बाद मिल्क फेडरेशन पूरा साल खामोशी से गुजार देती है। मसला मांग का नहीं है, लेकिन बाजार या उद्योग की मांग को संतुष्ट करने का है। हिमाचल का एक छोटा सा ढाबा अगर पर्यटक को संतुष्ट कर सकता है, तो निगम के पूर्ण प्रशिक्षित कर्मचारी यह सम्मान क्यों हासिल नहीं कर पाते। निस्संदेह निगम के होटलों का जायका अपनी विशिष्टता रखता है, लेकिन इस खासियत का पैगाम बिखरा हुआ है।

## वर्ष 2024 में चीन की विकास दर घटकर 4.0 फीसदी होगी

# वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के मौके

डा. जयंतीलाल भंडारी

> आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में आसियान देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के बाद जो बयान जारी किया है, उसके मुताबिक ये देश इस समूचे क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता से असहज और परेशान हैं तथा भारत के साथ आर्थिक, कारोबारी व सुरक्षा संबंधों का नया दौर आगे बढ़ाएंगे। इसी तरह हाल ही में वल्ड बैंक के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट अक्टूबर 2024 में कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच चीन के प्रोत्साहन उपायों के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था सुस्त होगी और भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

**हाल** ही में लाओस के वियनतियाने में आयोजित आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में आसियान देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के बाद जो बयान जारी किया है, उसके मुताबिक ये देश इस समूचे क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता से असहज और परेशान हैं तथा भारत के साथ आर्थिक, कारोबारी व सुरक्षा संबंधों का नया दौर आगे बढ़ाएंगे। इसी तरह हाल ही में वल्ड बैंक के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट अक्टूबर 2024 में कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच चीन के प्रोत्साहन उपायों के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था सुस्त होगी और भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वर्ष 2024 में चीन की विकास दर घटकर 4.0 फीसदी होगी। जबकि भारत की विकास दर 6.3 फीसदी से अधिक रहेगी। वस्तुतः भारत के पास उपभोक्ताओं का उभरता हुआ विशाल बाजार, युवाओं में जबरदस्त ढंग से आगे बढने की ललक, उद्यमिता की भावना और सुधार का रवैया वैश्विक संघर्ष और चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए नए अवसरों का आधार है। गौरतलब है कि विगत 4 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान युद्ध की अनिश्चितता के बीच भी दुनिया का भारत पर असाधारण आर्थिक विश्वास बना हुआ है। मोदी ने कहा कि दुनिया की नजरों में यह युग भारत का युग है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दुनिया में भारत ग्लोबल फिनटेक एडाप्शन के मामले में पहले क्रम पर है। इंटरनेट उपभोक्ताओं के मामले में दूसरे क्रम पर है। स्टार्टअप के मामले में तीसरे क्रम पर है और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में चौथे क्रम पर है। इतना ही नहीं, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और मूडीज जैसी वैश्विक एजेंसियां वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत को दुनिया की सबसे विश्वसनीय और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ-साथ निवेश के पसंदीदा देश के रूप में देख रही हैं। यद्यपि इस समय पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट का दौर बढ़ रहा है, लेकिन फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास और तेज विकास के मद्देनजर देसी उद्यमियों के साथ वैश्विक उद्यमियों के लिए भी बढ़ते अवसरों का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।



इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि हाल ही में दुनिया की ख्याति प्राप्त वित्तीय सेवा फर्म मॉर्गन स्टेनली ने कहा है कि सितंबर 2024 के दौरान भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए खुद को निवेश की पसंदीदा जगह बना लिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी नई रिपोर्ट 2024 में कहा है कि भारत आर्थिक विकास, विदेशी निवेश और नई तकनीकों के उपयोग की ऊंची संभावनाओं वाला देश है। अमेरिका चैंबर ऑफ कॉमर्स की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में अमेरिका की कंपनियों की वैश्विक निवेश पसंदगी में भारत का दूसरा स्थान है। इस समय चीन अमेरिकी निवेशकों की प्राथमिकता खोता जा रहा है। इतना ही नहीं, अमेरिका और चीन में बढ़ते तनाव के माहौल में इस समय चीन में कार्यरत 12 लाख करोड़ रुपए निवेश वाली 50 अमेरिकी कंपनियां अपना कारोबार चीन से समेटने की तैयारी में हैं। इन कंपनियों में से 15 कंपनियां भारत में निवेश की तैयारी कर रही हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि विगत 23 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर काम करने वाली 15 प्रमुख अमेरिकी कंपनियों के सीईओ को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बहुआयामी क्षेत्रों में दुनिया के लिए अपार आर्थिक मौके हैं। साथ ही भारत के प्रति अपार आशावाद भी भारत को प्रगति की डगर पर आगे बढ़ा रहा है। बौद्धिक संपदा की सुरक्षा, तकनीकी नवाचार को बढ़ावा, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी तथा विनिर्माण क्षेत्र को ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत पिछले तीन लगातार वर्षों से 7 प्रतिशत से अधिक की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। इस समय भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अब उनके तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार भारत को 'सेमीकंडक्टर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र' बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। ऐसे में वैश्विक कंपनियों को भारत की विकास गाथा का लाभ उठाना चाहिए तथा भारत के आर्थिक और तकनीकी विकास से अवसरों का दोहन करना चाहिए। इसमें कोई दो मत नहीं है कि अब भारत को आर्थिक दुनिया के एक उभरते सितारे के रूप में देखा जा रहा है, जो भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय साख को दर्शाता है। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत भारत की आर्थिक स्थिति से भी मिल रही है। अमेरिका और रूस दोनों महाशक्तियों के साथ भारत की मित्रता के नए अध्याय दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा एवं भारतीय बाजार में मौके बढ़ा रहे हैं। निःसंदेह भारत में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, कृषि विकास और बढ़ती ग्रामीण अर्थव्यवस्था देश और दुनिया के कारोबारियों और निवेशकों के लिए मौकों का नया द्वार खोल रही है। देश में खाद्यान्न उत्पादन ऊंचाई बना रहा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक अब देश की खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ वैश्विक खाद्य सुरक्षा में अहम भूमिका निभाने के लिए भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। अब भारत दुनिया के खाद्य कटोरे के रूप में रेखांकित हो रहा है। भारत दुनिया के 150 से अधिक देशों को खाद्य पदार्थों के निर्यातक देश के रूप में दुनिया में रेखांकित हो रहा है। भारत दुनिया का आठवां बड़ा कृषि निर्यातक देश बन गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय शेयर बाजार ऊंचाई पर है और दुनिया के लिए भारतीय शेयर बाजार में मौके बढ़ रहे हैं। वर्ष 2024 की शुरुआत से भारत में आईपीओ का बाजार गुलजार है। भारत में म्युचुअल फंड (एमएफ) में निवेश छलांगें लगाकर बढ़ रहे हैं। अगस्त 2024 तक डीमैट खातों की संख्या 17.10 करोड़ के पार हो गई है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि विदेश व्यापार में भारत की नई संभावनाएं दुनिया के लिए नए मौके के रूप में हैं। 'चीन प्लस वन' रणनीति के तहत भारत दुनिया के सक्षम व भरोसेमंद देश के रूप में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में नई भूमिका निभा रही है।

दृष्टि कोण

# वित्तीय संकट में कर्मचारी हित कहां तक?

**हिमाचल** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सत्ता संभालने के बाद एनपीएस एवं सचिवालय कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्हें सरकार की रीढ़ की हड्डी बताया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के कठिन परिश्रम और सहयोग से ही सरकार अपनी नीतियों और कार्यक्रमों को सही दिशा में क्रियान्वित कर सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार कर्मचारियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध रखेगी तथा उनके सभी देय लाभ समय पर प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है। परंतु वर्तमान सरकार के कार्यकाल का दूसरा साल भी पूरा होने को है, लेकिन कर्मचारियों के देय लाभ की अदायगी अभी तक नहीं हो सकी। हिमाचल सरकार के एक और निर्णय के अनुसार सरकार के सचिवालय, विभिन्न विभागों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को सितंबर महीने से वेतन हर महीने की 5 तारीख तथा पेंशन 10 तारीख को वितरित की जाया करेगी। इससे सरकार ब्याज के 36 करोड़ रुपए सालाना बचाएगी। सितंबर पहली तारीख को वेतन एवं पेंशन की अदायगी नहीं होने पर कर्मचारियों ने राज्य के विभिन्न स्थानों पर धरना प्रदर्शन किए। सचिवालय कर्मचारी संगठन के कुछ नेताओं को प्रिविलेज नोटिस जारी किया गया तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। कर्मचारियों तथा पेंशनरों का विरोध करना जायज है, क्योंकि कर्मचारियों को अपनी जायज मांगों के लिए प्रदर्शन करना ट्रेड यूनियन एक्ट के तहत अधिकार भी है, अगर यह नियमानुसार किया हो। परंतु सरकार ने कर्मचारियों को सितंबर महीने का वेतन पहली अक्टूबर तथा पेंशनरों को पेंशन 10 तारीख को जारी की तथा अब सरकार ने कर्मचारियों तथा पेंशनरों को अक्टूबर महीने का वेतन 28 अक्टूबर को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते के साथ देने का आदेश जारी किया। इस पर कर्मचारियों के नेताओं ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इसके लिए न ही कर्मचारियों को धन्यवाद और न ही सरकार को एहसान जताना चाहिए। यह कर्मचारियों/पेंशनर्ज का अधिकार है। अभी और भी महंगाई भत्ते की किस्तें तथा इसका बकाया पेंडिंग है जिसका कोई जिक्र तक नहीं है। प्रदेश सरकार में रहे पूर्व मुख्यमंत्रियों तथा देश की केंद्रीय सरकारें तथा अन्य राज्यों की सरकारें भी महीने की पहली तारीख को वेतन/पेंशन अदा करती रही हैं और अब भी कर रही हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार को भी पूरे देश के साथ एकरूपता बनाए रखनी चाहिए और अपने इस फैसले को कर्मचारियों/पेंशनरों के हित में वापस लेना चाहिए। इसके साथ कर्मचारियों/पेंशनरों को संशोधित वेतनमान/पेंशन का एरियर्स तथा सेवानिवृत्ति लाभ एकमुश्त, अविलंब दे देना चाहिए, क्योंकि संशोधित वेतनमान लागू हुए बहुत समय हो चुका है। देय राशि को छोटी-छोटी किस्तों में देना उनके साथ न्याय नहीं है, क्योंकि यह राशि उन्होंने पूर्व में कमाई हुई है। कर्मचारी/रिटायर्ड कर्मचारी अपनी बहुत सी जिम्मेदारियों को इसी राशि से निभाते हैं। सरकार स्थायी संस्था है, ओवर ड्राफ्ट और देनदारियों का सिलसिला चलता रहता है। प्रदेश सरकार के साथ वार्ता के लिए सभी विभागों की एक फेडरेशन होनी चाहिए जिसे सरकार को मान्यता देकर हर माह वार्ता के लिए बुलाना चाहिए। इस समय हिमाचल सरकार की देनदारियां 90000 करोड़ हो गई हैं। इसका हवाला देकर वर्तमान सरकार कर्मचारियों की देय महंगाई भत्ते की किस्तें, संशोधित वेतनमान/पेंशन का एरियर्ज आदि नहीं दे रही है। कर्मचारियों तथा उनके नेताओं को चाहिए और यह आवश्यक भी है कि वे अपने-अपने विभागों के प्रबंधन के साथ मिलकर अपने संगठनों की वित्तीय स्थिति सुधारने के बारे में सोचें। यूनियन एवं प्रबंधन को कर्मचारियों के कर्तव्यों के बारे में बताना होगा ताकि विभागों की वित्तीय स्थिति में सुधार हो सके तथा संगठन के उद्देश्य प्राप्त किए जा सकें। इस समय हिमाचल प्रदेश में 23 में से 14 सार्वजनिक उपक्रम घाटे में चल रहे हैं। इनका कुल घाटा 31 मार्च 2023 को 5143.4 करोड़ रुपए था। घाटे में एचआरटीसी पहले, एचपीएसईबी दूसरे, एचपीपीसीएल तीसरे तथा एचपीटीसीएल चौथे स्थान पर है। इन सार्वजनिक उपक्रमों के घाटे से उनकी वित्तीय व्यवहार्यता, इन पीएसयू में काम करने वाले कर्मचारियों की आजीविका पर असर डाल रही है। सरकार, प्रबंधन और कर्मचारी नेताओं को इक_े बैठ कर इन पीएसयू के पुनरोद्धार के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए, ताकि ये पीएसयू अपने कर्मचारियों का वेतन, पेंशन, वेतनमानों का एरियर्ज आदि तथा अपने कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन दे सकें। परंतु सरकार किसी संगठन में कोई सुधार कर रही है तो संबंधित विभाग की कर्मचारियों की यूनियन से सलाह लिए बगैर आदेश जारी कर रही है।

कुछ अलग

# कच्ची उम्र का विवाह

**यह** किसी समाज के लिये बेहद नकारात्मक टिप्पणी है कि सदियों के प्रयास के बावजूद वहां बाल विवाह की कुप्रथा विद्यमान है। यहां यह विचारणीय तथ्य है कि समाज में ऐसी प्रतिगामी सोच क्यों पनपती है कि लोग परंपराओं को कानून से ऊपर समझने लगते हैं। हमें यह भी सोचना होगा कि कानून की कसौटी पर अस्वीकार्य होने के बावजूद बाल विवाह की परंपरा क्यों जारी है? यह हम सभी जानते हैं कि कम आयु के बच्चे अपने भविष्य के जीवन के बारे में परिपक्व फैसला लेने में सक्षम नहीं होते। साथ ही वे इस स्थिति में भी नहीं होते कि उनके जीवन पर थोपे जा रहे फैसले का मुखर विरोध कर सकें। उनके सामने आर्थिक स्वावलंबन का भी प्रश्न होता है। लेकिन अभिभावक क्यों इस मामले में दूरदृष्टि नहीं रखते? सही मायने में बाल विवाह बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ही है। भले ही मजबूरी में वे इस थोपे हुए विवाह के लिये राजी हो जाएं, लेकिन उसकी कसक जीवन पर्यंत बनी रहती है। जो उनके स्वाभाविक विकास में एक बड़ी बाधा बन जाता है। इसको लेकर समाज में जागरूकता के प्रसार की जरूरत है ताकि बच्चे भी ऐसे किसी प्रयास का विरोध कर सकें। जिसमें बाल विवाह पर नियंत्रण करने वाले विभागों की जिम्मेदारी व सजगता बढ़ाने की भी जरूरत है। जिससे बाल विवाह का विरोध करने वाले किशोरों को भी संबल मिल सके। यही वजह है कि इस संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट को कड़ा रुख दिखाते हुए कहना पड़ा कि कानून परंपराओं से ऊपर है। कोर्ट का कथन तार्किक है कि जिन बच्चों की कम उम्र में शादी करा दी जाती है क्या वे इस मामले में तार्किक व परिपक्व सोच रखते हैं? एक संबंधित याचिका पर सुनवायी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह समय की मांग है कि इस कानून को लागू करने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए। इस बाबत उन समुदायों व धर्मों के लोगों को बताया जाना चाहिए कि बाल विवाह कराया जाना एक आत्मघाती कदम है। यह समझना कठिन नहीं है कि कम उम्र में विवाह कालांतर जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिये भी घातक साबित होता है। उनकी पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाती और वे अपनी आकांक्षाओं का कैरियर भी नहीं बना सकते। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का कथन इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। कोर्ट को कहना पड़ा कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम को व्यक्तिगत कानूनों के जरिये बाधित नहीं किया जा सकता। यद्यपि कोर्ट ने यह भी स्वीकार किया कि यह कानून संपूर्ण नहीं है और इससे जुड़ी कुछ कमियों को दूर करने की जरूरत है। जिसके निराकरण के लिये समन्वय का ध्यान रखने की जरूरत है। अदालत ने एक महत्वपूर्ण बात भी कही कि बच्चों पर बाल विवाह थोपना उनके अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने की स्वतंत्र इच्छा का भी दमन है। निश्चय ही इस बाबत बदलाव लाने के लिये कानून में जरूरी बदलाव लाने के साथ ही समाज में जागरूकता लाने की भी जरूरत है।



देश दुनीया से

# भ्रष्टाचार से कांग्रेस ने सबक नहीं सीखने की ठान ली!

> कांग्रेस के केंद्र और ज्यादातर राज्यों से सत्ता बाहर होने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार से दामन नहीं छुड़ा पाएं हैं। कर्नाटक कांग्रेस की सरकार के जमीनों में बंदरबांट इसका नया उदाहरण है। इसके चलते मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मारी गौड़ा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उल्लेखनीय है कि उनका इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी बीएन पार्वती और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ चल रहे भूमि घोटाले की जांच राज्य और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है।

**कांग्रेस** ने भ्रष्टाचार के कारण देशभर में हुई बदनामी से सत्ता गंवाने के बावजूद सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस के केंद्र और ज्यादातर राज्यों से सत्ता बाहर होने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार से दामन नहीं छुड़ा पाएं हैं। कर्नाटक कांग्रेस की सरकार के जमीनों में बंदरबांट इसका नया उदाहरण है। इसके चलते मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मारी गौड़ा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उल्लेखनीय है कि उनका इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी बीएन पार्वती और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ चल रहे भूमि घोटाले की जांच राज्य और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है। सिद्धारमैया और उनकी पत्नी बीएन पार्वती पर मैसूरु के विजयनगर क्षेत्र में 14 प्लॉट आवंटित किए गए प्लॉट को लेकर सवाल उठे थे। सिद्धारमैया की पत्नी ने प्लॉट लौटाने की पेशकश की थी। जिसे वापस लेने पर प्राधिकरण ने सहमति जताई। मुख्यमंत्री के जमीन आंवटन में हेराफेरी की जांच के बीच मल्लिकार्जुन खडग़े ने कर्नाटक द्वारा आवंटित जमीन लौटा दी। यह विवाद मार्च 2024 में शुरू हुआ, जब कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने राहुल खडग़े की अध्यक्षता वाले सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को ज़मीन दी। विचाराधीन भूमि मल्लिकार्जुन खडग़े के बेटे राहुल एम खडग़े को कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) द्वारा बगलूर में हाई-टेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क के हार्डवेयर क्षेत्र में आवंटित की गई थी। कांग्रेस का शायद ही ऐसा कोई वरिष्ठ नेता होगा जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप और मामले दर्ज नहीं किए गए हैं। पार्टी में कनिष्ठ से लेकर शीर्ष तक के नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वालीं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं। भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती रही है। पार्टी का कहना है कि बीजेपी की मोदी सरकार राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। करोड़ों की एंबुलेंस खरीद में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदम्बरम, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ए.ए खान, श्वेता मंगल, शफी माथेर और निदेशक एन आर एच एम के विरूद्ध 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का मामला दर्ज किया गया था। एंबुलेंस खरीदने के लिए जो टेंडर जारी किया गया, उसमें गड़बड़ी की गई थी। इस मामले में 31 जुलाई 2014 को जयपुर के अशोक नगर थाना पुलिस ने जयपुर नगर निगम के पूर्व मेयर पंकज जोशी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। कर्नाटक में कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति दर्ज करने का मामला चल रहा है। 2017 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने डीके शिवकुमार के 64 ठिकानों पर जबर्दस्त छापेमारी की थी। टैक्स चोरी की शिकायतों पर यह कार्रवाई हुई थी। उस दौरान डीके शिवकुमार व अन्य कांग्रेस नेताओं ने राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया था। इसी तरह वीरभद्र सिंह हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी केंद्रीय एजेंसियों ने जांच की। सितंबर 2015 में उनकी बेटी की शादी के दिन सीबीआई ने छापेमारी कर खलबली मचा दी थी। कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने के आरोपों की सीबीआई आदि केंद्रीय एजेंसियां जांच कर रही हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी भी फंसे हैं। यह मामला अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी से 36 अरब रुपए के 12 वीआईपी हेलिकॉप्टर खरीदने थे से जुड़ा है। आरोप है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया इस वीआईपी चॉपर खरीद के पीछे अहम भूमिका निभा रही थीं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने इस मामले को पिछली मोदी सरकार में उठाया था, जिसके बाद घमासान मचा था। नेशनल हेराल्ड केस-2011 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता फंसे हैं। आरोप है कि कांग्रेस के पैसे से 1938 में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी खड़ी की गई, जो नेशनल हेराल्ड, नवजीवन और क़ौमी आवाज़ नामक तीन अखबारों का संचालन करती थी। एक अप्रैल 2008 को सभी अखबार बंद हो गए. इसके बाद कांग्रेस ने 26 फरवरी 2011 को इसकी 90 करोड़ रुपये की देनदारियों को अपने जिम्मे ले लिया था। मतलब पार्टी ने इसे 90 करोड़ का लोन दे दिया।

आप का नजरीया

# प्रदूषण की 'सफेद झाग'

**राजधानी** दिल्ली में प्रदूषण इस पराकाष्ठा तक पहुंच गया है कि यमुना नदी में पानी के स्थान पर 'सफेद झाग' उभर आई है। यह प्रदूषित और जहरीली झाग है। यमुना नदी इतिहास के पन्नों में खो गई है। वह अब या तो गंदा नाला है अथवा सफेद झाग का कोई गहरा गड्ढा... । यमुना किनारे औद्योगिक इकाइयों के कचरे का अपशिष्ट नदी में गिर रहा है। आखिर इन इकाइयों को वहां से हटाया क्यों नहीं गया? प्रदूषण के कणों से मिलकर कचरा सफेद झाग में तबदील हो रहा है। कई बार ऐसा एहसास होता है मानो यमुना नदी की सतह पर सफेद बादल बन गए हों, लेकिन यह झाग दिल्ली के खतरनाक और जानलेवा पर्यावरण का प्रतीक है। यमुना भी एक राजनीतिक जुमला बन कर रह गई है। बीते 8 सालों के दौरान यमुना की सफाई पर करीब 6856 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। यह राशि केंद्र सरकार ने बजट के तौर पर दिल्ली सरकार को दी है। अद्र्धराज्य सरकार ने 1000 करोड़ रुपए से अधिक का उपकर 'प्रदूषण सेस' भी दिल्लीवालों पर थोपा है। यह पूरी राशि कहां खर्च की गई, यमुना अब भी प्रदूषित और जहरीली क्यों है, तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सरेआम कहा था कि यमुना में डुबकी मारने की स्थिति न हो जाए, तो दिल्ली 'आम आदमी पार्टी' को वोट मत देना, करदाता का पैसा कहां फूंक दिया गया, इन तमाम सवालों के जवाब केजरीवाल एंड कंपनी को देने ही होंगे। दिल्ली के 'गैस चैंबर' में अदालतें भी मौजूद हैं। न्यायाधीश भी बसे रहने को अभिशप्त हैं। क्या वे 'आप' सरकार को तलब करके ये सवाल नहीं पूछेंगे? यह 'सफेद झाग' जानलेवा भी साबित हो सकता है। छठ पर्व की पूजा और स्नान के दिन बहुत दूर नहीं हैं। धार्मिक आस्था के लोग अब भी सफेद झाग की यमुना में अपने बच्चों का स्नान करवा रहे हैं। ऐसी तस्वीरें मीडिया में छपी हैं। या तो उन्हें सफेद झाग के जहरीले प्रभावों की जानकारी नहीं है अथवा वे धार्मिक तौर पर विवश हैं, लिहाजा उस सफेद झाग के संपर्क में हैं! ईश्वर न करे कि वे बच्चे बीमार हों, लेकिन कोई अनहोनी हो गई, तो क्या उसका अपराध दिल्ली सरकार पर चस्पा किया जाएगा? दरअसल यह राजनीतिक जमात इतनी बेशर्म क्यों है कि यमुना की सफाई तक नहीं कराई जा सकी, जबकि सरकार को पर्याप्त बजट दिया गया था? करीब 10 साल तक केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रहे और यमुना की निर्मलता और विरलता के जुमले उछालते रहे, अंततः यमुना में जहरीली झाग पैदा हो गई। क्या लोकतंत्र में जवाबदेही की कोई गुंजाइश नहीं होती? चूंकि राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब और गंभीर स्थिति में पहुंच चुका है। एक दर्जन से अधिक हॉट स्पॉट ऐसे हैं, जहां वायु का स्तर 300-400 या उससे अधिक हो गया है। देश की राजधानी की 'हवा' इतनी विषाक्त हो चुकी है कि आश्चर्य होता है। सांस घुटने लगा है, खांसी लगातार हो रही है, निमोनिया के केस भी आ रहे हैं, हार्ट अटैक अचानक होने लगे हैं। दिमागी बीमारियां भी उभर सकती हैं। जन्म लेने वाले शिशुओं के वजन कम हो सकते हैं। कुछ दीर्घकालीन बीमारियां भी पैदा हो सकती हैं।

## भाजपा ही करेगी झारखंड का विकास : चिराग पासवान

# सिमरिया विधानसभा के प्रत्याशी उज्वल दास के नामांकन में चिराग पासवान हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** लोजपा प्रमुख चिराग पासवान ने गुरुवार को सिमरिया के खादी ग्रामोद्योग मैदान में एक चुनावी सभा में शामिल होकर कार्यकर्ताओं को किया संबोधित। अपने संबोधन भाषण में उन्होंने कहा कि झारखंड का विकास भाजपा ही करेगी भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खाने वालों से झारखंड का कोई भला नहीं हो सकता। यह बातें लोजपा प्रमुख चिराग पासवान सिमरिया प्रत्याशी उज्जवल दास के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि देश आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की नई कहानी लिख रहा है। भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने को लेकर अग्रसर है। भक्ति आस्था का राम मंदिर अयोध्या में प्रतिस्थापित हो चुका है। भाजपा के डिजिटल इंडिया में गरीब बच्चे भी मोबाइल से वीडियो बना रहे हैं। विकसित भारत का सपना साकार हो रहा है। ऐसे में झारखंड को भी देश के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करना होगा और विकास की राह पर चलना होगा। भाजपा के सत्ता में लौटते हैं झारखंड में बड़ा बदलाव होगा और विकास की राह पर चल पड़ेगा। केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ आप तक सही तरीके से पहुंचेगा और आप लाभान्वित होंगे। झामुमों की सरकार ने झारखंड को बर्बाद किया है। यह लूट खसोट की सरकार है। इस सरकार में विधि व्यवस्था भी चरमराई हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनावी अभियान में लग जाने को कहा और आम लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने को कहा ताकि झारखंड को विकसित राज्य बनाया जा सके। जनसभा में जिले से लेकर प्रखंड तक के तमाम मोर्चों और अनुषंगिक इकाई के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अस्पताल परिसर को बनाया पार्किंग जोन, मरीजों की बढ़ी परेशानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** भाजपा प्रत्याशी उज्ज्वल कुमार दास ने गुरुवार को सिमरिया अनुमंडल कार्यालय में निर्वाची सह अनुमंडल पदाधिकारी आईएस सन्नी राज के समक्ष दो सेट में अपना नामांकन भाजपा प्रत्याशी के रूप में किया है। नामांक से पूर्व प्रत्याशी उज्ज्वल दास ने सिमरिया सुभाष चौक स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया।जिसके बाद अपने समर्थकों के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस कार्यक्रम में आये भाजपा समर्थक वगैर अनुमति प्राप्त किए सिमरिया रेफरल अस्पताल परिसर को पार्किंग जोन में तब्दील कर दिया।जिससे अस्पताल में आने जाने वाले मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताते चलें कि आदर्श आचार संहिता लगने के बाद सरकारी चल अचल सम्पत्तियों का उपयोग किसी भी राजनीतिक पार्टियों या उम्मीदवारों के लिए वगैर अनुमति प्राप्त किए चुनाव आयोग द्वारा सख्त मनाही किया गया है। बावजूद चल अचल सम्पत्तियों का उपयोग किया जाता है तो उसे चुनाव आयोग द्वारा लगाए गए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाता है। जिसके तहत उम्मीदवार पर मुकदमा दर्ज किया जाता है।परंतु सिमरिया में आयोजित विधानसभा प्रत्याशी उज्ज्वल दास के कार्यकर्ताओं द्वारा खुल सरकारी संस्थान के परिसर में वाहन लगा अचार संहिता का उलंघन किया गया है।

## 5 साल से कम उम्र के बच्चों का किया गया टीकाकरण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत गांगपुर स्वास्थ्य केंद्र में बृहस्पतिवार को एएनएम सिमा सिंह आंगनबाड़ी सेविका एवं सहिया साथी सुचिता कुमारी के द्वारा शिविर लगाकर 5 साल से कम उम्र के बच्चों को टीकाकरण किया गया। जहां दर्जनों बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को कई टीका करण किया गया। जैसे खसरा, बूस्टर बीसीजी विटामिन ए ट दवा भी दिया गया मौके पर स्वास्थ्य कर्मी के साथ गर्भवती महिलाएं व बच्चे थे।

## तीन विद्यालय में दीपावली मेला का हुआ आयोजन बच्चों ने किया रंगोली एवं चित्रांकन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत में संचालित उत्क्रमित उच्च विद्यालय द्वारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय इंदरवा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिलैया में दीपावली त्यौहार के उपलक्ष में दीपावली मेला का आयोजन बृहस्पतिवार को किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख अनीता यादव एवं पंचायत मुखिया जगदीश यादव के साथ अन्य समाजसेवी व गण्यमान्य लोग भी थे। जहां दीपावली मेला में विद्यालय के बच्चे एवं बच्चियों ने अपना-अपना प्रतिभा दिखाएं। जिसमें चित्रकला रंगोली दिया निर्माण एवं अन्य कार्य करते हुए दीपावली मेला का आनंद उठाया। मौके पर उपस्थित विद्यालय प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह,स्नेह लता, वीरेंद्र यादव के साथ-साथ विद्यालय के अन्य शिक्षकों व बच्चे बच्चियों उपस्थित थे।

## नामांकन के 7 वें दिन तक तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन

# जेएमएम से मनोज चंद्रा, भाजपा से उज्वल दास, बहुजन समाज पार्टी से रामोतार राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल मुख्यालय में सिमरिया विधानसभा अ ज 26 से नामांकन के सातवें दिन तक कुल तीन प्रत्याशियों ने अब तक अपना अपना नामांकन किया है। यह नामांकन आईएएस अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी सन्नी राज के समक्ष अपना अपना नामांकन सौंपा है। जिसमें झारखण्ड मुक्ति मोर्चा सह महागठबंधन के मनोज चंद्रा, भाजपा से उज्वल दास, बहुजन समाज पार्टी से रामोतार राम ने दो दो सेट में नामांकन किया है। अब नामांकन के मात्र एक दिन बचे हैं। अब देखना यह होगा कि चुनाव महासमर में कितने लोग निर्दलीय या राष्ट्रीय पार्टियों द्वारा नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। हालांकि नामांकन में भीड़ की बात करें तो सबसे अधिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ जे एमएम सह महागठबंधन के प्रत्याशियों में देखा गया हैं वहीं भाजपा के प्रत्याशी उज्वल दास के नामांकन में कम भीड़ देखी गई।तीसरे स्थान पर यदि बहुजन समाज समाज की बात करें तो सबसे न्यूनतम भीड़ बहुजन समाज पार्टी को देखा गया है इसे में चुनावी समर बड़ा कश्मकश होता नजर आ रहा है। लोगों में चुनाव के प्रति उत्साह नजर नहीं आ रहा है।

# चतरा विधान सभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक अमरुतेश कालिदास का हुआ चतरा आगमन

## सामान्य प्रेक्षक द्वारा किया गया लेखा व्यय कोषांग व वज्रगृह का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड विधान सभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 27-चतरा विधान सभा क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक श्री अमरुतेश कालिदास की प्रतिनियुक्ति की गयी है। आज इनका आगमन चतरा परिसदन में हुआ है। सामान्य प्रेक्षक द्वारा चतरा कॉलेज चतरा में बनाए गए वज्रगृह एवं विकास भवन में संचालित लेखा व्यय कोषांग का निरीक्षण किया गया। सामान्य प्रेक्षक श्री ने की जा रही तैयारियों का निरीक्षण करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, डीआरडीए निर्देशक अलका कुमारी, संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य सम्बंधित उपस्थित थे।

## सीओ के नेतृत्व में रात्रि को 3 बजे तपसा नदी से बालू माफियाओं पर की गई कारवाई



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया अंचल अधिकारी गौरव कुमार राय के नेतृत्व में शाम 7 बजे से लेकर रात्रि 3 बजे तक तपसा नदी शिला ओपी क्षेत्र में बालू माफियाओं के खिलाफ़ टीम का गठन कर छापेमारी की गई। जहा टीम में शामिल ज़िला खनन पदाधिकारी, खनन इंस्पेक्टर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारीं प्रदीप कुमार, शीला ओपी प्रभारी राहुल कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से बालू माफियाओं के द्वारा संग्रहित 40 ट्रेक्टर बालू ज़ब्त किया गया। जब्त बालू शीला ओपी प्रभारी को सौंप दिया गया है। इस तरह बालू माफियाओं के खिलाफ लगातार अंचलाधिकारी द्वारा कारवाई से माफियाओं में हड़कंप मची हुई है। आपको बता दें कि बालू माफियाओं के विरुद्ध अंचलाधिकारी गौरव कुमार ने निरंतर अभियान चला कर कारवाई कर रहे हैं।जिससे क्षेत्र के बालू माफियाओं में हड़कंप मची हुई है।

# लातेहार विस सीट से एनसीपी प्रत्याशी शिवनाथ रजक ने भरा नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर लातेहार विधानसभा सीट से एनसीपी (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) के प्रत्याशी शिवनाथ रजक ने गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला परिषद सदस्य चंचला देवी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे। नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जहां शिवनाथ रजक ने अपने प्रस्तावकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। शिवनाथ रजक जो क्षेत्र में अपने विकास कार्यों और समाज सेवा के लिए जाने जाते हैं,। वहीं श्री रजक ने कहा कि मैं लातेहार के विकास और आम जनता के हक के लिए पूरी ईमानदारी और समर्पण से काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हमारे क्षेत्र की जनता ने हमेशा मेरा साथ दिया है, और मुझे उम्मीद है कि इस चुनाव में भी वे मुझे अपना समर्थन देंगे।इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य चंचला देवी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और शिवनाथ रजक के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिवनाथ का नामांकन लातेहार के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। उनके पास जनहित में कार्य करने का व्यापक अनुभव है, और वे लातेहार के हर वर्ग के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

## लातेहार से झामुमो प्रत्याशी बैधनाथ राम ने किया नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधानसभा चुनाव के नामांकन के छठे दिन गुरुवार को लातेहार विधानसभा क्षेत्र के लिए राज्य के शिक्षा मंत्री सह झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम ने नामांकन पर्चा भरा। नामांकन के दौरान लातेहार से महागठबंधन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं क्षेत्र से भारी संख्या में लोग शामिल हुए।पर्चा भरने के बाद झामुमो प्रत्याशी श्री राम ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा की पोल खोल दी एवं पूर्व रघुवर सरकार पर जमकर हमला बोला।कहा कि भाजपा कि सरकार ने सिर्फ लोगों को गुमराह करने का काम किया गया है। जाति धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाने का काम किया गया है जबकि हमारे हेमंत की सरकार ने हमारे माता बहनों को सम्मान देने का कार्य किया है हमारी माता बहनों को किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत ना पड़े इसको लेकर प्रत्येक महीना एक हजार देने का काम किया यह पहली सरकार है जो जनता से जो वादा किया उसको पूरा करने का काम किया है। आगे उन्होंने राज्य के हेमंत सरकार के किए गये कार्यो की जमकर सराहना की।उन्होंने कहा कि आज राज्य में महिलाओं को सम्मान मिला। युवाओं को रोजगार मिला। साथ ही उन्होंने पूर्व की रघुवर सरकार पर हमला बोला और कहा कि भाजपा सरकार केवल बातें करती रहीं और कुछ किया नहीं, जब आज हमारी सरकार के द्वारा राज्य के चहुमूखी विकास कर रही है तो उनके पास कुछ बोलने के लिए बचा नहीं तो उनके नेताओं के द्वारा अनाप सनाप बयानबाजी किया जा रहा हैं। हमारी सरकार ने गरीबों को अबुआ आवास मुहैया करा रही है। गरीबों के लिए रोजगार का सृजन कर रही है।

## स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता शपथ के माध्यम से छात्राओं को किया गया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशानुसार स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।इसी क्रम में गुरुवार को स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस के नेतृत्व में कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय, बाजकुम, लातेहार में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता शपथ का आयोजन कर छात्राओं को मतदान के महत्ता के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावे फर्स्ट टाइम वोटर्स की श्रेणी में आ रही युवा मतदाताओं को विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में 74 लातेहार विधानसभा, 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र के लिए 13 नवंबर को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया।इस दौरान ÷वोट करेगा लातेहार, 13 नवंबर, चुनाव का पर्व देश का गर्व, आई एम रेडी टू वोट संबंधित मतदान नारों का उद्घोष किया गया।

## मनिका विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने दाखिल किया नामांकन पत्र



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को हजारों समर्थकों के साथ अनुमंडल कार्यालय महुआडांड़ में सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने अपनी एकता और अखंडता अपनी संस्कृति और परंपरा को बचाने एवं संविधान को सुरक्षित रखने के लिए निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीएम विपिन कुमार दुबे को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।इस दौरान कई कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।इस मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि हमने अपने राजनैतिक जीवन में हमेशा से जात-पात धर्म से परे होकर क्षेत्र के विकास में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले महज तीन वर्षो के कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र को मूलभूत सुविधाओं से परिपूर्ण करने की कोशिश की है। बताया कि क्षेत्र की जनता फिर एकबार समय देती है तो विकास की लकीरें पुरी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी गठबंधन की सरकार ने एक से बढ़कर एक महत्वाकांक्षी व कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है जिसका लाभ आम जनता को मिला है जिसे बरकरार रखने की जवाबदेही तय करने की जरूरत अब हमारी जनता को है। हालांकि गठबंधन के कई स्थानीय नेता व कार्यकर्ता उक्त कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। बताते चलें कि विधायक रामचंद्र सिंह ने यह अपनी कामयाबी के लिए छठी बार नामांकन पत्र दाखिल किया है इससे पहले उन्होंने 1995, 2005 और 2019 में भाजपा को पराजित कर विधानसभा का परचम लहराया है।

# लातेहार से भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम ने किया नामांकन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम ने गुरुवार को नामांकन पर्चा भरा। इनके नामांकन में लातेहार विधानसभा के सभी क्षेत्रों से जनता पहुंचे थे। यहां तक कि गढ़वा, पलामू व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी भी मौजूद थे।अपना नामांकन पर्चा अनुमंडल कार्यालय में जमा करने के बाद राज्य सरकार और स्थानीय विधायक सह मंत्री बैद्यनाथ राम पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज लातेहार विधानसभा क्षेत्र में मैने विकास को गति दी थी, उसे निर्वमान विधायक बैद्यनाथ राम ने पटरी से उतार दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के शिक्षा मंत्री होने के बाद भी लातेहार विधानसभा में एक डिग्री कॉलेज नहीं खुलवा पाए तो इनसे क्या आशा की जा सकती है आज लातेहार में दो बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई है लेकिन उसमें शिक्षा या कहें तो पठन-पाठन का कार्य नहीं हो रहा है। जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की कमी है। हमारी सरकार बनी तो हम इन समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने आगे कहा, हमारी प्राथमिकता लातेहार जिले के विकास को बढ़ावा देना है। हम यहां के लोगों के लिए बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लातेहार जिले के विकास के लिए कुछ नहीं किया है। उनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर है। अपराधी बेलगाम हो गये हैं। जिसका नतीजा है की हमारे माँ बहन सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रही है। आगे उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा का स्तर भी अच्छी नहीं है।नामकन पत्र भरने के बाद प्रकाश राम धर्मपुर स्थित पुराना पुलिस लाईन में आयोजित जनसभा में हजारों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं समेत जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी के हितों कि बात करने वाली हेमंत सरकार आज आदिवासियों कि हितों की रक्षा और सुरक्षा नहीं कर पा रही है जिसका जीता जागता उदहारण बालूमाथ में है।जहाँ आदिवादियों पर हमले हुए हैं। आगे उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा का स्तर भी अच्छी नहीं है। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि लातेहार विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा की जीत तय है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में सिर्फ लूट और भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा है। जनता को सिर्फ ठगने का काम किया गया है। इसलिए झारखंड में इस बार भारी बहुमत वाली भाजपा की सरकार बनेगी। इसके बाद सभा स्थल से एक विशाल रैली निकाली गई।जो मुख्य पथ होते हुए समाहरणालय गेट तक पंहुची।

# उपायुक्त के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरुकता को बढ़ावा देने का दिया गया निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में स्वीप कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में कमेटी के सदस्यों द्वारा विधान सभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर वृहत स्तर पर प्रचार-प्रसार करने पर चर्चा की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिला स्तर पर स्वीप कोर कमेटी के सभी पदाधिकारी अपने-अपने कार्यों का निर्वहन बेहतर तरीके से करना सुनिश्चित करेंगे। स्वीप कोर कमेटी का मुख्य उद्देश्य है कि कोई मतदाता छूटे न एवं शत-प्रतिशत मतदाता मतदान की प्रक्रिया में भाग ले। जिला स्तर पर स्वीप कोर कमिटी के सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वीप कोषांग के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से फर्स्ट टाइम वोटर्स, दिव्यांग, बुजुर्ग एवं प्रवासी मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाताओं की मतदान के प्रति सकारात्मक प्रभाव पड़े तथा युवा मतदाता मतदान के लिए अपने घरों से निकल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करें। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अवगत कराया कि आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में मतदान केंद्र पहुंच पाने में असमर्थ वृद्ध (85+ आयुवर्ग) एवं विकलांग (40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता) लोगों के लिए होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि वैसे दिव्यांग मतदाता जो मतदान केंद्र आने में समर्थ है वह मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करें यह सुनिश्चित हो।इस दौरान उपायुक्त ने स्वीप कोर के सदस्यों को कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र को चिन्हित कर वहां अधिकांश स्वीप गतिविधियों जैसे नुक्कड़ नाटक, शपथ, पेंटिंग, रंगोली, हस्ताक्षर अभियान, शपथ कार्यक्रम, क्विज आदि का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी - सोशल मीडिया पब्लिसिटी पदाधिकारी सुधा राज, कमेटी के सदस्य नवल किशोर, कंचन कुमारी, आशीष टैगोर उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन के धक्के से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बालूमाथ-रांची मुख्य पथ एनएच 22 पर कड़का नदी बरियातू के पास अज्ञात वाहन के धक्के से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनि देवल उरांव बरियातू बाजार से अपने घर वापस पुकचु जा रहा था ।इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गया। जिससे युवक मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रेफर किया गया।

## औषधि निरीक्षक ने बालूमाथ में कई दवा दुकानों का किया निरीक्षण



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को लातेहार जिले के औषधि निरीक्षक पूनम तिर्की ने बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित कई दुकानों पर निरीक्षण किया द्य निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवा दुकान में उपलब्ध दवा, दवा का स्टॉक, एक्सपायरी के साथ-साथ आवश्यक कागजातों की जांच की। इसके साथ ही बिल पर्ची और सरकार द्वारा निर्धारित सभी नियमों का पालन करने का संबंधी दुकानदारों को निर्देशित किया द्य उन्होंने दुकान में उपलब्ध दवाइयां की भी जांच की द्य इस दौरान औषधि निरीक्षक ने बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के फेमस मेडिकल हॉल आरएस मेडिकल हॉल न्यू आरएस मेडिकल हॉल लखन मेडिकल आनंद फार्मा सहित कई दुकानों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

- बरही के धनवार व दुलमाहा के नईटांड़ में घटी घटना को सभी ने एक स्वर के किया निंदा
- टीम गठित कर पुलिस लगातार कर रहीं है छापेमारी, दोषी जल्द होंगे गिरफ्तार : डीएसपी





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** थाना परिसर में सांप्रदायिक सौहार्द को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ जयपाल महतो व संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने किया। मौके पर बरही डीएसपी अजीत कुमार विमल, सीओ अमित किस्कू, पुलिस अंचल निरीक्षक इमदाद अंसारी मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में सभी पंचायत के जनप्रतिनिधि, गणमान्य एवं प्रबुद्ध लोग शामिल थे। उपस्थित लोगों ने दुलमाहा और नईटांड़ में कर्बला के मीनार का गुंबद क्षति ग्रस्त होने की एक स्वर में निंदा की। वहीं बारी बारी से पंचायत मुखिया और राजनीतिक जनप्रतिनिधि ने आस्था से जुड़ा धार्मिक स्थल को सुरक्षित कैसे रखा जाए पर अपना अपना विचार दिया। इस दौरान डीएसपी अजीत कुमार विमल ने कहा कि धनवार व दुलमाहा के नइटांड में जो घटना घटी है उसकी जितनी निंदा की जाय, वह कम है। बरही में कुछ बाहरी असामाजिक तत्व माहौल को बिगाड़ना चाह रहें है, उसे हमलोग चिन्हित करने का काम कर रहे है। लगातार टीम गठित कर छापेमारी की जा रहीं है, जल्द दोषियों को पकड़ लिया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि बरही प्रशासन की टीम दोनों जगह गई, दोनो जगह हिन्दू व मुस्लिम धर्मावलंबियों के बुद्धिजीवियों ने काफी सहयोग किया, जिसे देखकर हमें काफी खुशी हुई। वहीं कहा कि गांव में वैसे जगह जहां एकांत में कर्बला है, वैसे जगह पर चौकीदार को रात्रि में पहरा देने के लिए रखा गया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने कहा कि जल्द विभिन्न पंचायतों शांति समिति टीम गठित किया जाएगा। वही कहां के रात्रि में पुलिस गश्ती की टीम विभिन्न जगहों पर निरीक्षण करती रहेगी। वहीं बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि चुनाव का समय है, दोनों समुदाय के लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। सीओ अमित कुमार किस्कू ने कहा कि बरही प्रशासन अपने स्तर से दोषियों को पकड़ने के लिए पूरी कोशिश कर रही है, सिर्फ अपलोग इसी तरह अपना संयम बनाए रखे। मौके पर भाजपा नेता अर्जुन साव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजाम उद्दीन अंसारी, पूर्व जिल प्रतिनिधि मो क्यूम अंसारी, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विहिप जिला महामंत्री गुरुदेव गुप्ता, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, शमशेर आलम, नारायण यादव, सिकंदर राणा, मनोज कुमार, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, मो ताजुद्दीन, समाजसेवी मो. तौकीर रजा, मो.बेलाल, टिंकू आलम सहित भारी संख्या में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित हुए।

# वाहन चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में पकड़ाया तांबा, चालक को भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़-बगोदर मार्ग पर आदर्श आचार संहिता के एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए विष्णुगढ़ के अलपिटो में चेकपोस्ट लगाया गया है,चेकपोस्ट पर 24म7 निगरानी की जा रही है। 23 अक्टूबर 2024 को अंचलाधिकारी विष्णुगढ़ के द्वारा एसएसटी टीम के पदाधिकारी एवं बल के साथ ग्राम अलपीटो चेक नाका में वाहनों का एंटी क्राइम चेकिंग कर रहे थे,इसी क्रम में विष्णुगढ़ की ओर से एक चार पहिया वाहन टाटा एसीई जे एच 02 ए यु 8574 काफी तेजी से विष्णुगढ़ से बगोदर की ओर जा रही थी।जिसे उपस्थित जवानों के द्वारा रोकने का प्रयास किया गया परंतु वाहन चालक काफी तेजी से वाहन को भगाने लगा तथा भागने के क्रम में वाहन बैरिकेडिंग से टकराकर पलट गई ।वाहन तथा उसके डाला का निरीक्षण करने पर पाया गया कि उसमें तांबा का धातु कुल 30 बोरा लोड है ,जिसका वजन करीब 12 क्विंटल होगी। इसके संबंध में वाहन चालक से कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तदोपरांत उक्त वाहन तथा उस पर लोड तांबा का धातु को जप्त करते हुए चालक सुजीत कुमार कसेरा पिता मिश्रीलाल कसेरा ग्राम कसेरा मोहल्ला थाना विष्णुगढ़ को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संदर्भ में विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 195/24 दिनांक 23.10.24 धारा 303(2), 317 क्ष्हस् के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। चालक सुजीत कुमार कसेरा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने सदर विधानसभा सीट से भरा नामांकन, समर्थकों का उमड़ा सैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने हज़ारीबाग विधानसभा सीट से आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर मुन्ना सिंह के समर्थन में हजारों कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए, जिन्होंने बाइक, कार और टेंपो के काफिले में इस ऐतिहासिक यात्रा में भाग लिया। नामांकन यात्रा मुन्ना सिंह के चानो स्थित आवास से प्रारंभ होकर लाखे, मटवारी, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक , झंडा चौक होते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंची। पूरे शहर में मुन्ना सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया गया, रास्ते भर उनके समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका अभिवादन किया। कांग्रेस कार्यालय में पहुंचने के बाद मुन्ना सिंह का भव्य स्वागत हुआ, जहां कांग्रेस पार्टी तथा इंडिया महागठबंधन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नेता गण मौजूद रहे। इसके पश्चात मुन्ना सिंह इंडिया महागठबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों और सदस्यों के साथ समाहरणालय परिषद पहुंचे और विधिवत रूप से अपना नामांकन पत्र सदर अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया। इस दौरान दौरान मुन्ना सिंह ने कहा, यह चुनाव सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे हज़ारीबाग की जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों का है। मैं अपने क्षेत्र के विकास, युवाओं के भविष्य और जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध हूं। जनता का जो अपार समर्थन और आशीर्वाद मुझे मिला है, वह मेरे लिए एक प्रेरणा है और मैं इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। मुन्ना सिंह की इस नामांकन यात्रा में झामुमो केन्द्रीय महासचिव फागु बेसरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जय शंकर पाठक, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, ओबीसी प्रदेश महासचिव रेणु देवी, महागठबंधन के कोडरमा राजद प्रत्याशी सुभाष यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा, राजद जिलाध्यक्ष चरका यादव, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव, झामुमो नेता सरफराज अहमद, महिला जिला अध्यक्ष बेबी देवी तथा शहरभर के कांग्रेस कार्यकर्ता, पार्टी के वरिष्ठ नेता और इंडिया महागठबंधन के कई प्रमुख नेता भी मौजूद रहे।

# हजारीबाग विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के नामांकन सह आशीर्वाद सभा में उमड़ा जन सैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर की बिरसा मुंडा चौक पुराना बस स्टैंड स्थित हजारीबाग स्टेडियम कंचन ग्राउंड मैदान में गुरुवार को एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद का नामांकन सह आशीर्वाद सभा का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रदेश तथा जिले भर की कई बड़े नेता शामिल हुए, जिसमें मुख्य रूप से पूर्व सांसद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पी.एन सिंह, हजारीबाग भाजपा के पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ यदुनाथ पांडेय,हजारीबाग भाजपा के प्रवासी प्रभारी छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी,राष्ट्रीय भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह,हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल,भाजपा के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित कई लोग मौजूद रहें। इसके अलावा एनडीए आजसू, लोजपा एवं जदयू के कई गणमान्य नेतागण मौजूद रहे। जनसभा में मांडू एवं सदर विधानसभा से सैकड़ो की संख्या में जनमानस मौजूद रहे। लोग ढोल नगाड़े में झूमते और गाते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने किया । भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने नामांकन के पूर्व नरसिंह स्थान मंदिर में पूजा अर्चना कर दिन की शुरुआत की इसके बाद उन्होंने अपने निवास स्थान से माताजी का आशीर्वाद लेकर ढोल नगाड़ों की धुन में सैकड़ो की संख्या में लोगों के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इसके बाद उन्होंने करीब 11ः45 बजे हजारीबाग समाहरणालय पहुंचे जहां पर उन्होंने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। पर्चा दाखिल करने के बाद पूरे दलबल के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंच वहाँ उपस्थित लोगो को संबोधित किया। जिसके बाद शहर में शोभायात्रा निकाली गई । कर्जन ग्राउंड सभा स्थल मे सांसद मनीष जायसवाल ने संबोधन में कहा कि प्रदीप प्रसाद की सराहना करते हुए कहा, प्रदीप प्रसाद एक ऐसे नेता हैं, जो जमीन से जुड़े हुए हैं और हर वर्ग के लोगों के बीच अपनी पकड़ मजबूत बना चुके हैं। उनका नेतृत्व हजारीबाग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

# युवा नेता हर्ष अजमेरा आज निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में करेंगे नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय युवा नेता हर्ष अजमेरा शुक्रवार 25 अक्टूबर को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। यह महत्वपूर्ण क्षण क्षेत्र की राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ेगा, जिसे लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। हर्ष अजमेरा के समर्थकों द्वारा इस मौके पर एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह शोभायात्रा सुबह 09.30 बजे कंचन ग्राउंड से प्रारंभ होगी। यात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों, ताशों और बैंड-बाजों की धुन पर जोश और उत्साह का माहौल रहेगा। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जिसमें प्रमुख चौक-चौराहे भी शामिल होंगे। शोभायात्रा का प्रारंभ कंचन ग्राउंड से होगा, जो बुढ़वा महादेव, आनंद चौक, छठ तालाब, मैन रोड, झंडा चौक, बंगाली दुर्गा स्थान कुआं चौक, महावीर स्थान, महेश सोनी चौक, गोला रोड, बजरंगी चौक, ग्वालटोली चौक, पंच मंदिर चौक, झंडा चौक, भगत सिंह चौक, बंशीलाल चौक होते हुए कचहरी चौक एवं डिस्टिक मोड पहुंचकर समाप्त होगी। इस भव्य शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं के शामिल होने की उम्मीद है। समर्थक हर्ष अजमेरा के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

# कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने किया नामांकन दाखिल, समर्थकों के साथ किया रोड शो



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गुरुवार को रामगढ़ में गाजे बाजे के व भारी संख्या में समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया है। नामांकन के पश्चात रामगढ़ में खुली जीप में अपने पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू, माता पूर्व विधायक निर्मला देवी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव बेदीया के साथ रोड शो निकाला गया जिसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस दौरान भारी वाहनों की उपस्थिति के कारण घंटे भर सड़क जाम रहा। भारी संख्या उपस्थित समर्थकों के प्यार से लबरेज अंबा प्रसाद ने कहा कि निश्चित ही जीत हासिल कर विधानसभा चुनाव कांग्रेस की झोली में जाएगा। कांग्रेस पार्टी लगातार चार बार चुनाव जीतकर रिकार्ड स्थापित करेगी। पुनः एक बार फिर झारखंड में महागठबंधन की सरकार बनेगी। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की विकास के लिए मैंने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। क्षेत्र के विकास के लिए दिन-रात लगी रही निश्चित ही जनता का आशीर्वाद मुझे मिलेगा।

# विभावि पीजी की टीम बनी इंटर कॉलेज वॉलीबॉल टूर्नामेंट की विजेता



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** विनोबाभावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के तत्वावधान में गुरुवार को ब्वायज केटेगरी में इंटर कालेज वालीबाल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें विनोबा भावे विश्वविद्यालय पीजी हजारीबाग और गिरिडीह की टीम भिड़ी। टास जीतकर विभावि पीजी की टीम ने सर्विस लिया। विभावि पीजी की टीम गिरिडीह कालेज गिरिडीह को 3-2 सेट से हराकर टूर्नामेंट की विजेता बनी। बतौर मुख्य अतिथि उज्वल भारत ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सह रोज बड प्लस टू स्कूल के डायरेक्टर अजय कुमार सिंह ने विजेता और उपविजेता दोनों टीमों को ट्राफी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जीत-हार खेल के दो अंग हैं। सबसे बड़ी बात टूर्नामेंट में भाग लेना और अनुशासित और खेल भावना से खेलना है। मैन आफ द टूर्नामेंट विभावि पीजी के सावन सागर और मैन आफ द मैच गिरिडीह कालेज गिरिडीह के सादुक खान को मिला। इससे पहले दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। इसमें विनोबा भावे विश्वविद्यालय पीजी हजारीबाग की टीम ने रामगढ़ कालेज रामगढ़ को 3-0 और गत वर्ष की चैंपियन टीम अन्नदा कालेज को गिरिडीह कालेज गिरिडीह ने 3-1 सेट में पराजित किया। गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में आयोजित दो दिवसीय विभावि इंटर कॉलेज वॉलीबॉल टूर्नामेंट शुरू में विभिन्न जगहों की सात टीमों ने भाग लिया।

इससे पहले टूर्नामेंट का शुभारंभ मेजबान गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय के विशाल मैदान में हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट वॉलीबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यदेव सिंह, सचिव अनवर हुसैन, कैशियर रमेश सिंह बूटन, संयुक्त सचिव अजहा खान, अल्ताफ हुसैन, निशांत यदुवेन्द्र के अलावा विभिन्न टीमों के मैनेजर और कोच, गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या सह सहायक प्राध्यापिका डॉ पुष्पा कुमारी समेत सभी सहायक प्राध्यापकों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कराया। मौके पर आईक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर डॉ बसुंधरा कुमारी, आयोजन समिति के सचिव एस.एस. मैती, सहायक प्राध्यापिका डॉ पुष्पा सिंह, कुमारी अंजलि डॉ मीरा कुमारी, स्नेहलता खलखो, सहायक प्राध्यापक डॉ गुलशन कुमार, संदीप खलखो, दिलीप सिंह,संदीप कुमार सिन्हा, डॉ अनुरंजन कुमार, शिक्षकेत्तरकर्मियों में अंजन कुमार, नंदकिशोर कुमार, पम्मी कुमारी, राजकुमार, ज्योति हेमा एक्का और सभी प्रशिक्षु मौजूद थे।

# कैंसर नियंत्रण के लिए आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल में एक सप्ताह चला जागरूकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ चेडरा स्थित आदर्श डीएवी पब्लिक भारत सरकार के राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण के दिशा निर्देशन में एक सप्ताह का स्कूल में कार्यक्रम अभियान चलाया गया। जागरूकता आयोजन अभियान कैंसर वेलफेयर सोसाइटी, लखनऊ, राष्ट्रीय स्तर की पंजीकृत स्वयंसेवी संस्था (एनजीओ) ने किया इस जागरुकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों में कैंसर जैसी भयानक बीमारी के प्रति जागरुकता फैलाना है,जो कि दुनिया की दुसरी सबसे बड़ी बीमारी के रूप में उभर कर सामने आई है। साथ ही विद्यालय का मकसद कैंसर से पीड़ित गरीब और असहाय लोगों की मदद करना है,ताकि इस बीमारी के लक्षण को पहचान कर सही समय पर इलाज किया जाए जिससे इस बीमारी से पूर्णतया छुटकारा मिल सकता है। इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ सहकर्मी तथा विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सहयोग कर धनराशि एकत्रित करके एनजीओ को अपना योगदान दिया, जिससे असहाय लोगों की इलाज किया जा सके। विद्यालय के बच्चों ने उत्साहित होकर इस कार्यक्रम में भाग लिया तथा अपने अभिभावकों, पड़ोसियों, मित्रों तथा निकट संबंधियों की मदद से सहयोग राशि इकट्ठा करके संस्था को दान किया। सहयोग राशि देने वाले विभिन्न कक्षाओं के सभी विधार्थियों को इस सामाजिक कार्य में हिस्सा लेकर अपना योगदान करने के लिए उन्हें प्रमाण पत्र, शिल्ड तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया, साथ ही विद्यार्थियों को इस नेक कार्य के लिए प्रेरित करने तथा सबसे अधिक सहयोग राशि इकट्ठा करने वाली कक्षाओं की वर्ग शिक्षिकाएँ महजबीन आरा उपासना कुमारी,अर्चना कुमारी, सुमन कुमारी,नीलम कुमारी,मोनिका कुमारी, हेमलता कुमारी,अंजली कुमारी, तथा शिक्षक ब्रहम्देव कुमार मंडल को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र दिया गया। इस कार्यक्रम को विशेष रूप से सराहनीय बनाने के लिए विद्यालय की सलाहकार कुमारी रीता तथा मंच कार्यक्रम की संचालिका प्रतिमा अंसारी को संस्था ने विशेष पुरस्कार में मोमेंटो तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कैंसर वेलफेयर सोसाइटी ने आदर्श डी. ए.वी. पब्लिक विद्यालय के प्राचार्य दिग्विजय नारायण तथा प्रबंध निदेशक सागर- कुमार के सराहनीय प्रयास के लिए उन्हें मोमेंटो तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्णिमा कुमारी, खुशबु कुमारी,ज्योति टोप्पो, नाजमीन आरा,रेणु देवी, मिनी देवी, महजबी नाज, स्वाति कुमारी, यशोदा कुमारी, प्रिंस कुमार सिंह, अशोक कुमार,अजित कुमार मिश्रा अंसारी, रोशन रोशन तथा सहकर्मी गुणाधर देवी तथा ताजउद्दीन अंसारी, सैफउल्लाह मुकेश, कुमार, रवि कुमार पांडेय, राजेश शामिल रहे। प्रतिमा देवी रवि कुमार समेत विद्यालय के सभी छात्र छात्रा मौजूद रहे।

# ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर जागरूकता सत्र का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर, एनएमएल पीबी-सीएमपी के चिकित्सा विभाग ने जागृति महिला संघ के सहयोग से ब्रेस्ट कैंसर पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस वर्ष का थीम, कोई भी ब्रेस्ट कैंसर का सामना अकेले न करे, की थीम पर आधारित थी जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में अतिथि वक्ता डॉ. जूही चावला, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, ने प्रारंभिक पहचान और समय पर प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया, जो जीवित रहने की दर को सुधारने में सहायक है। प्रतिभागियों ने स्वयं स्तन परीक्षण के बारे में सीखा, जो एक सरल लेकिन प्रभावी तकनीक है, जिससे असामान्य घटना से बचा जा सके। सत्र में जागृति महिला संघ की अध्यक्षा तज़ीन फ़ेज और अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने भाग लिया, जिन्होंने कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया और ब्रेस्ट कैंसर के खिलाफ एकता का संदेश दोहराया। पीबी-सीएमपी के सीएमओ कबीबर प्रधान ने कहा के ब्रेस्ट कैंसर इंतज़ार नहीं करता, और हमें भी नहीं करना चाहिए। चलिए ब्रेस्ट कैंसर के खिलाफ मिलकर लड़ते हैं। ब्रेस्ट कैंसर एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मुद्दा बना हुआ है, और आज का सत्र प्रतिभागियों को ज्ञान और संसाधनों के साथ सशक्त बनाने के लिए आयोजित किया गया था।

# कांग्रेस नेता संजय कुमार ने सुदेश महतो के समक्ष आजसू का थामा दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** कांग्रेस पार्टी के नेता पूर्व विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार ने अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी का दामन थाम लिया है। गुरुवार को रांची में आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। सुदेश महतो ने पार्टी में शामिल सभी को माला व पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। बताते चलें कि संजय महतो विगत 15 वर्षों से कांग्रेस पार्टी में सक्रिय रूप से पार्टी कार्यरत थे। इनके अलावा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता रामकेश्वर सिंह, द्वारका महतो, बालेश्वर राम, कुलेश्वर महतो ने भी कांग्रेस को त्याग कर आजसू पार्टी का दामन थामा। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के नेता मोहम्मद आवेश, उपेंद्र महतो, गीरेंद्र प्रसाद, मनोज दांगी, लीलाधन साहु, दिनेश कुमार, मुरली महतो, विजय कुमार के अलावा अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव व अमित यादव ने किया नामांकन प्रपत्र दाखिल

- नामांकन रैली में उमड़ा जनसैलाब, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, सांसद संजय जायसवाल, छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी और हज़ारीबाग के सांसद मनीष जयसवाल हुए मुख्य रूप से शामिल
- डबल इंजन की सरकार से ही झारखंड राज्य का होगा समुचित विकास : मंगल पाण्डेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** गुरुवार को बरही अनुमंडल कार्यालय में बरही विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव व बरकट्ठा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी अमित यादव ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पहले भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने अहले सुबह मां भद्रकाली की पूजा कर आशीर्वाद लिया। वहीं से नामांकन के लिए निकले । विभिन्न जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया, व नामांकन करने जा रहे काफिले में जुड़ते चले गए। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद बरही इंटर कॉलेज के खेल मैदान में बरही से भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव व बरकट्ठा से भाजपा प्रत्याशी अमित यादव के समर्थन मे एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा की अध्यक्षता भगवान केशरी व संचालन मण्डल अध्यक्ष विजय यादव ने किया। रैली में बिहार प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, बिहार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व मोतिहारी सांसद संजय जायसवाल, हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शामिल थे। इसके अलावा बरही से भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव, बरकट्ठा से अमित यादव भी जनसभा में उपस्थित रहे। जनसभा के दौरान स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़े जोश और गर्मजोशी से सभी अतिथियों का स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव और अमित यादव को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ही राज्य की समुचित विकास कर सकती है। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने देश के विकास को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास को लेकर भाजपा दृढ़संकल्पित है। वहीं छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि पिछले 10 महीने पहले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, उनके शासन काल में माताओं बहनों को सम्मान नहीं मिला। लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद 70 लाख दीदियों को महतारी योजना लागू कर महिलाओं को सम्मान देने का काम भाजपा की सरकार ने किया। उड़ीसा में भी सुभद्रा योजना के तहत महिलाओं को लाभ दी जा रही है। झारखंड में भी गोगो योजना के तहत लाभ मिलेगा। वहीं सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि मईया योजना के नाम पर झारखंड सरकार ठगने का काम किया। लेकिन भाजपा मोदी जी के गारंटी गोगो योजना लेकर आई है, उसके तहत हर महीने 11 तारीख को 2100 मिलेगा। अपने धर्म, बहन बेटियों व झारखंड को बचाना हैतो एनडीए की सरकार बनाए। वहीं बरही से भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने अपनी पार्टी की उपलब्धियों और विकास योजनाओं का उल्लेख किया और कहा कि भाजपा ही क्षेत्र का समुचित विकास कर सकती है। वहीं उन्होंने कहा कि बरही की जनता ने हमेशा विकास और प्रगति का समर्थन किया है, और इस बार भी उन्हें पूरा विश्वास है कि जनता भाजपा का साथ देगी। श्री यादव ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिलता है तो वे बरही को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करेंगे, जहां बुनियादी सुविधाएं हर व्यक्ति को सुलभ होंगी। वहीं भाजपा प्रत्याशी सह बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अमित यादव ने अपने नामांकन रैली के दौरान जनसभा को सम्बोधित करते हुए राज्य सरकार पर तीखा हमला किया। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार भ्रष्टाचार की आकंठ में डूबी हुई है, जिससे जनता त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां सिर्फ अपनी जेब भरने के लिए बनाई जा रही हैं, जबकि आम जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रही है। राज्य के विकास के लिए राज्य में एनडीए की सरकार जरूरी है। मौके पर विस प्रभारी विनय सिंह, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सुरेंद्र रजक, राजेंद्र चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## अवैध खनन कर बालु के भण्डारण को पुलिस ने किया जब्त

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधान सभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु उपायुक्त, रामगढ़ एवं पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा अवैध बालू खनन एवं परिवहन के रोकथाम हेतु सभी अंचल अधिकारी/सभी थाना/ओ0पी0 प्रभारी को सख्त निर्देश दिया गया है। दिनांक-23.10.2024 को पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को गुप्त सूचना मिली की गोला थानान्तर्गत ग्राम-कोराम्बे बुध बाजार के पास अवैध बालू माफियाओं के द्वारा अवैध खनन कर बालु का भण्डारण किया जा रहा है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं छापमारी हेतु अंचल अधिकारी, गोला एवं थाना प्रभारी, गोला के नेतृत्व में संयुक्त छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से गोला थानान्तर्गत ग्राम कोराम्बे बुध बाजार के आस पास छापामारी अभियान चलाया गया।छापामारी के क्रम में लगभग 100 ट्रैक्टर (लगभग 10000 cft) बालु भण्डारित तथा एक 100 cft अवैध बालु लदा ट्रैक्टर जप्त किया गया। इस संबंध में गोला थाना काण्ड सं0-112/2024, दिनांक-23.10.2024, धारा-317(5)/3(5) बी0एन0एस0, 4/21 MMDR Act-1957, 54 JMMCA-2004, 9/13 Jharkhand Minerals (Prevention of illegal Mining Transportation & storage) Rule-2017 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।



## मांडू चट्टी पंचायत में एनडीए प्रत्याशी तिवारी महतो का फूलमाला पहनाकर किया गया स्वागत

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडु चट्टी पंचायत में एनडीए प्रत्याशी निर्मला महतो उर्फ़ तिवारी महतो को आजसू भाजपा जदयू लोचपा कार्यकर्ताओं द्वारा मांडू चट्टी में फूलमाला से स्वागतम किया गया। नामांकन करने के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित आजसू पार्टी के सक्रिय सदस्य बालेवर उर्फ छोटे लाल भुइया, मो. नईम निरंजन महतो जुगेसवार महतो सितन भुइया उप मुखिया कुंदन कुमार बलराम गुप्ता पंकज कुमार मोहम्मद रिजवान जगत करमाली शिवम मिश्रा राजेंद्र गुप्ता विकास मोदी और दाढ़ी प्रखंड आजसू के सक्रिय कार्यकर्ता दिवाकर महतो अनिल प्रजापति रवि कुमार संजय कुमार मिथुन भुइया उमेश महतो सुदर्शन भुइया सुरेश राम विजय राम सुरेश केसरी आदि मौजूद थे।



## रामगढ़ विधानसभा से एक एवं बड़कागांव विधानसभा से छः लोगों ने किया नामांकन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर गुरुवार को बड़कागांव नामांकन फॉर्म बिक्री संख्या 04 हुई। अब तक कुल नामांकन फॉर्म बिक्री की कुल संख्या 26 हो चुकी है। बड़कागांव से गुरुवार को नामांकन 06 हुई। अब तक नामांकन करने वाले कुल प्रत्याशी की संख्या 11 हो चुकी है। नामांकन फॉर्म खरीदने वाले प्रत्याशी का नाम महेश प्रसाद साव पिता कन्हैया साव , सुनील कुमार बेदिया पिता सुंदर नाथ बेदिया ,जगतार सिंह पिता हाकिय सिंह , अमन कुमार पिता सुबोध कुमार एवं नामांकन करने वाले प्रत्याशी का नाम रोशन लाल चौधरी पिता स्वश रिजुनाथ चौधरी , प्रभु उरांव पिता गांदौरी उरांव , झमन प्रसाद पिता स्व महतो , गोविंद बेदिया पिता बरसा बेदिया , अंबा प्रसाद, पिता योगेंद्र प्रसाद , विकास कुमार, पिता स्वश चंद्रमा महतो है। साथ ही रामगढ़ विधानसभा में नामांकन फॉर्म बिक्री संख्या 03 हुई। अब तक नामांकन फॉर्म बिक्री की कुल संख्या 17 हो चुकी है। रामगढ से नामांकन 01 व्यक्ति ने किया।नामांकन फॉर्म खरीदने वाले प्रत्याशी का नाम धर्मेंद्र प्रसाद पिता तारा साव , मधु देवी पिता राम गोविंद प्रसाद , ममता देवी, पति बजरंग महतो।नामांकन करने वाले प्रत्याशी का नाम नितेश कुमार सिन्हा, पिता सदानंद प्रसाद है।



## सभी थाना/ओपी में अवैध शराब के विरूद्ध किया गया सघन अभियान संचालित

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधान सभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु अजय कुमार (भा0पु0से0), पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के आदेश पर रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी थाना/ओ0पी0 में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। संचालित सघन अभियान के दौरान पतरातू / बासल / रजरप्पा थाना, कुज्जू/ भदानीनगर एवं वे0बो0 ओ0पी0 क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों में निर्मित अवैध जावा महुआ करीब 2610 कि0ग्रा0 जो संग्रहरण के दौरान विनष्ट हो गया, जिसका अनुमानित मूल्य करीब 1,82,700/- रूपया एवं बरामद 1159 लीटर अवैध देशी शराब, जिसका अनुमानित मूल्य करीब 81,144/- रूपया है। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्टियों को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में काण्ड एवं सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा नशे के अवैध करोबारियों के विरूद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।



## एनडीए मांडू प्रत्याशी तिवारी महतो रजरप्पा मंदिर पहुंचे, पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर कई प्रत्याशियों ने अब तक रजरप्पा मंदिर पहुंचे और मां छिन्नमस्तके मंदिर में जाकर पूजा अर्चना किया रक्षा सूत्र बांधवाए और जीत के लिए आशीर्वाद लिया इस मौके पर गुरुवार को मांडू विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी तिवारी महतो उर्फ निर्मल महतो व धर्मपत्नी व पुत्र एवं दर्ज़नो आजसू कार्यकर्ताओं के साथ छिन्नमस्तीका मंदिर पहुंचकर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना किया इस मौके पर मंदिर के पुजारी गुड्डु पांडा के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कराई एवं माथा टेक रक्षा सूत्र बंधवाए तथा मां भगवती से लिया आशीर्वाद, पूजा अर्चना के पश्चात सीसीएल स्थित रजरप्पा आवासीय कॉलोनी में विधायक आवास पहुंचकर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से मुलाकात किया और पैर छूकर आशीर्वाद भी लिए।



**मांडू विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित होंगी : तिवारी महतो**

इस दौरान उन्होंने कहा की मतदाताओं का झुकाव हमारी तरफ बहुत अधिक है, जनता का प्यार मिल रहा है और विकास करने के नाम पर एनडीए प्रत्याशी तिवारी को प्रचंड मत देकर जिताने का काम करेगी विधानसभा की जनता, और इंडिया महागठबंधन की झारखण्ड सरकार को उखाड़ फेकने का काम करेगी।

## विधायक अंबा प्रसाद ने कांग्रेस पार्टी से नामांकन पर्चा रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय में किया दाखिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर रामगढ़ जिले के बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने गुरुवार इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के रूप में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से अपनी नामांकन पर्चा रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय में दाखिल कर दिया है। विधायक अंबा प्रसाद ने रामगढ़ जिले के निर्वाची पदाधिकारी सह जिला के अन्य पदाधिकारियों के सामने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। मौके पर पुर्व मंत्री योगेंद्र साव, पुर्व विधायक निर्मला देवी, झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया मौजूद थे। नामांकन से पुर्व विधायक अंबा प्रसाद ने बड़ी काफिला सैंकड़ों वाहन और अपने समर्थकों के साथ ढोल नगाड़े साथ अनुमंडल कार्यालय में नामांकन करने पहुंची थी। जिससे कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल बना हुआ था। इस मौके पर अंबा प्रसाद ने कहा कि मैं 5 वर्षो तक जनता के बीच रही उनके अधिकार के लिए लड़ती रही। बड़का गांव में विस्थापन के मुद्दे पर गोलियां चली मैं उनके बीच रही विस्थापितों को उनका अधिकार दिला दिलाई अंबा प्रसाद ने कहा कि अभी जो बीजेपी के प्रत्याशी हैं । उनके भाई मंत्री रहे ,भाभी भी विधायक है ।रिश्तेदार भी विधायक और मंत्री रहे हैं। लेकिन जब बड़का गांव के लोगों पर गोली चली तो वे खुद कहां थे उनके हक में उन्होंने आवाज क्यों नहीं उठाई। यह लोग बड़का गांव में कब्जा करना चाहते हैं जो सफल नहीं होगा ।



**नामांकन में उमड़ी कार्यकर्ताओं का जन सैलाब**

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कांग्रेस पार्टी से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से अपनी नामांकन पर्चा दाखिल किया। जिसमें बड़कागांव से कांग्रेस, जेएमएम और आरजेडी के हजारों कार्यकर्ता का जन सैलाब उमड़ पड़ा। कार्यकर्ताओं ने अंबा प्रसाद जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद की नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने जम कर आतिशबाजी की। वही नामांकन करने के पश्चात घुटुवा में सभा का आयोजन किया जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग द्वारा चलाया गया छापेमारी अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के उपरांत के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त,रामगढ़ चंदन कुमार के निदेशानुसार गुरुवार को सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी के आदेशानुसार उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षक बल के सहयोग से रामगढ़ थाना अंतर्गत गौशाला विकास नगर,जारा बस्ती, बुढा खुखरा आदि जगहों में सघन व व्यापक छापामारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान में कुल 3.75 लीटर अवैध विदेशी शराब, 25 लीटर महुआ शराब एवं 590 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया । इस दौरान छापेमारी अभियान में बुढा खुखरा से घनश्याम चौधरी एवं अजय कुमार मुंडा के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ङ) के तहत गिरफ्तार किया गया है। जबकि ज़ारा बस्ती के लालजी महतो एवं पिंटू मुंडा के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया।छापेमारी अभियान में मुख्य रूप से उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार, अवर निरीक्षक अमित मड़की, सिपाही नरेश महतो, कमलेश कुमार, प्रेम सिंह, विनय सिंह एवं अधीनस्थ सशस्त्र गृहरक्षक के जवान उपस्थित थे।

## कुंटू बाबू के आवास पर पहुंचे सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सहित प्रदेश और जिले के भाजपा नेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** कुंटू बाबू के द्वारा विधानसभा चुनाव के निमित्त नामांकन पत्र खरीदे जाने के बाद हलचल तेज हुई थी जिसके बाद गठबंधन के आजसू नेता सह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी,छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी , छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक डॉ.सुभाऊ कश्कप,प्रदेश मंत्री सरोज सिंह,रामगढ़ प्रभारी अनिल टाइगर सहित जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता बुधवार संध्या कुंटू बाबू के रामगढ़ स्थित आवास पर एक साथ पहुंचे और सम्मिलित रूप से सभी ने उनसे चुनाव न लडने का आग्रह किया।कुंटू बाबू ने अपनी बात रखते हुए कहा की चुनाव में गठबंधन धर्म का पालन करते हुए सभी कार्यकर्ता पूर्ण रूप से सहयोग करते हैं पर चुनाव जीतने के बाद उन्हें उचित सम्मान नही मिलता जो गलत है।कुंटू बाबू के इस कथन से चंद्रप्रकाश चौधरी सहित वहां उपस्थित सभी पदाधिकारी सहमत हुए एवं इसी बैठक में दोनों दलों का एक समन्वय समिति बनाने पर सहमति बनी जो चुनाव के बाद भी दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर गठबंधन में मजबूती लाने का काम करेगा। इसके बाद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं कुंटू बाबू ने एक दूसरे को अंगवस्त्र ओढ़कर सम्मानित किया एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाई साथ हीं गठबंधन धर्म को निभाते हुए एक साथ मिलकर चुनाव लडने पर अपनी सहमति दर्शाई। इस अहम बैठक में मुख्य रूप से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी,मंत्री छत्तीसगढ़ सरकार ओपी चौधरी, डॉक सुभाऊ कश्यप,प्रभारी अनिल टाइगर,प्रवीण मेहता,राजू चतुर्वेदी,कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव एवं सत्यजीत चौधरी उपस्थित रहे।



## विकास की राजनीति करती है आजसू : चंद्रप्रकाश

*उत्तरी पंचायत के विभिन्न मुहल्लों में चलाया गया जनसंपर्क अभियान, लोगो ने सांसद का किया जोरदार स्वागत*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी गुरुवार को चुनावी दौरे के क्रम में चितरपुर उत्तरी पंचायत पहुंचे। यहां सर्वप्रथम उन्होंने काली चौक में लोगो के साथ बैठककर चाय की चुस्की के साथ लोगों से मुलाकात किया। मुलाकात के क्रम में वहां उपस्थित लोगों ने अपने अपने मुहल्लों की समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सोनार मुहल्ला, लहेरी मुहल्ला, यादव मुहल्ला, मायल बाजार एवं किसान मुहल्ला पहुंचकर लोगो से मुलाकात कर उनके समस्याओं को सुना। मौके पर सांसद ने कहा कि आजसू पार्टी आप सभी लोगो के साथ हैं। आपलोग आजसू पार्टी के अंग हैं। आपलोग की समस्याओं का समाधान करना ही आजसू की पहली प्राथमिकता हैं। उन्होंने आगामी 20 नवंबर को होने वाले मतदान में आजसू पार्टी को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। कहा कि पुनः आजसू और भाजपा के संयुक्त प्रत्याशी सुनीता चौधरी को अपना आशीर्वाद दे और भारी मतों से विजय बनाएं। रामगढ़ का विकास केवल आजसू ही कर सकता हैं। मौके पर लालबिहारी महतो, अमृतलाल मुंडा,जगदीश महतो, रविंद्र वर्मा, सुनील यादव, डब्लू प्रसाद, चंदन प्रसाद, रीना वर्मा, मुकेश यादव, अनुराग भारद्वाज, रमेश वर्मा, प्रकाश सोनार, मुनिलाल साव, राजेन्द्र सोनार, करण वर्मा, विशाल वर्मा, तापस चंद्र पोद्दार, साहू डब्लू,जयंत पोद्दार, सुमित पटवा, बिनोद वर्मा, संजय सोनार, कमल रविदास, मनकिशोर भगत, प्रमेश पटवा आदि मौजूद थे।



## गठबंधन प्रत्याशी अंबा प्रसाद के नामांकन में उरीमारी से हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बड़कागांव विधानसभा से कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी सह गठबंधन उम्मीदवार अंबा प्रसाद के नामांकन दाखिल करने जाने के क्रम में उरीमारी के स्थानीय आरसीएमयू(इंटक) के क्षेत्रीय सचिव सह हजारीबाग कांग्रेस उपाध्यक्ष राजू यादव एवं झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया के नेतृत्व में उरीमारी पंचायत,पोटंगा पंचायत,गरसूला पंचायत ,अंगो पंचायत के सैकड़ों महिला/पुरुष समर्थको के साथ माला पहनाकर नामांकन हेतु रामगढ़ प्रस्थान किया गया।सैकड़ों गाडियों के रैली में शामिल होकर नामांकन को सफल बनाया गया एवम बरकाकाना घुटवा में विशाल जन सभा में सामिल हुए। वहीं इस मौके पर राजू यादव ने कहा कि पूरे विधानसभा में आज नामांकन के दिन जिस तरह से अम्बा प्रसाद को घर से निकलने से लेकर नामांकन के लिए समाहरणालय जाते तक सभी धर्मो सभी वर्गो का अपार जन समर्थन मिल रहा है इससे यह प्रतित हो रहा है की भारी बहुमत से जीत सुनिश्चित है। वहीं झामुमो केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति सदस्य संजीव बेदिया ने कहा कि गठबंधन उम्मीदवार अंबा प्रसाद के नामांकन व जीत सुनिश्चित करने के लिए गठबंधन के सभी दल जी जान से मेहनत कर रहे हैं। आज के इस नामांकन कार्यक्रम में पुरे बड़कागांव विधानसभा से गठबंधन दल का एक-एक सिपाही शामिल हैं। वहीं इस मौके पर महादेव बेसरा,चरका करमाली, सीताराम किस्कू,गीता देवी,कानू मरांडी,सुरेश दांगी,गणेश राम, रमेश भोक्ता,रामजीत गंझू, जतरू बेसरा, चंदू जयसवाल, बाल्मिकी यादव, लालदेव सोरेन, सिगु हेंब्रम, सीतामूनी देवी,शांति देवी, तेतरी देवी, फुलमनी देवी,रवि पवरिया, संजय कुमार यादव,दीपक विश्वकर्मा, दीपक कुमार यादव,के सी डे, सतीश कुमार, राधे श्याम रजक, पप्पू यादव, बिरजू मांझी, पवन कुमार, अशोक कुमार, मन्नाराम मांझी, मन्नू टुडू, दशाराम हेंब्रम, लखन बेसरा, विकी पावरिया, रतन पवरिया आदि हजारो लोग उपस्थित थे।

## रामगढ़ विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी 26 को करेगी नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी शनिवार को अपना नामांकन दाखिल करेगी। जिसकी तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। नामांकन कार्यक्रम में एनडीए गठबंधन के कई दिग्गज शामिल होंगे। यह जानकारी गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने दी। उन्होने कहा कि नामांकन कार्यक्रम में आजसू सुप्रीमों सुदेश महतो, भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल सहित एनडीए गठबंधन के कई दिग्गत नेता मौजूद रहेंगे। रामगढ़ स्थित पटेल छात्रावास से पैदल यात्रा कर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता अनुमंडल कार्यालय पहुंचेंगे।

**तीसरी बार नामांकन दाखिल करेगी सुनीता चौधरी**

रामगढ़ विधानसभा से सुनीता चौधरी तीसरी बार नामांकन करने जा रही हैं। सबसे पहले 2019 में उन्होंने चुनाव लड़ा था। दूसरी बार 2023 में रामगढ़ विधानसभा का उप चुनाव का लड़ी थी। अब तीसरी बार वे नामांकन करने जा रही है।

## महिला किसानों को मिला आलू की उन्नत खेती का प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** एचडीएफसी परिवर्तन समर्थित जीटी भारत द्वारा गोला और दुलमी प्रखंड क्षेत्र में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से क्लस्टर इंचार्ज अदिति, कृषि विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर सोनू कुमार, बीओडी सुरभि देवी शामिल हुई। इस दौरान विभिन्न गाँवों से बड़ी संख्या में महिला किसानों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। जहाँ मास्टर ट्रेनर और बीओडी ने किसानों को आलू की उन्नत खेती की विस्तार पूर्वक कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। क्लस्टर इंचार्ज ने कहा कि महिला किसानों को आलू की खेती में नयी तकनीक, सही बीज का चयन और बीजोपचार की विधियों से अवगत कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर ने कहा कि महिलाओं को प्रशिक्षण मिलने से अब वे अपने खेतों में इन विधियों का उपयोग कर अधिक गुणवत्ता वाली और बेहतर उत्पादन क्षमता वाली फसल उगा पायेंगे. महिलाएं आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होंगी। मौके पर प्रफुल्ल कुमार महतो, हेमंती देवी, सरिता देवी, किरण देवी, संगीता देवी, मुनेश्वरी देवी, मेनका देवी, सुनील कुमार, संज्योति देवी, मनिका देवी, नीतू देवी, प्रमिला देवी, अनिता देवी सहित कई मौजूद थे।

## क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव मे मूर्ति कला निर्माण में अंकित द्वितीय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा के भैया अंकित करमाली क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव में आयोजित मूर्ति कला निर्माण में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय में वंदना सभा के दौरान प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा अंकित करमाली को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक महोत्सव में प्रश्नमंच, मूर्तिकला, आचार्य पत्रवाचन, लोक नृत्य, त्वरित भाषण व कथा कथन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है।यह महोत्सव तीन स्तर में होती हैं प्रांतीय, क्षेत्रीय एवं अखिल भारतीय।यह क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव विद्या भारती बिहार के द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर,सीतामढ़ी मे 22 एवं 23 अक्टूबर को आयोजित हुआ था।इस प्रतियोगिता में आचार्या रानी कुमारी के नेतृत्व मे भैया बहन सम्मिलित हुए थे।मौके पर प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि हमारे देश में संस्कृति को बचाए रखने के लिए सरस्वती विद्या मंदिर विशेष रूप से कार्य कर रही हैं। विद्या भारती द्वारा भैया बहनों में कला को जागृत करने के लिए ऐसे संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

## छठ घाट की सफाई छावनी परिषद के द्वारा बेहतर रूप से कराई जाए : नीरज मंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जॉन रामगढ़ के अध्यक्ष नीरज मंडल ओर कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौधरी ने छावनी परिषद के सीईओ अनंत आकाश को धन्यवाद देते हुए कहा कि छठ महापर्व को देखते हुए से दिवाली से पहले छठ घाट की सफाई छावनी परिषद के सीईओ अनंत आकाश के निर्देश पर सफाई कर्मचारियों के द्वारा की जा रही है ये प्रशसनिय कार्य है । छठ घाट की बेहतर रूप से सफाई हो ताकि छठ वर्तियों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े क्योंकि यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं । इस मौके पर संघ के अध्यक्ष नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी, सचिव संजय कुशवाहा, कोषध्यक्ष राजा सोनकर, मुकेश कुमार, नंदू महतो महतो, नवरंजन राम मौजूद थे ।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक, विधानसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गुरुवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक मगनपुर पंचायत अन्तर्गत फुलझरिया गाँव में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के गोला प्रखंड अध्यक्ष सुनील राज चक्रवर्ती एवं संचालन सचिव रामचंद्र प्रसाद ने किया। बैठक में रामगढ़ विधानसभा में होने वाले विधानसभा चुनाव पर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया। बैठक में -झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष, कार्तिक महथा, जिला सचिव, दीपक सिंह, केंद्रीय उपाध्यक्ष जटाधारी साहू, केंद्रीय संरक्षक- गौरंग राय, रत्तीराम विश्वकर्मा, शैलेश सिंह, बिरबल नायक , वाहीद अंसारी, रामसेवक महतो, कमरूल होदा, महेंद्र कुमार महतो, भीम मांझी, पहाड़ सिंह महतो, लक्ष्मण चंद्र? मांझी, आशो देवी, सत्य बाला देवी, चुनकी देवी, सुनीता देवी सहित सैंकड़ो झारखंड आंदोलनकारी मौजूद थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## कैनवास पेंटिंग कम्पटीशन का किया गया आयोजन



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को IICC एवं INIFD संस्थान में कैनवास पेंटिंग कम्पटीशन का आयोजन किया गया जिसका थीम Bedroom one wall, one furniture with accessory, w storied e&terior था इस में इंस्टिट्यूट के इंटीरियर डिजाइनिंग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. विद्यार्थियों ने एक से बढ़ कर एक पेंटिंग बनायीं और अपने हुनर का प्रदर्शन किया. सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वालों को प्राइज दिया गया जिसमे 1ST प्राइज- मुस्कान कुमारी, 2ND प्राइज दरक्शा नाज, एवं 3त्रष्ठ प्राइज शशि प्रिया को दिया गया. शिक्षकगण में मणि राठी, आफरीन इरशाद, हरेंद्र कुमार, आमिर आरफीन आदि उपस्थित थे. हमारे इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर DR. MD. MAHBOOB ALAM ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और भविष्य के लिए शुभकामना भी दी।

## शेख सैफुद्दीन व गोपीन सोरेन ने सीपीआई से भरा नामांकन



**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाकुड़ विधानसभा सीट से कामरेड शेख सैफुद्दीन और महेशपुर विधानसभा सीट से कामरेड गोपीन सोरेन ने गुरुवार को सीपीआई (एम) प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। बता दें कि कामरेड शेख सैफुद्दीन और कामरेड गोपीन सोरेन लंबे समय से पार्टी से जुड़े हैं। महेशपुर से बतौर प्रत्याशी घोषित कामरेड गोपीन सोरेन और पाकुड़ से कामरेड शेख सैफुद्दीन को सीपीआई (एम) से गत 1 अक्टूबर को प्रत्याशी घोषित किया गया था। पाकुड़ विधानसभा सीट से सीपीआई (एम) प्रत्याशी कामरेड शेख सैफुद्दीन का राजनीतिक सफर काफी पुराना है और करीब 54 साल से पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि साल 1971 से पार्टी से जुड़े हुए हैं। इंटर की पढ़ाई राज प्लस टू हाई स्कूल से पूरी करने के बाद राजनीति में आना हुआ। इस दौरान कई अहम जिम्मेदारियां मिली। पार्टी ने मनीरामपुर ग्राम शाखा सचिव का जिम्मा सौंपा। इसके बाद 12 साल से लोकल कमेटी के सचिव के पद पर काबिज है। जिला कमेटी के मेंबर और जिला कमेटी सिक्रेटिएट मेंबर भी है। इसके अलावा अखिल भारतीय जिला किसान सभा के कन्वीनर (एआईकेएस) के पद पर भी काबिज हैं। सदर प्रखंड के मनीरामपुर गांव के रहने वाले कामरेड शेख सैफुद्दीन ग्रामीण चिकित्सक के रूप में लंबे समय से सेवा दे रहे हैं। इसके अलावा गांव में ही साल 2002 से संचालित एस रहमानिया अकैडमी के संस्थापक हैं। पिछले पंचायत चुनाव में जीत हासिल कर पंचायत समिति सदस्य बने। कामरेड शेख सैफुद्दीन ने कहा कि सीपीआई (एम) पार्टी हमेशा से किसान और श्रमिक हित में काम करती रही है। किसान और मजदूरों की समस्याओं को मजबूती के साथ उठाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में किसान और श्रमिकों की बदहाल स्थिति पार्टी का मुख्य मुद्दा रहेगा। इसके साथ-साथ बेरोजगारी और पलायन के मुद्दों को लेकर भी जनता के बीच जाएंगे। वहीं गोपीन सोरेन भी सीपीआई (एम) का बहुत ही पुराना चेहरा है।

## मौसम में बदलाव के साथ ही सर्दी, खांसी व बुखार के मरीजों की बढ़ती जा रही संख्या

**अमड़ापाडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बदलते मौसम के साथ ही लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचने वाले आधा से ज्यादा मरीजों में सर्दी-खांसी व बुखार के मरीज होते हैं। हालांकि पहले से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में मरीजों की संख्या में कुछ बढ़ोत्तरी हुई है।मौसम में बदलाव होने से इन दिनों सर्दी खांसी व बुखार के मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही इस मौसम में खुजली व लुजमोसन के मरीजों को भी परेशानी बढ़ गई है। डॉक्टर भी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने की सलाह दे रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर दानिश ने बताया कि मौसम बदलने के कारण सुबह-शाम थोड़ी-थोड़ी ठंड लग रही है और यह शुरुआती ठंड है।इससें लोगों को बचने की जरूरत है। इस मौसम में खासकर छोटे बच्चे पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। डॉक्टर ने कहा यहां आने वाले हर 40-50 मरीजों में से कम से कम 30 मरीज़ सर्दी खांसी एवं बुखार से पीड़ित पहुंच रहे हैं।मौसम में बदलाव को लेकर डॉक्टर ने बच्चों को ठंड से बचने की सलाह दे रहे हैं। डॉक्टर ने बताया कि छोटे-छोटे बच्चे को पूरा कपड़ा पहनाए।सुबह छोटे बच्चें को बाहर निकालने न दें। बच्चों को साफ सफाई पर खास ध्यान दें। ऐसे मौसम में बच्चे ज्यादा बीमार हो रहा है। सेहतमंद रहने के लिए खान-पान पर विशेष ध्यान दें, गरम खाना का सेवन करें, पानी को उबालकर पिए, गरम कपड़ा का प्रयोग करें, बच्चे को धूल मिट्टी में ना खेलने दें। अस्पताल में मिलने वाली सभी आवश्यक दवाई उपलब्ध है।मरीजों को अस्पताल में निःशुल्क दवा दी जा रही है।

# कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ने का विरोधी कर रहे प्रयास, मगर टूटना नहीं हैं : तनवीर आलम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम गुरुवार को कार्यालय पहुंचे। उनके कार्यालय पहुंचने से पूर्व ही कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यकर्ताओं के द्वारा जिंदाबाद के नारों के साथ माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला। बता दें कि पाकुड़ विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी की घोषणा में विलंब को लेकर कुछ दिनों से अफवाहों का बाजार गरम है। इसी बीच कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर तनवीर आलम ने उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया। कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विरोधी आपके मनोबल को तोड़ने का प्रयास कर रही है। लेकिन कार्यकर्ताओं को डरने की जरूरत नहीं है। तनवीर आलम ने कहा कि कुछ लोग टिकट को लेकर अफवाह फैला रहे हैं। यह सिर्फ और सिर्फ आपको तोड़ने, आपको नीचा दिखाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द आधिकारिक घोषणा हो जाएगी। जिस दिन टिकट और प्रत्याशी की घोषणा हो गई, उसके बाद आप विरोधियों को बताइए। मैं जानता हूं कि आपको क्षेत्र में बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कांग्रेस के विरोधियों के हरकतों का सामना करना पड़ता है। आप निडर होकर क्षेत्र में जाइए और कांग्रेस की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाएं। तनवीर आलम ने कहा कि टिकट की घोषणा में देरी के पीछे कई कारण है?। प्रदेश नेतृत्व को पाकुड़ से आप लोगों के बीच से मैसेज गया है कि आपका नेता आलमगीर आलम को टिकट मिले। प्रदेश के नेता इस पर विचार मंथन करते हुए मुझे दिल्ली जाने की सलाह दी। मुझे कहा गया कि हमारे नेता राहुल गांधी और खरगे जी से मिलना है। मैं दिल्ली गया और खरगे जी से मुलाकात की। उन्होंने मुझे भरोसा दिलाया और कहा कि आलमगीर आलम के परिवार से ही टिकट मिलेगा। आप क्षेत्र में जाइए और जनता के बीच जाकर अपना काम करिए। मैं आप कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि आप जनता के बीच जाकर कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाने का काम करें। तनवीर आलम ने कहा कि जनता को हमारे कार्यों, गठबंधन सरकार की उपलब्धियां और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि हम कहीं भी किसी भी समय पहुंचे, आप वहां हर घड़ी जनता के साथ तैयार रहें। कार्यकर्ताओं ने जितना हमारा साथ दिया, मैं कार्यकर्ताओं की हर बातों को ध्यान में रखूंगा। आपसे मुझे जो भी उम्मीद है, मैं उस पर खड़ा उतरने का काम करूंगा। तनवीर आलम ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी एक विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी संगठन में काम करने वाले लोगों की ही अहमियत है। जो लोग टिकट की बात करते हैं, वह पार्टी के सदस्य भी नहीं है। कांग्रेस उसी को टिकट देगी, जो कांग्रेस परिवार के सदस्य हैं।



## अलर्ट मोड में प्रशासन, जांच अभियान जारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**अमड़ापाड़ा :** विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर है। चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। प्रशासन शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने को लेकर एहतियाती कदम उठा रही हैं।वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से गुरुवार को थाना क्षेत्र के साहेबगंज-गोबिंदपुर मुख्य सड़क पर फतेहपुर मोड़ के समीप श्रम विभाग पाकुड़ के दंडाधिकारी धीरेंद्र कुमार एवं थाना के एसआई नर्वदेश्वर सिंह के द्वारा वाहन जांच किया गया। दंडाधिकारी धीरेंद्र कुमार ने बताया कि वाहन जांच का आदेश उच्च अधिकारी के निर्देश पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वाहन जांच अभियान के दौरान दो पहिया वाहन व चार पहिया वाहन की जांच की गई। जिसमें सीट बेल्ट एवं गाड़ी से संबंधित जरूरी कागजात के अलावा डिक्की भी जांच की गई। उन्होंने बताया कि वाहन जांच का मुख्य उद्देश्य अपराधी व असमाजिक तत्वों पर लगाम लगाना है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने मंडलकारा का किया औचक निरीक्षण

*मंडलकारा में सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी का लिया जायजा एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक एवं दिया उचित दिशा निर्देश*

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर बुधवार देर रात को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के नेतृत्व में पाकुड़ मंडलकारा में औचक निरीक्षण किया गया।इस दौरान जेल के विभिन्न कैदी वार्ड में जांच अभियान चलाया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मंडलकारा में सर्च ऑपरेशन चलाया गया है। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। मंडलकारा के सभी वार्डों की गहन जांच पड़ताल किया गया। इसमें किसी तरह के आपत्तिजनक सामान की बरामदगी नहीं हुई है। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है।वहीं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि यह रूटीन जांच है। जेल के अंदर रहकर भी कुछ लोगों द्वारा गलत तरीके से चुनाव को प्रभावित करने की संभावना पर सर्च अभियान चलाया गया। आने वाले समय में मंडलकारा में इस तरह की रूटीन जांच जारी रहेगी। बारीकी से सभी वार्ड एवं बंदियों की तलाशी की गयी। मौके पर तीनों विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी,जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह,विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन आदि थे ।




## एसडीपीआई से हंजिला शेख होंगे प्रत्याशी, विकास के मुद्दों पर लड़ेंगे चुनाव : डॉ महबूब शरीफ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) से जिला परिषद सदस्य हंजिला शेख पाकुड़ विधानसभा सीट से प्रत्याशी होंगे। पार्टी के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य डॉ महबूब शरीफ ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। डॉ शरीफ शहर के एक होटल में प्रेस वार्ता में प्रत्याशी की घोषणा करते हुए मीडिया के साथ अपनी बातें रखी। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी महाराष्ट्र और झारखंड दोनों राज्य से चुनाव लड़ने जा रही है। झारखंड में पाकुड़ विधानसभा सीट से प्रत्याशी को लेकर मंथन चल रहा था। इस बीच हमने कई लोगों से बातें की। पार्टी संगठन और आम जनता के बीच जाकर भी बातों को सुना। जिसमें सभी ने हंजिला शेख का नाम लिया और उनके कार्यों की प्रशंसा की। जिसके बाद हंजिला शेख को एसडीपीआई का प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया गया। डॉ महबूब शरीफ ने कहा कि हंजिला शेख पंचायत चुनाव में जिला परिषद सदस्य के पद पर चुनाव लड़े और उन्होंने कामयाबी भी हासिल की। इस पद पर रहते हुए उन्होंने आम जनता के लिए काम किया। अपने स्तर से भी लोगों के सुख-दुख में खड़े रहे और उनके जरूरतों पर काम करके दिखाया।उन्होंने कहा कि हम जनता के बीच शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी जरूरत और बुनियादी मुद्दों को लेकर जाएंगे। यहां शिक्षा व्यवस्था की हालत बेहद ही खराब है। पूरे जिले में बच्चों के लिए एक यूनिवर्सिटी भी नहीं है। यहां स्वास्थ्य की जो हालात है, वह भी अच्छी नहीं है। पाकुड़ में तो एक इंडस्ट्रीज भी नहीं है। उन्होंने कहा कि एसडीपीआई के प्रत्याशी हंजिला शेख कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर चुनाव जीतने का काम करेंगे। मौके पर झारखंड प्रभारी अब्दुल सलाम, जिला अध्यक्ष अमीर हमजा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अवेदुर रहमान, विधानसभा अध्यक्ष मोसा शेख, अधिवक्ता हक साहब, अब्दुल शेख, जिला महासचिव अब्दुल हन्नान आदि मौजूद थे।




## निष्पक्ष व शांतिपूर्ण विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर डीसी,एसपी ने अंतरर्राज्यीय एवं अंतरजिला चेकपोस्ट का किया औचक निरीक्षण

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में विधानसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर बुधवार देर रात को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा अन्तरर्राज्यीय चेकपोस्ट ईस्लामपुर,पत्थरघटा एवं अंतरजिला कासीला चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में पाकुड़ व बंगाल को जोड़ने वाली सीमा का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किये गये इंतजामों का जायजा लिया गया। साथ ही अन्तरार्राजीय सीमाओं पर सघन जांच कराने के अलावा विशेष सतर्कता बरतने का निदेश दिया गया। वहीं जांच कार्य में पारदर्शिता बरतते हुए आपतिजनक सामानों की जब्ती सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। साथ ही सीमावर्ती ईलाकों में आपसी समन्वय के साथ विशेष छापेमारी चलाने का निर्देश दिया गया।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पाकुड़ डीएन आजाद,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार,मुफस्सिल थाना प्रभारी संजीव कुमार झा समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।


सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,राँची

विधानसभा (आम) निर्वाचन 2024

(प्रशिक्षण कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

विधानसभा (आम) निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सभी पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding Officers)/ सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling Officers)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling Officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling Officers) के द्वितीय चरण (2nd Phase) का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत निर्धारित है:–

**प्रशिक्षण स्थल :–राजकीय +2 उच्च विद्यालय, काँके राँची**

**प्रशिक्षण कार्यक्रम**

| Training Date | Shift | Time | Duty | Pin Number |
|---|---|---|---|---|
| 26 October 2024 (Saturday) | 1st | 10.00 AM to 12.00 Noon | Presiding Officer 1st Polling Officer | 340100006 to 340102576 |
| | 2nd | 12.30 PM to 02.30 PM | Presiding Officer 1st Polling Officer | 340102578 to 340105205 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | Presiding Officer 1st Polling Officer | 340105206 to 340108259 |
| 27 October 2024 (Sunday) | 1st | 10.00 AM to 12.00 Noon | Presiding Officer 1st Polling Officer | 340108276 to 340112123 |
| | 2nd | 12.30 PM to 02.30 PM | Presiding Officer 1st Polling Officer | 340112125 to 340116293 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | Presiding Officer 1st Polling Officer | 340116294 to 340120213 |
| 28 October 2024 (Monday) | 1st | 10.00 AM to 12.00 Noon | Presiding Officer 1st Polling Officer | 340120216 to 340122457 |
| | 2nd | 12.30 PM to 02.30 PM | Presiding Officer 1st Polling Officer | 340122458 to 340122592 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 2nd Polling Officer 3rd Polling Officer | 340100065 to 340103554 |
| 29 October 2024 (Tuesday) | 1st | 10.00 AM to 12.00 Noon | 2nd Polling Officer 3rd Polling Officer | 340103567 to 340106394 |
| | 2nd | 12.30 PM to 02.30 PM | 2nd Polling Officer 3rd Polling Officer | 340106398 to 340109544 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 2nd Polling Officer 3rd Polling Officer | 340109551 to 340112641 |
| 30 October 2024 (Wednesday) | 1st | 10.00 AM to 12.00 Noon | 2nd Polling Officer 3rd Polling Officer | 340112646 to 340115094 |
| | 2nd | 12.30 PM to 02.30 PM | 2nd Polling Officer 3rd Polling Officer | 340115096 to 340116575 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 2nd Polling Officer 3rd Polling Officer | 340116577 to 340118599 |
| 01 November 2024 (Friday) | 1st | 10.00 AM to 12.00 Noon | 2nd Polling Officer 3rd Polling Officer | 340118600 to 340122542 |

नोटः–

1. राजकीय +2 उच्च विद्यालय, काँके राँची (सी0आई0पी0 काँके के समीप) के मुख्य द्वार से प्रवेश करेंगे। विद्यालय के परिसर में ही पार्किंग की व्यवस्था है। कमरावार सिटिंग प्लान प्रशिक्षण स्थल पर अंकित रहेगा। निर्धारित सिटिंग प्लान के अनुसार सभी पीठासीन पदाधिकारी (Presiding Officer)/सभी प्रथम मतदान पदाधिकारी (1st Polling Officer)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारी (2nd Polling Officer)/सभी तृतीय मतदान पदाधिकारी (3rd Polling Officer) निर्धारित तिथि एवं पाली में ससमय अपना स्थान ग्रहण करना सुनिश्चित करेंगे।
2. प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग नहीं लेने वाले पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding Officers)/प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling Officers)/द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling Officers) एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling Officers) के विरूद्ध जन–प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत् आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

**मत डालना आपका अधिकार है, मतदाता बनें**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त,राँची

PR 339477 Ranchi(24-25).D


## डी.पी.एस पाकुड़ में प्रशासन के सहयोग से आपका मत, आपकी ताकत कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** जिला के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार की अगुवाई में डी पी एस पाकुड़ के प्रांगण में स्वीप कार्यक्रम (सु०?यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम) के अंतर्गत ÷आपका मत आपकी ताकत ÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पाकुड़ में 20 नवंबर को होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पाकुड़ के उपायुक्त ने मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कई तरह के स्विप कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसी कार्यक्रम के तहत उपायुक्त द्वारा स्वयं स्कूलों में भ्रमण करना भी है जिसके अंतर्गत वह बच्चों और बच्चों के द्वारा उनके अभिभावक गण तथा शिक्षक गण को मतदान के महत्व के बारे में समझाकर उन्हें एक जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं।उपायुक्त द्वारा चलाए गए मतदाता जागरूकता अभियान ÷आपका मत आपकी ताकत÷ को और सशक्त और सफल बनाने के लिए डीपीएस पाकुड़ के बच्चों ने एक बहुत ही मनमोहक और मतदाताओं को प्रेरित करने वाला नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷ जीवन में सिर्फ समस्याओं के बारे में चर्चा करके या उनको सोचकर दुखी होने से कुछ नहीं होगा, हमारा प्रयास होना चाहिए समस्याओं के समाधान को ढूंढने में। हमारे आसपास और देश की समस्याओं का निदान हमारे द्वारा चुने गए सही नेता से होगा,और यह तभी संभव होगा जब हर एक नागरिक अपने मतदान का प्रयोग सही प्रत्याशी चुनने के लिए करेगा। उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में 20 नवंबर को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए बच्चों और शिक्षकों के माध्यम से मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए मतदाताओं से अपील की। उन्होंने बच्चों से उनके सर्वांगीण विकास के लिए पठन-पाठन,खेल और अन्य विषयों पर भी चर्चा की. और प्रशासन द्वारा यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया. पाकुड़ उपायुक्त महोदय श्री मनीष कुमार ने मतदाताओं में सु०?यवस्थित मतदान शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए बच्चों तथा शिक्षकों को शपथ भी दिलाई।डीपीएस पाकुड़ के प्रधानाचार्य श्री जी के शर्मा ने बच्चों, शिक्षकों तथा पाकुड़ के लोगों से अपील करते हुए कहा कि 20 नवंबर को होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में आपका मतदान हमारे लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।




**पूर्व मध्य रेल**

**ई-ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है:–

1. **ई–नीलामीसूची:** पार्किंग **ई–नीलामीसूची सं.:** पार्किंग–40–24 **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 30.10.2024 12:00 बजे से **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नामः** डालटनगंज स्टेशन पर 03 वर्षो के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड।
पतरातू स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड।
2. **ई–नीलामीसूची:** पे एंड यूज शौचालय। **ई–नीलामीसूची सं.:** पीएनयू –45–24, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 30.10.2024 12.30 बजे से **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नामः** रेणुकूट स्टेशन के पीआरएस कार्यालय के सामने द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय में 'पे एंड यूज' शौचालय का संचालन एवं रखरखाव, तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई–नीलामी में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें।

रेल प्रशासन के पास किसी/ समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद।

पीआर/01370/डीएचएन/सीओएमएल/एन/24-25/44

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### दीपावली की रात आठ से दस बजे तक ही छोड़ सकेंगे पटाखे



**रांची (प्रभाम मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने दीवाली के मौके पर चलाए जाने वाले पटाखों और उसके लिए समय का निर्धारण कर दिया है। पर्षद के सदस्य सचिव राजीव लोचन बख्शी ने गुरुवार को इस संबंध में सूचना जारी करते कहा कि राज्य के सभी 24 जिलों के शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता स्तर 'अच्छी या संतोषप्रद' श्रेणी में आता है। यहां ऐसे ही पटाखे बेचे जा सकेंगे जिनकी ध्वनि सीमा 125डीबी (ए) से कम हो। साथ ही दिवाली के दिन पटाखे मात्र दो घंटे शाम आठ बजे से रात 10 बजे तक ही चलाए जा सकेंगे। जो भी व्यक्ति इन निर्देशों का उल्लंघन करते पाये जाएंगे, उन पर आईपीसी की धारा 188 एवं वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1981 कई धारा 37 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के तहत विधिसम्मत कार्रवाई संबंधित जिले के डीसी करेंगे।राज्य में दिवाली के अलावा छठ, क्रिसमस, नव वर्ष आदि त्योहारों के समय पटाखे मात्र दो घंटे ही चलाए जा सकेंगे। दिवाली, गुरु पर्व पर रात 8-10 तक तथा छठ में सुबह 6-8 बजे तक, क्रिसमस और नव वर्ष के दिन मध्य रात्रि 11ः55 से रात्रि 12ः30 बजे तक पटाखे चलाए जा सकेंगे।

### लेप्रोस्कोपिक सर्जन के वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए रांची के डॉ अजीत कुमार

**रांची (प्रभाम मंत्र संवाददाता):** रांची के सदर अस्पताल के लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजीत कुमार ने कोलकाता में गुरुवार कोआयोजित लेप्रोस्कोपिक सर्जन के वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस (डब्लूसीईएस ,2024) में केस रिपोर्ट प्रेजेंट किया। विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर न्यू टाउन कोलकाता में 24 से 26 अक्टूबर तक इस वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। इसमें देश-विदेश के सैकड़ों सर्जन शामिल हो रहे हैं। डॉक्टर अजीत के केस रिपोर्ट में 12 वर्षीय एक लड़के के पेट में बाइक का हैंडल घुस गया था, जिससे उसका पेट फट गया था और लीवर में छेद हो गया था। इससे उसने जो भी खाना खाया था (चावल-दाल) वह सारा का सारा उसके पेट के अंदर फैल गया था। चूंकि लड़के की उम्र कम थी और उसके पास पूरी जिंदगी बची हुई थी, इसलिए डॉक्टर अजीत की टीम ने सभी जांच कराने के बाद यह प्लान किया। फिर लेप्रोस्कोपी विधि से छोटे छेद के द्वारा ऑपरेशन किया, जिससे उसका पूरा पेट खोलने से बच गए। यह एक जटिल सर्जरी थी,जिसमें आमतौर पर पूरे पेट को खोलकर ऑपरेशन किया जाता है। चुनिंदा अस्पतालों में ही लेप्रोस्कोपिक विधि से ये ऑपरेशन होता है। यह ऑपरेशन सक्सेसफुल रहा और बिना बड़े चीरे के ही वह लड़का स्वस्थ होकर घर गया। अगर उसका पेट खोलना पड़ता, तो भविष्य में उसको हॉर्निया और आंत फंसने का खतरा बना रहता। इस ऑपरेशन में क्रिटिकल केयर के डॉक्टर कौशल और पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नामांकन में गूंजा : दस साल भूलेंगे नहीं और पांच साल छोड़ेंगे नहीं का नारा

# त्रिपाठी के नामांकन में उमड़ा पलामू

### जाति-धर्म से उठकर श्री त्रिपाठी को विजई बनाने का लिया गया संकल्प

प्रभाम मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** वृहस्पतिवार को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने डाल्टनगंज चैनपुर - भण्डरिया विधानसभा क्षेत्र से निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन किया। नामांकन कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री त्रिपाठी अपने आवास काशीनगर, रेड़मा से पैदल चलकर आयोजन स्थल आईटीआई मैदान में पहुंच कर उपस्थित जनसैलाब से आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात ठाकुरबाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना कर रेड़मा, ओवरब्रिज होते हुए निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। दस साल भूलेंगे नहीं और पांच साल छोड़ेंगे नहीं का नारा श्री त्रिपाठी के साथियों ने लगाकर हौसला बुलंद किया। निर्वाचन कार्यालय से नामांकन करने के उपरांत वे सभास्थल पर पहुंचे। यहां बीस सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी, सुनील तिवारी,दिलिप चन्द्रवंशी, मुन्ना खान, जीशान खान, शंभू चौरसियाने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। कहा कि आगामी 13 नवम्बर को जाति- धर्म से उठकर एकजुट होकर श्री त्रिपाठी को विजय बनाने का संकल्प लिया। मंच का संचालन बिनोद तिवारी ने किया और सभा समाप्ति का धोषणा अरविन्द पासवान और विजय चौबे ने किया। श्री त्रिपाठी ने उपस्थित जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि जब मैं उपस्थित जनसमूह से मिल रहा था तो एक महिला ने चैनपुर के बोकया ग्राम स्थित जनेश्वर चौधरी के बेटा की निर्मम हत्या का विस्तृत प्रकरण बताई तो मेरा कलेजा कांप गया। श्री त्रिपाठी ने उसी वक्त उस महिला को कहा कि मैं इस नामांकन सभा में वचन देता हूं कि मैं न्याय दिला कर रहूंगा और सामंतवाद को समाप्त करके रहूंगा।





**इनकी रही उपस्थितिः** इस नामांकन सभा में मुख्य रूप से बिमला कुमारी, सुनील सिंह, फुजैल अहमद, विवेकानन्द त्रिपाठी, विवेका त्रिपाठी, भोला पांडेय, दिलीप चन्द्रवंशी, महताब खां, परवेज़ खां, विजय चौबे, जलील अंसारी, रंजन दुबे, शंकर तिवारी, बृजांकशोर तिवारी, राजा पाठक, अनिल सिंह, राधिका रमण सिंह, महावीर साव, अमृता देवी, पिंकी सोरेन, संजय सिंह आदि सैकड़ों लोग मंचासीन थे।

### मैंने जो पांच प्रतिज्ञा लिया हूं, उसे पुरा करके ही रहूंगा

श्री त्रिपाठी ने अपने नामांकन सभा में यह भी कहा कि हमने शिवाजी मैदान में जो पांच प्रतिज्ञा लिया हूं, उसे पुरा करके ही रहूंगा। उन्होंने खासमखास, बेरोजगारी,कृषी,महिला स्वावलंबन, सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल आदि विषयों पर बात कही। उन्होंने कहा कि नवयुवकों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि आपको रोजगार उपलब्ध कराउंगा।श्री त्रिपाठी ने कहा कि कोयला, औरंगा व अन्य दर्जनों नदियों नालों जैसे मलय आदि को बांधकर पेयजल की समस्या के किल्लत से निजात दिलाउंगा। ताकि खेतों में हरियाली और घरों में खुशहाली ला सकूं।श्री त्रिपाठी ने यह भी कहा कि एक मल्टी सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल नो रेफर हास्पिटल का निर्माण कराउंगा ताकि रेफर टू रांची की समस्या को दूर कर सकूं।

### युगल किशोर ने साथ देने का दिया वचन

इस नामांकन सभा में रामनवमी कमेटी के अध्यक्ष युगल किशोर और विजय चन्द्रवंशी ने त्रिपाठी के साथ दामन थामकर एकजुट होकर विजयी बनाने का संकल्प लिया।इस नामांकन सभा में सैकड़ों लोगों ने श्री त्रिपाठी के साथ देने के लिए उनका दामन थामा।

# पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने किया नामांकन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पांकी :** पलामू जिले के पांकी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने गुरुवार की दोपहर अपना नामांकन दाखिल किया है, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने अपना नामांकन खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया है, नामांकन के पश्चात नीलांबर पितांबरपुर स्थित महावीर मोड़ पर आयोजित जनसभा को भी उन्होंने संबोधित किया। आपको बता दें कि नामांकन को लेकर पूरे विधानसभा क्षेत्र से करीब 30000 की संख्या में पहुंचे उनके समर्थक सभा स्थल पहुंचे थे इस दौरान मुख्य सड़क पर घंटों जाम लग रहा, पूर्व विधायक के सभा स्थल पहुंचते ही उनके समर्थकों ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि नामांकन कार्यक्रम को लेकर उमड़ा जन सैलाब क्षेत्र की जनता से उनका जुड़ाव प्रदर्शित करने के साथ यह भी प्रदर्शित करती है कि क्षेत्रवासी उन्हें कितना प्यार दुलार देते हैं, उन्होंने कहा कि पूर्व में मेरे पिता विदेश सिंह और मैं क्षेत्र में विकास को लेकर सदैव तत्पर रहे हैं, विधायक ना रहने के बावजूद उन्होंने विधानसभा की जनता की सुख-दुख में हिस्सा लेने का कार्य किया है, और जनता के बीच रहे हैं क्षेत्र की जनता उनके पिता के कार्यों और उनके कार्यों को भली भांति जानती है, पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि जनता उन्हें फिर से चुनती है तो क्षेत्र में विकास को लेकर दिन-रात कार्य करूंगा और जनता के लिए सदैव समर्पित रहूंगा।

### पुष्पा व मनोज से मिले कुंदन एवं कृष्णा उपाध्याय, दिया जीत का आशीर्वाद

# मोदीमय है छतरपुर विस क्षेत्रः मनोज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी के नामांकन में जाने से पूर्व उनके आवास पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता कृष्ण उपाध्याय और कुंदन उपाध्याय ने मुलाकात की। इन दोनों ने पुष्पा देवी और मनोज कुमार का गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए गुलदस्ता भेंट किया। इस मौके पर कृष्ण उपाध्याय ने कहा कि छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र में पुष्पा देवी ने विकास कार्य करके एक मिसाल पेश किया है। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र में इन्होंने सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की रोशनी पहुंचाई है। कृष्ण उपाध्याय ने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार की योजनामों का लाभ हर लोगों को मिल रहा है। केंद्र की मोदी सरकार ने हर गरीबों को पक्का घर मुहैया कराया है। साथ ही अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने पुष्पा देवी को जीत का आशीर्वाद दिया। कुंदन उपाध्याय ने कहा कि छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक सह भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी ने विकास का जो कार्य किया है, वह अपने आप में मिसाल है। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में पुष्पा देवी अपार मतों से जीत हासिल करेगी। कुंदन उपाध्याय ने कहा कि छतरपुर पाटन में पुष्पा देवी द्वारा विकास के अनगिनत कार्य किए गए हैं। इसका लाभ इन्हें जरूर मिलेगा। इस अवसर पर उपस्थित पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हर लोगों को लाभ दे रही है। केंद्र की योजनाओं को छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र में धरातल पर उतरने में पुष्पा देवी कोई कसर नहीं छोड़ी है। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि इस बार अगर पुष्पा देवी की जीत होती है तो सभी अधूरे कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र के लोगों से पुष्पा देवी का सहयोग करने की अपील की।



# मौकापरस्तों व विकास विरोधियों का होगा जमानत जप्त : मंत्री मिथिलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से कई बुद्धिजीवियों सहित 500 से अधिक लोग भाजपा एवं अन्य राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। विभिन्न पंचायतों से आए लोगों ने मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर पहुंच कर विधानसभा चुनाव में उनका समर्थन करते हुए झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सभी को पार्टी में शामिल किया। सभी ने मंत्री को भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लिया। इस दौरान मेराल प्रखंड के गोंदा, हासनदाग, पेसका, गढ़वा प्रखंड के दुबे मरहटिया, रंका प्रखंड के कंचनपुर, चिनियां प्रखंड के डोल, गढ़वा प्रखंड के प्रतापपुर, भैंसमरवा, हंसकेर, नारायणपुर, नवादा आदि गांवों के लोग पहुंचकर मंत्री मिथिलेश ठाकुर को समर्थन व्यक्त करते हुए पार्टी में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भाजपा छोड़ कर गोंदा से देवेंद्र गुप्ता, उमेश यादव, अनिल यादव, सहिजना गढ़वा से परमेश्वर तिवारी, पेसका से अमित कुमार, अनीस अंसारी, तौहीद अंसारी, रवि कुमार, सुमित कुमार, प्रिंस चंद्रवंशी सहित 500 से अधिक लोगों का नाम शामिल है।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनता को झूठा आश्वासन नहीं विकास चाहिए। गढ़वा में विकास विरोधी लोग जनता को बरगला कर सिर्फ झूठा आश्वासन देते हैं और जीत जाने के बाद सिर्फ अपनी पूंजी बनाने में लगे रहते हैं। किसी की ठेकेदारी चलती है तो कोई अपना निजी स्कूल, कॉलेज खोलने में लगा रहा है। जनता किस हाल में है इसकी चिंता किसी को नहीं होती है। चुनाव के समय लोग घड़ियाली आंसु बहाते हुए जनता को भ्रमित करते हैं। पूर्व के जनप्रतिनिधियों के समय में गढ़वा बदहाल बना रहा। जनता भगवान भरोसे पड़ी रही। कहीं भी कोई काम नहीं हुआ। आज उन्होंने काफी कम समय में गढ़वा की तस्वीर बदल दी है। गढ़वा का विकास देखकर विरोधियों की निंद हराम हो गई है।



### एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने जरूरतमंद महिलाओं को बांटे कपड़े

**रांची।** समाज को कुछ देना अत्यंत आवश्यक है, और हम मानते हैं कि यह हमारी जिम्मेदारी है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, एनटीपीसी कोल माइनिंग/एनएमएल मुख्यालय, रांची का स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब, कम भाग्यशाली लोगों को कपड़े उपलब्ध कराने के लिए सृजन हस्तशिल्प के साथ साझेदारी की । सृजन हस्तशिल्प, जो शोभा कुमारी द्वारा संचालित है, एक दिव्यांग व्यक्ति हैं, जो डिबडीह झुग्गी क्षेत्र की महिलाओं को गुड़िया बनाने और बैग बनाने जैसे कौशल सिखाकर उन्हें सशक्त बनाती हैं, जिससे वे अपनी आजीविका कमा सकें। इन महिलाओं की सहायता के लिए पुराने कपड़े प्रदान करने की पहल, एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय की स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन के नेतृत्व में की गई थी। इस महिला क्लब की पहल यह दर्शाती है कि जब हम एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो हम समाज के वंचित वर्गों की मदद कर सकते हैं।

# राजद अध्यक्ष ने कैलाश यादव को झारखंड का चुनाव अभियान समिति का प्रभारी नियुक्त किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांचीः** राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने बताया कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव को झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए राज्य चुनाव अभियान समिति का प्रभारी नियुक्त किया है । साथ ही 18 सदस्य मनोनीत किया गया है। महासचिव ने गुरुवार को बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का निर्देश है कि प्रभारी कैलाश यादव चुनाव अभियान समिति में आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त सदस्य मनोनीत कर सकते हैं।

### ये बनाये गए है सदस्य

सुनीता चौधरी, डॉ मनोज कुमार
मनोज कु पाण्डेय,मो. इरफान अंसारी
रामकुमार यादव, कैंसर जहां
प्रणय कु बबलू , चंद्रशेखर भगत
मो इम्तियाज हुसैन वारसी,
मनोज कु अग्रवाल,अब्दुल गफ्फार अंसारी,संतोष प्रसाद ,धर्मेंद्र महतो
नन्दन यादव,मंतोष यादव,धर्मेंद्र सिंह
शब्बर फातमी , विक्की यादव

# गढ़वा में सत्येंद्र नाथ तिवारी का बढ़ रहा कारवां, 500 लोगों ने थामा बीजेपी का दामन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा।** मंगलवार को भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के कार्यक्रम में आदिवासी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह सहित 500 से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। शाम और देर रात तक चले इस कार्यक्रम में सभी को पूर्व विधायक ने माला और पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।मौके पर पूर्व विधायक तिवारी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर कड़ा हमला करते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में सरकार ने जल और जंगल के संरक्षण के नाम पर जनता को छलने का काम किया है।उन्होंने आरोप लगाया कि गढ़वा में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के संरक्षण में बालू की अवैध तस्करी कर उसे दूसरे राज्यों में बेचा गया, जबकि स्थानीय लोग बालू के लिए परेशान रहे।उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने पूरे झारखंड, विशेषकर आदिवासी समुदाय के साथ धोखा किया है।चुनाव के समय ही सरकार को आदिवासियों की याद आती है, जबकि उनके हितों की अनदेखी की जाती है। तिवारी ने कहा कि गढ़वा के लोगों को डराकर और धमकाकर रखा गया है, और अब वोट खरीदने के लिए पैसा और सामग्री बांटी जा रही है।पूर्व विधायक ने आगे कहा कि गढ़वा में बालू, पत्थर और टेंडर मैनेज के जरिए अर्जित की गई अकूत संपत्ति का हिसाब देना होगा। उन्होंने वादा किया कि भाजपा सरकार बनने के बाद सभी घोटालों की जांच कराई जाएगी और दोषियों को सजा मिलेगी। इस दौरान हूर और दीपुवां सहित अन्य इलाकों के लोगों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### आजसू की दूसरी सूची जारी

**रांचीः** आल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन(आजसू) ने गुरुवार को दूसरी सूची जारी कर दी है। दूसरी सूची में सिर्फ मनोहरपुर (एसटी) सीट पर प्रत्याशी घोषणा कर दी है। दिनेश चंद्र बोयपाई को पार्टी ने मनोहरपुर से प्रत्याशी बनाया है। इससे पहले आजसू ने रविवार को आठ सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की थी। दो सीट डुमरी और मनोहरपुर को होल्ड पर रखा था, जिसमें से मनोहरपुर पर प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। अब सिर्फ डुमरी सीट पर ऐलान करना बाकी है, जिन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की गई है, उनमें सिल्ली, रामगढ़, लोहरदगा, गोमिया, जुगसालाई, मांडू, ईचागढ़ पाकुड़ शामिल है। सिल्ली से सुदेश महतो चुनाव लड़ेंगे। एनडीए के घटल दल आजसू को 10 सीटें मिली हैं। सिल्ली से आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो चुनाव लड़ेंगे। एनडीए के घटल दल आजसू को 10 सीटें मिली हैं। सिल्ली- सुदेश कुमार महतो, रामगढ़- सुनीता चौधरी, लोहरदगा- नीरू भगत, गोमिया- लंबोदर महतो, जुगसलाई- रामचंद्र सहिस, मांडू- निर्मल महतो, ईचागढ़- हरेलाल महतो पाकुड़- अजहर इस्लाम।

# झारखंड में साइकिल दौड़ने की कोशिश में अखिलेश यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड चुनाव से भले ही अखिलेश यादव ने दूरी बनाकर रखी हो, लेकिन उनकी समाजवादी पार्टी यहां साइलेंट स्ट्रैटजी के सहारे खेल करने की तैयारी में है. वोट बढ़ाने और साइकिल को झारखंड में मजबूत करने के लिए सपा 2 रणनीति पर काम कर रही है. सपा ने झारखंड में जहां 46 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है.वहीं पार्टी उन दिग्गजों को साध रही है, जो इंडिया और एनडीए गठबंधन की तरफ से टिकट न मिलने पर निर्दलीय लड़ने को ताल ठोक रहे हैं.2019 के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने एक दर्जन से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवार उतारा था. इनमें जामताड़ा और मधुपुर की मुस्लिम बाहुल्य सीटें प्रमुख थीं. समाजवादी पार्टी को किसी भी सीट पर न तो जीत मिली और न ही जमानत बची. हालांकि, पूरे चुनाव में पार्टी को 16 हजार वोट जरूर मिले.इस चुनाव में शिवपाल यादव की पार्टी ने भी उम्मीदवार उतारा था. शिवपाल की पार्टी को पूरे चुनाव में करीब 5 हजार वोट मिले थे. दोनों का वोट अगर मिला दिया जाए तो यह 20 हजार के पार पहुंच जाता है.सपा की कोशिश इस बार वोट को इजाफा करना है. सपा इसी हिसाब से रणनीति तैयार कर रही है.



झारखंड में विधानसभा की 81 सीटें हैं, जिसमें से 46 सीटों पर अखिलेश यादव की पार्टी इस बार उम्मीदवार उतारेगी. मनिका, विश्रामपुर और गढ़वा जैसी सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पार्टी ने ऐलान भी कर दिए हैं.सपा में सिंबल बांटने और उम्मीदवार फाइनल का जिम्मा झारखंड के प्रभारी व्यासजी गोंड और प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव के पास है. सपा उन सीटों पर ज्यादा फोकस कर रही है, जहां यादव और मुस्लिम मतदाताओं का दबदबा है.सपा ने समझौते के तहत इंडिया गठबंधन से 11 सीटों की मांग की थी, लेकिन झामुमो और कांग्रेस ने मांग को सिरे से खारिज कर दिया.अखिलेश की पार्टी झारखंड में चुनाव लड़ने के लिए जो सबसे बड़ा फॉर्मूला अपना रही है, उसमें दिग्गजों को साधना है. सपा उन दिग्गजों को साध रही है, जो दूसरी बड़ी पार्टी से नाराज चल रहे हैं. गढ़वा सीट पर सपा ने गिरिनाथ सिंह को उतारा है. गिरिनाथ लालू की पार्टी से सिंबल चाहते थे, लेकिन सीट जेएमएम के खाते में चली गई.गिरिनाथ गढ़वा सीट पर विधायक रह चुके हैं. 2014 में उन्हें 53 हजार वोट मिले थे. इसी तरह पलामू लोकसभा सीट से 2024 के चुनाव में आरजेडी उम्मीदवार रही ममता भुइयां ने भी सपा का दामन थाम लिया है. ममता को सपा पलामू प्रमंडल की छतरपुर सीट से उतार सकती है. लोकसभा चुनाव में ममता को 4 लाख 81 हजार वोट मिले थे. इसी तरह विश्रामपुर सीट पर अंजू सिंह को सपा ने उम्मीदवार बनाया है. अंजू 2014 के चुनाव में यहां से दूसरे नंबर पर रह चुकी हैं.